# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025


# छह साल में पहली बार इतनी कम महंगाई, खाने पीने की चीजें सस्ती, लौटी रसोई की रौनक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली घटकर 3.34 प्रतिशत के छह साल के निचले स्तर पर
- मार्च में थोक महंगाई दर घटकर 2.05% हुई
- खाद्य महंगाई दर 4.66% तक कम हुई

आम लोगों के लिए राहत भरी खबर आई है। खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली घटकर 3.34 प्रतिशत के छह साल के निचले स्तर पर पहुंच गई। सरकार की ओर से जारी किए गए आंकड़े के मुताबिक, मार्च में भारत की खुदरा महंगाई सालाना आधार पर 3.34% तक कम हो गई है। फरवरी में महंगाई सात महीने के निचले स्तर 3.61% पर ▶▶|शेष पेज 7 पर



## थोक महंगाई दर में भी आई गिरावट

मार्च महीने के लिए होलसेल महंगाई दर के आंकड़े भी राहत भरे रहे हैं। मार्च में डब्ल्यूपीआई घटकर 2.05% पर आ गई, जो फरवरी में 2.38% थी। इसका मतलब है कि थोक स्तर पर महंगाई में कुछ नरमी देखने को मिली है, जो उद्योगों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए अच्छी खबर है। बता दें कि होलसेल महंगाई 6 महीने के निचले स्तर पर आ गई है।

## खाने-पीने की चीजें हुई सस्ती

*खाद्य महंगाई, जो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक बास्केट का लगभग आधा हिस्सा है, फरवरी में 3.75% की तुलना में मार्च में धीमी होकर 2.69% हो गई है। रसोई के खास चीजों के मामले में सब्जियों की महंगाई फरवरी की तुलना में मार्च में 7.04% कम हुई। अनाज और दालों के लिए महंगाई में 2.73% की कमी आई है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए महंगाई फरवरी में 3.79% से घटकर मार्च में 3.25% हो गई, जबकि शहरी महंगाई एक महीने पहले 3.32% की तुलना में घटकर 2.48% हो गई।*

एक साथ दो खुशखबरी

# इस बार झूम के बरसेंगे मानसूनी बदरा, औसत से ज्यादा होगी बारिश, खेत -खलिहान होंगे आबाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आगामी दक्षिण-पश्चिम मानसून मौसम में भारत में सामान्य से अधिक वर्षा होने की उम्मीद है, जिससे फसलों की अच्छी पैदावार की उम्मीद बढ़ गई है। आईएमडी ने मंगलवार को कहा कि मानसून के दीर्घकालिक पूर्वानुमान के अनुसार, तमिलनाडु और पूर्वोत्तर क्षेत्र के बड़े हिस्से में सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान है। मराठवाड़ा और उससे सटे तेलंगाना के कम वर्षा वाले क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम रविचंद्रन ने कहा, भारत में चार महीने ▶▶|शेष पेज 7 पर



## छत्तीसगढ़ में सामान्य से अधिक वर्षा

मानसून के दौरान मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बड़े हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, तमिलनाडु, बिहार और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान है। ये देश के मुख्य मानसून क्षेत्र हैं जहां कृषि मुख्यतः वर्षा आधारित होती है। देश के कई हिस्से पहले ▶▶|शेष पेज 7 पर

## खेती का 52 फीसदी हिस्सा वर्षा आधारित

*मानसून भारत के कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, जो लगभग 42.3 प्रतिशत आबादी की आजीविका का आधार है और देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 18.2 प्रतिशत का योगदान देता है। कुल खेती योग्य क्षेत्र का 52 फीसदी हिस्सा वर्षा आधारित प्रणाली पर निर्भर है। यह देशभर में बिजली उत्पादन के अलावा पीने के पानी के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिए भी अहम है। इसलिए, मानसून के मौसम में सामान्य वर्षा का पूर्वानुमान देश के लिए एक बड़ी राहत है।*






## कांग्रेस नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बनाया गया आरोपी

# सोनिया-राहुल पर एक्शन, नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

**दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में मामले पर 25 अप्रैल को सुनवाई**

- *सोनिया गांधी- आरोपी नंबर-1*
- *राहुल गांधी- आरोपी नंबर-2*
- *चार्जशीट में सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के भी नाम*

*नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर शिकंजा कसा है। उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। जांच एजेंसी ने दोनों नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया गया है। चार्जशीट में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा, सुमन दुबे समेत कई नेताओं के नाम भी शामिल हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मामले में धनशोधन के आरोप में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने नौ अप्रैल को दाखिल आरोप-पत्र की संज्ञान के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पड़ताल की और सुनवाई की अगली तारीख 25 अप्रैल निर्धारित की। आरोप-पत्र में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम भी आरोपी के तौर पर शामिल हैं। न्यायाधीश ने कहा, मौजूदा अभियोजन शिकायत को संज्ञान के पहलू पर विचार ▶▶|शेष पेज 7 पर

### क्या है आरोप

- यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के जरिए गांधी परिवार ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की करोडों की संपत्ति पर धोखे से कब्जा कर लिया
- सोनिया गांधी और राहुल गांधी, यंग इंडियन में 38-38 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं
- एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड वही कंपनी है, जो नेशनल हेराल्ड अखबार निकालती थी





### ईडी के आरोपपत्र पर 25 को सुनवाई

ईडी की ओर से दाखिल किए गए आरोपपत्र पर राउज एवेन्यू कोर्ट में 25 अप्रैल को सुनवाई होगी। ईडी की ओर से धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 44 और 45 के तहत धनशोधन के अपराध के लिए अभियोजन शिकायत दर्ज की गई है।

### मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई

ईडी का कहना है कि यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की जा रही है। नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन AJL करती है। इस कंपनी का मालिकाना हक यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी दोनों की कंपनी में 38 फीसदी हिस्सेदारी है। इस वजह से वे कंपनी के सबसे बड़े शेयरधारक हैं।

**कांग्रेस बोली**

### पीएम-गृहमंत्री की ओर से बदले की राजनीति

कांग्रेस ने इस कार्रवाई को बदले की राजनीति करार दिया है। कांग्रेस महसचिव जयराम रमेश ने कहा, नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करना कानून के शासन का मुखौटा पहने हुए राज्य प्रायोजित अपराध है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की ओर से बदले की राजनीति और धमकी के अलावा कुछ नहीं है।

### इधर, राबर्ट वाड्रा से ईडी ने की पूछताछ

*प्रवर्तन निदेशालय ने हरियाणा भूमि सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में काराबारी और वायनाड से कांग्रेस प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ की। हालांकि, वाड्रा ने एजेंसी के समन राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान पहले भी ईडी के साथ घंटों बिताए हैं, हजारों पेज साझा किए हैं, लेकिन फिर भी एजेंसी उनके खिलाफ मामले उठा रही है। मैं न ही किसी दबाव में आने वाला हूं और न ही किसी से डरने वाला हूं। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने रॉबर्ट वाड्रा को जमीन सौदा मामले में दूसरी बार तलब किया था। समन के तहत वे मंगलवार सुबह ईडी दफ्तर पहुंचे थे। पहले ईडी ने उन्हें समन कर 8 अप्रैल को पेश होने को कहा था। हालांकि, तब वे पेश नहीं हो पाए थे।*

# डॉ. हिमांशु द्विवेदी बने छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के नए अध्यक्ष



छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ की वार्षिक आमसभा में नई कार्यकारिणी का हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- चार वर्षों के लिए चुनी गई संघ की नई कार्यकारिणी

छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ की वार्षिक आमसभा मंगलवार को होटल ट्रीटन में आयोजित की गई, जिसमें अगले चार वर्षों के लिए संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। इस अवसर पर हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ टेनिस संघ का नया अध्यक्ष चुना गया। चुनाव के दौरान ऑल इंडिया टेनिस संघ की ओर से पर्यवेक्षक अनिल धूपर, चुनाव अधिकारी डॉ. अतुल शुक्ला, छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के पर्यवेक्षक विजय ▶▶|शेष पेज 7 पर

### गुरुचरण सिंह होरा चुने गए महासचिव

छत्तीसगढ़ टेनिस संघ की वार्षिक आमसभा में सर्वसम्मति से गुरुचरण सिंह होरा को महासचिव चुना गया। अपने निर्वाचन के बाद उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ टेनिस के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। हमारा उद्देश्य यही रहेगा कि राज्य के खिलाड़ी न केवल राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएं और प्रदेश का नाम ▶▶|शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा पंजीयन के लिए बैंक में श्रद्धालु



**जम्मू।** आगामी वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण मंगलवार को शुरू हो गया। उत्साही तीर्थयात्री यहां निश्चित बैंक शाखाओं के बाहर कतार में खड़े दिखाई दिए। वार्षिक तीर्थयात्रा का प्रबंधन करने वाले श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों के अग्रिम पंजीकरण के लिए देश भर में कुल 540 बैंक शाखाओं को नामित किया है।

### पूर्व आईएएस प्रशिक्षु पूजा को 21 तक राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी एवं गलत तरीके से ओबीसी और दिव्यांग श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ उठाने की आरोपी आईएएस की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को 21 अप्रैल तक गिरफ्तारी से राहत दे दी। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने खेडकर के वकील की दलीलों पर गौर किया।

### पुंछ में आतंकियों- सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच कुछ देर गोलीबारी हुई। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान शुरू किया था। सुरनकोट के लसाना में पुलिस के साथ संयुक्त अभियान के दौरान सुरक्षा बलों का आतंकवादियों से आमना सामना हुआ।

### दिल्ली हवाई अड्डे का टर्मिनल-2 बंद



**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का टर्मिनल-2 सोमवार को अस्थायी रूप से रखरखाव कार्यों के लिए बंद कर दिया गया है। इसके चलते इंडिगो और अकासा एयर ने अपने विमानों का परिचालन टर्मिनल-1 पर स्थानांतरित कर दिया है। हवाईअड्डे पर उड़ान संचालन सामान्य रूप से चल रहा है। अब टर्मिनल-1 और टर्मिनल-3 (टी3) चालू हैं।

**छत्तीसगढ़ शराब घोटाला**

## पूर्व आईएएस अधिकारी टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में 2,000 करोड़ रुपए के कथित शराब घोटाले में भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी अनिल टुटेजा को मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि इस मामले में 20 आरोपियों और 30 से अधिक ▶▶|शेष पेज 7 पर

### जमानत की ऐसी शर्त

पीठ ने कहा कि टुटेजा को पासपोर्ट जमा कराने और सुनवाई के दौरान अदालत के साथ सहयोग करने सहित सख्त शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाएगा। ▶▶|शेष पेज 7 पर

**मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का आगाज**

# साय सरकार पहुंची जनता के द्वार पक्के मकान का सपना होगा साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- राज्य में 15 से 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को बस्तर जिले के ग्राम घाटपदमपुर से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए प्रदेशव्यापी मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने घाटपदमपुर के कई हितग्राहियों के घर पहुंचकर स्वयं सर्वेक्षण किया। मुख्यमंत्री के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों में भारी उत्साह दिखाई दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र ग्रामीण ▶▶|शेष पेज 7 पर



### पक्के मकान का सपना देख रहे थे

मुख्यमंत्री जब हितग्राही शिलोमणि कश्यप एवं करुणा कश्यप के घर पहुंचे तब परिवारजनों ने उनका परंपरागत रूप से आत्मीय स्वागत किया। शिलोमणि कश्यप ने बताया कि उनके परिवार में कुल पांच सदस्य हैं पति हरिसिंह, बेटा अभिनव जो 9वीं कक्षा में पढ़ता है, बेटी अनुप्रिया (8वीं कक्षा) और छोटा बेटा अभिषेक जो तीसरी कक्षा में है।

### हर नागरिक को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट लक्ष्य है कि देश के हर नागरिक को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार मिले, जिसमें पक्का मकान एक बुनियादी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार इस संकल्प के साथ कार्य कर रही है कि कोई भी पात्र नागरिक सरकार की योजनाओं से वंचित न रहे। इस ▶▶|शेष पेज 7 पर

# सहारा ग्रुप को झटका, 1460 करोड़ की 'एंबी वैली' कुर्क

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईडी ने सहारा समूह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत महाराष्ट्र के लोनावाला में 707 एकड़ भूमि में फैली एंबी वैली सिटी को कुर्क कर लिया है, जिसकी कीमत 1,460 करोड़ रुपए है। ईडी ने एक बयान में कहा कि धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया कि यह भूमि सहारा समूह की संस्थाओं ▶▶|शेष पेज 7 पर

### क्यों कुर्क की गई संपत्ति

*ईडी की जांच में सामने आया है कि इस जमीन को बेनामी नामों पर खरीदा गया था और इसमें जो पैसा लगाया गया, वो साहारा ग्रुप की दूसरी कंपनियों से डायवर्ट यानी गलत तरीके से ट्रांसफर किया गया था। एजेंसी का दावा है कि ये सारी गतिविधियां मनी लॉन्ड्रिंग की श्रेणी में आती हैं।*

## 6 साल से जेल में सजा काट रहे दुष्कर्म के आरोपी को हाईकोर्ट ने बरी किया

# प्रेम में बने शारीरिक संबंध बलात्कार नहीं, पाक्सो भी लागू नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

- 18 जुलाई को लड़की को दुर्ग से किया बरामद

हाईकोर्ट ने नाबालिग से रेप केस में बड़ा फैसला सुनाया है। करीब 6 साल से जेल में सजा काट रहे दुष्कर्म के आरोपी को हाईकोर्ट ने बाइज्जत बरी कर दिया है। मामले में अभियोजन पक्ष यह साबित करने में असफल रहा, कि घटना के वक्त पीड़िता की उम्र 18 वर्ष से कम थी। वहीं सुनवाई के दौरान पीड़िता ने स्वीकार किया कि दोनों के बीच आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बने थे। दोनों पक्षों की दलीलों के सुनने के बाद हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए आरोपी को दोषमुक्त कर दिया है। साथ ही जेल से तत्काल रिहा करने के निर्देश दिए हैं।

मामले में याचिकाकर्ता तरुण सेन पर आरोप था कि 8 जुलाई 2018 को वह एक लड़की को बहला-



फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया और कई दिन तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनायाा। लड़की के पिता ने 12 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने 18 जुलाई को लड़की को दुर्ग से बरामद किया।

विशेष न्यायाधीश रायपुर की अदालत ने 27 सितंबर 2019 को आरोपी को आईपीसी की धारा 376(2)(एन) और पाक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 10-10 साल की सजा और जुर्माने की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोनों सजाएं साथ चलने के आदेश दिए गए थे।

### सिर्फ स्कूल के दस्तावेज ही पर्याप्त नहीं

मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि पीड़िता की उम्र को प्रमाणित करने के लिए अकेले स्कूल के दस्तावेज ही पर्याप्त नहीं है। जब तक उस दस्तावेज को तैयार करने वाले व्यक्ति की गवाही न हो। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस अरविंद वर्मा ने कहा कि जब पीड़िता की उम्र नाबालिग सिद्ध नहीं होती और वह सहमति से आरोपी के साथ गई थी, तो इस मामले में दुष्कर्म या पाक्सो की धाराएं नहीं बनती। यह एक स्पष्ट रूप से प्रेम प्रसंग और सहमति से भागने का मामला है।

### मेडिकल रिपोर्ट में जबरदस्ती के निशान नहीं

*पिछले करीब 6 साल से जेल में बंद आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील की थी। मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पाया कि स्कूल के दाखिल-खारिज रजिस्टर में पीड़िता की जन्मतिथि 10 अप्रैल 2001 दर्ज है, लेकिन उसने गवाही दी थी कि 10 अप्रैल 2000 को उसका जन्म हुआ था। अभियोजन पक्ष कोई ठोस दस्तावेज, जैसे जन्म प्रमाणपत्र या ऑसिफिकेशन टेस्ट पेश करने में नाकाम रहा, जिससे पीड़िता की सही उम्र साबित हो सके। पीड़िता ने कोर्ट में यह स्वीकार किया कि वह आरोपी के साथ अपनी मर्जी से गई थी और उनके बीच प्रेम संबंध थे। मेडिकल रिपोर्ट में किसी भी प्रकार की चोट या जबरदस्ती के निशान नहीं मिले।*






राज्य के कई इलाकों में मंगलवार को दोपहर के बाद अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। दुर्ग जिले में पेड़ गिरने से देर रात बिजली बाधित रही। गरियाबंद जिले के मैनपुर इलाके में तेज हवाओं के साथ ओले गिरे। जांजगीर जिले के पामगढ़ में भी बारिश हुई।

# राज्य में कई जगहों पर बारिश और अंधड़ के बाद ब्लैकआउट

एजेंसी ▶▶| दुर्ग

मंगलवार की दोपहर बाद हवा तूफान और अंदर के चलते दे रात तक शहर में बिजली बाधित रही। शहर के कई वार्डों में बिजली की आंखमिचौली से शहर वासी परेशान रहे। अंधड़ के चलते ना सिर्फ बिजली व्यवस्था चरमराई रही, बल्कि मंगलवार शाम को पर जल सप्लाई भी पूरी तरह से बाधित रही, जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ा। भिलाई में तेज हवा चली, कुछ जगहों पर हल्की बारिश भी हुई। तेज हवा के कारण नेहरूनगर, साक्षरता चौक तीन दर्शन मंदिर के पास, हाउसिंग बोर्ड, टाउनशिप के कुछ क्षेत्रों में पेड़ उखड़ने की खबर है। कुछ जगहों पर पेड़ बिजली तारों पर गिरे हैं, जिनका मेंटेनेंस बिजली कंपनी द्वारा किया जा रहा है।



## गरियाबंद जिले में ओलावृष्टि



### तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर- देवभोग क्षेत्र में मंगलवार को दोपहर एक बजे के बाद मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। तेज हवाएं चलने लगीं। थोड़ी देर बाद कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी क्षेत्र के साथ ही धुरवागुड़ी देवभोग क्षेत्र में ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई। आंधी के कारण कई जगह पेड़, पौधे और डंगाले गिर गई। मैनपुर में भी हल्की हवा के साथ बूंदाबांदी हुई। इसके बाद बिजली व्यवस्था ने जमकर रुलाया।

### आधा दर्जन टंकियां भी नहीं भरी

नगर निगम के फिल्टर प्लांट को विद्युत सप्लाई करने वाले 33 केवी व 11 केवी विद्युत लाईन के तार पर 25 फीट बड़ा पेड़ गिर जाने से 24 व 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में दोपहर बिजली सप्लाई बंद हो गया। जिसकी सूचना निगम अधिकारियों द्वारा दिए जाने के बाद विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा तीन घंटे के मशक्कत के पश्चात 33 केवी लाईन से गिरे पेड़ को अलग कर शाम 7 बजे बिजली सप्लाई बहाल किया गया। विद्युत प्रवाह बंद होने के कारण 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट से जुड़े बघेरा टंकी सिकोला बस्ती टंकी पोटिया टंकी व कातुलबोर्ड टंकीयो में पानी नहीं भरा जा सका जिसके कारण आज शाम की पाली में खुलने वाली नल की पानी सप्लाई नहीं हो पाई है चूंकि टंकियों में पानी भरने में 4 से 8 घंटा का समय लगता है।

### शाम को बदला मौसम का मिजाज, जिले में कई जगहों पर हुई बारिश

**जांजगीर चांपा।** मंगलवार शाम को मौसम का मिजाज अचानक बदला। इस दौरान अंदर के साथ कई जगहों पर बारिश हुई। जिला मुख्यालय जांजगीर में शाम के समय तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई। वहीं पामगढ़ क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई। इसी तरह अकलतरा नवागढ़ शिवरीनारायण क्षेत्र में भी तेज हवाओं के साथ कई जगहों पर बूंदाबांदी हुई।

## खबर संक्षेप



### बस्तरिया राज मोर्चा के जिला बंद का दिखा असर

**कोंटा।** सुकमा जिला के तीन ब्लॉक मुख्यालय सहित जिला मुख्यालय जिले के अन्य छोटे बस्तियों में भी बस्तरिया राज मोर्चा सीपीआई कांग्रेस समर्थन द्वारा बंद का असर देखने को मिला । ज्ञात हो कि 15 अप्रैल के कोंटा विधानसभा के पूर्व विधायक एवं बस्तरिया राज मार्ग के संरक्षक आदिवासी नेता मनीष कुंजाम के मकानों में बीते दिनों एसीबी व ईओडब्ल्यू द्वारा की गई छापेमार कार्रवाई के विरोध में आज सुकमा जिला में बंद का आह्वान किया गया था। जिसका समर्थन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने भी इस बंद का साथ दिया, और भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए विरोध जताया गया। सुबह से बस्तरिया राज मोर्चा व कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला मुख्यालय सुकमा कोन्टा दोरनापाल गादीरास छिन्दगढ़ कुकानार तोंगपाल के सीपीआई समर्थक बस्तरिया राज मोर्चा के पदाधिकारी तथा कांग्रेस पार्टी के कार्यकार्ता नेता इस बंद को सफल बनाने लगे थे।

### डॉ. लवली ने संभाला संगीत विवि के कुलपति का पदभार

**राजनांदगांव।** इंदिरा कला संगीत विवि की नई कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद



कुलपति डॉ लवली शर्मा ने कहा कि संगीत विवि को नैक ग्रेड में मिले सी ग्रेड को ए ग्रेड करना पहली प्राथमिकता होगी। चर्चा में उन्होंने कहा कि वे केवल यहां काम करने आई है अन्य जगहों पर काम करने के बाद संगीत कला के तीर्थ संगीत विवि में कुलपति के रूप में कार्य करना बड़े सम्मान की बात है। ज्वाइनिंग से पहले परिसर मे विरोध प्रदर्शन को लेकर कहा कि विरोधी षड्यंत्र करते हैं पर सिर्फ अपने काम पर भरोसा करती हूं। काम करना मेरे जुनून में शामिल है और आपको मेरे काम में गुणवत्ता और बेहतरी नजर आएगी। उन्होंने वादा किया और कहा कि संगीत व ललित कला को समर्पित संगीत विवि अब अपनी गरिमा के अनुरूप केवल स्टुडेंट्स के हित को सर्वोपरि मानकर काम करेगा इसमें किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा।

### लोन दिलाने के नाम पर युवक से 95 हजार की ठगी

**धमतरी।** बैंक से 5 लाख का लोन दिलाने के नाम पर ठग ने युवक से 95 हजार की ठगी कर ली है।



पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम ढीमरटिकुर नवागांव निवासी सीताराम पिता बालाराम निषाद उम्र 44 वर्ष खेती किसानी का काम करता है। 27 फरवरी 2024 को उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से किसी महिला का फोन आया। अज्ञात महिला ने युवक को मोदी की गारंटी के तहत 5 लाख रुपये तक आधारकार्ड से लोन मिल जाने की बात कही। यह सुन युवक लोन निकालने के लिए तैयार हो गया। लोन के लिए महिला ने युवक को अपनी फोटो, बैंक पासबुक, आधारकार्ड व पेनकार्ड को दिए गए व्हाटसअप में भेजने के लिए कहा।

### विद्यार्थियों की ओर से थाना में शिकायत करने के बाद हरकत में आया विवि प्रशासन

# एनएसएस कैंप के दौरान स्टूडेंट्स से नमाज पढ़ाने के विवाद में समन्वयक पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

**गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस छात्र-छात्राओं से कैंप दौरान नमाज पढ़ने का स्टेप कराए जाने के मामले में विवाद उठने के बाद यूनिवर्सिटी के एनएसएस समन्वयक को हटा दिया गया है। मंगलवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने प्रो. दिलीप झा को हटाकर उनकी जगह पर प्रो. राजेन्द्र मेहता को एनएसएस समन्वयक नियुक्त किया है।**

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कार्यवाहक रजिस्ट्रार एएस रणदिवे द्वारा सक्षम अनुमोदन उपरांत मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार अर्थशास्त्र विभाग के आचार्य प्रो. दिलीप झा को राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक पद से हटा दिया गया है। इस आदेश के तहत प्रो. झा के स्थान पर ग्रामीण प्रौद्योगिक विभाग के प्रो. राजेन्द्र मेहता को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का समन्वयक नियुक्त किया गया है। एनएसएस समन्वयक को हटाए जाने के आदेश में भले ही यूनिवर्सिटी द्वारा प्रशासनिक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन का जिक्र किया गया है, किन्तु यूनिवर्सिटी में इस बात का हल्ला है कि एनएसएस कैंप दौरान नमाज वाले मामले को लेकर ही समन्वयक को हटाया गया है। क्योंकि यूनिवर्सिटी द्वारा समन्वयक बदले जाने के आदेश के ठीक एक दिन पहले सोमवार को यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की ओर से कोनी थाना में लिखित शिकायत की गई थी और थाने में शिकायत के बाद ही यूनिवर्सिटी प्रशासन हरकत में आया है।

### जीजीयू के एनएसएस समन्वयक हटाए गए




### बदले गए हैं समन्वयक

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बच्चें एनएसएस कैंप में गए थे, जिसमें अलग-अलग समुदाय, धर्म के बच्चें शामिल थे। जहां तक एनएसएस समन्वयक वाली बात है तो हटाए जाने वाली बात नहीं है, उन्हें बदला गया है और प्रो. झा की जगह पर प्रो. मेहता को समन्वयक बनाया गया है।

-प्रो. एमएन त्रिपाठी
मीडिया, प्रभारी सीयू

### विद्यार्थियों ने सीयू प्रबंधन से भी की थी शिकायत

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस विद्यार्थियों के कैंप दौरान ईद उल फितर वाले दिन योगा के समय पर सुबह नमाज पढ़ने का स्टेप कराया गया। इसे लेकर विद्यार्थियों ने विरोध भी जताया था। एनएसएस कैंप से वापस लौटने के बाद कुछ विद्यार्थियों ने प्रबंधन से इस मामले की शिकायत भी की थी। गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शिवतराई में सात दिवसीय कैंप आयोजित किया गया था। इस एनएसएस कैंप में यूनिवर्सिटी के 159 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। कैंप दौरान सुबह 6.15 बजे से 7 बजे के बीच योगा का समय रहता था। ईद उल फितर त्यौहार के दिन कैंप में उपस्थित चार मुस्लिम विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर प्रोग्राम आफिसरों के सामने नमाज पढ़ने कहा गया और बाकी सभी छात्र-छात्राओं को नमाज पढने और सभी स्टेप करने कहा गया।

### कैंप में डेढ़ सौ से अधिक हिन्दू विद्यार्थी थे शामिल

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस कैंप में डेढ़ सौ से अधिक हिन्दू विद्यार्थी शामिल थे, इसलिए बहुत से विद्यार्थियों को यह जबरदस्ती लगा, क्योंकि उनकी सहमति नहीं ली गई। इसके बाद विद्यार्थियों के बीच भीतर ही भीतर विरोध शुरू हो गया और उनमें से कुछ विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी प्रबंधन से इसकी शिकायत भी की। नाम नहीं छापने के शर्त पर विद्यार्थियों ने बताया कि एनएसएस कैंप में सभी सुबह 5 बजे उठकर 5.30 बजे प्रभात फेरी के लिए निकल पड़ते थे, फिर हम शिविर में 6 बजे के आसपास वापस आते हैं जहां हम सभी जुम्बा तथा योगा करते थे। लेकिन ईद वाले दिन कोर मेम्बर ने आदेश देते हुए कहा कि आप सभी को ये चार बच्चे मंच पर नमाज कैसे पढ़ी जाति है वो दिखएंगे, उसके पश्चात बाकी बच्चों ने नमाज पढ़ी।

### रुपेश पर था 5 लाख का ईनाम

## नक्सली डिप्टी कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

एमएमसी जिला सहित बस्तर कांकेर तथा महाराष्ट्र के सीमावर्ती एरिया में हथियार थामे 14 वर्षों तक लाल आतंक का साथ देने वाले कोतरी एरिया कमेटी के डिप्टी कमांडर रूपेश उर्फ सहदेव मंडावी ने आईजी दीपक झा व पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रयास से प्रभावित होकर आज हथियार छोड़ते हुए बस्तर के माड़ इलाके से चलकर मोहला जिला मुख्यालय पहुंचते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित नक्सली कमांडर रूपेश मंडावी के ऊपर शासन ने 5 लाख का ईनाम घोषित किया हुआ है।



एसपी यशपाल सिंह द्वारा प्रेस वार्ता करते हुए खुलासा किया गया कि माओवादी उन्मुलन अभियान के तहत डीआरजी टीम एवं केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल आईटीबीपी तथा जिला पुलिस बल के संयुक्त प्रभावी प्रयासों से चलाये जा रहे नक्सल ऑपरेशन तथा छ.ग. शासन की नई पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति योजना से प्रभावित होकर आरकेबी डिवीजन के कोतरी एरिया कमेटी के डिप्टी कमाण्डर रूपेश उर्फ़ सहदेव मंडावी ने आत्मसमर्पण किया है।

### कई खुलासे होंगे

कोतरी एरिया कमेटी के डिप्टी कमांडर रूपेश मंडावी के आत्मसमर्पण करने से नक्सली संगठन को बेहद बड़ा अघात पहुंचा है रूपेश से नक्सलियों से संबंधित और भी कई खुलासे आगे होंगे। जिस पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**- वाय पी सिंह,** पुलिस अधीक्षक
मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला

### विकसित बस्तर की ओर विषय पर परिचर्चा

# विकास की दिशा में आगे ले जाने के लिए कृषि पर देना होगा जोर : साय




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को जगदलपुर में "विकसित बस्तर की ओर" विषय पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा बस्तर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया गया। जगदलपुर में आयोजित बस्तर की ओर परिचर्चा में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण सिंह देव, विनायक गोयल, प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, संबंधित विभागों के सचिव, बस्तर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर समेत बस्तर संभाग के किसान, कृषि उद्योग से जुड़े गणमान्य स्थानीय उपस्थित थे। इस अवसर पर किसानों, व्यापारियों कृषि से सम्बंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना है। बस्तर को विकास की दिशा में आगे ले जाने के लिए हमें खेती पर ज्यादा जोर देना है, विशेषकर यहां के सीमांत किसानों पर ध्यान देना है।

- **मक्के की खेती के लिए बस्तर में असीम संभावनाएं**

### नक्सलवाद हमारे प्रदेश के लिए कलंक

मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद हमारे प्रदेश के लिए एक कलंक की तरह रहा है, केन्द्र सरकार के सहयोग से इसे समाप्त करने की दिशा में निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संकल्प है कि 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद का समूल नाश किया जाए और छत्तीसगढ़ इस लक्ष्य की प्राप्ति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नक्सलवाद केवल सुरक्षा की चुनौती नहीं है, बल्कि यह विकास की कमी का परिणाम है। इसलिए आवश्यक है कि हम बस्तर के हर गांव और हर व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ें और उन्हें पर्याप्त अवसर प्रदान करें।

### जैविक खेती और सिंचाई सुविधाओं पर जोर

परिचर्चा में कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने कृषि क्षेत्र के विकास संबंधी रोडमैप प्रस्तुत करते हुए कहा कि बस्तर की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने हेतु फसल विविधीकरण, जैविक खेती, सिंचाई सुविधा का विस्तार, कृषि यंत्रीकरण, फसल ऋण की सुलभता और कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन पर विशेष बल दिया जा रहा है।

### हाईकोर्ट का फैसला

## संविदा कर्मचारियों को भी मातृत्व अवकाश का अधिकार

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि संविदा कर्मचारियों के रूप में काम करने वाली महिलाओं को भी मातृत्व अवकाश स्वीकृत करने से इन्कार नहीं किया जा सकता। मातृत्व अवकाश का वेतन उन्हें मिलना चाहिए। कोर्ट के अनुसार, मातृत्व अवकाश का उद्देश्य मातृत्व की गरिमा की रक्षा करना है। संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार में मातृत्व का अधिकार और प्रत्येक बच्चे का पूर्ण विकास का अधिकार भी सम्मिलित है। कोर्ट ने यह भी कहा कि मातृत्व और शिशु की गरिमा के अधिकार को संवैधानिक संरक्षण प्राप्त है। इसे प्रशासनिक अधिकारियों की इच्छा पर निर्भर नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने राज्य के अधिकारियों को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता द्वारा मातृत्व अवकाश वेतन की मांग पर नियमानुसार तीन माह के माह के भीतर निर्णय लिया जाए। याचिकाकर्ता राखी वर्मा, जिला अस्पताल कबीरधाम में स्टाफ नर्स के रूप में संविदा पर कार्यरत है।



# डीजे की तेज आवाज के कारण नहीं टक्कर से गिरी थी मकान की बालकनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

मस्तूरी क्षेत्र के मल्हार में मकान का छज्जा गिरने से एक बच्चों की मौत और अन्य लोगों के घायल हो जाने की घटना की हाइकोर्ट में जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई चल रही है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा की बेंच में सुनवाई के दौरान बिलासपुर कलेक्टर ने शपथपत्र पेश किया। इसमें बताया कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मस्तूरी और अन्य विभाग के अधिकारियों को 3 सदस्यीय टीम ने जांच की है। इसमें पाया गया कि डीजे की कंपन के कारण बालकनी नहीं गिरी,जबकि मामले का तथ्य यह है कि जिस वाहन पर डीजे लगा था, उससे बालकनी गिरी और इस तरह यह घटना घटी। वहीं इस पूरे मामले में डीजे और वाहन मालिक सहित चालक पर प्रथम सूचना रिपोर्ट कर दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले 30 मार्च की रात मल्हार के केंवटपारा में हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित जुलूस के दौरान डीजे की तेज आवाज के कारण एक मकान की बालकनी गिर गई थी। इसमें 5 लोग घायल हो गए थे। इसमें से चार बच्चे हैं। इनमें से तीन की हालत गंभीर है, जिन्हें जिला अस्पताल बिलासपुर रिफर किया गया है।



### उप महाधिवक्ता ने पेश की रिपोर्ट

जांच समिति की रिपोर्ट को पेश करते हुए उप महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने कोर्ट को बताया कि जिस वाहन पर डीजे लगा था, उससे बालकनी गिरी और इस तरह यह घटना घटी। इसके मद्देनजर, जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर, बिलासपुर ने उपरोक्त समाचार रिपोर्ट के संबंध में अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल किया है। बैंच ने मामले में सुनवाई करते हुए हलफनामा स्वीकार किया। इसके अलावा ध्वनि प्रदूषण से जुड़ी याचिका पर जून में सुनवाई होगी।

### टाइगर-हाथियों की मौत पर शासन ने किया जवाब पेश, हाईकोर्ट से हुई सुनवाई

# छत्तीसगढ़ में लागू होगा उत्तरप्रदेश की तर्ज पर बाघ मित्र माडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाइकोर्ट में प्रदेश के हाथी और बाघ जैसे वन्य जीवों की मौत पर चल रही सुनवाई में मंगलवार को वन विभाग के पीसीसीएफ की ओर से हलफनामा पेश किया गया। उप महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने कोर्ट को सुनवाई के दौरान बताया कि 17 मार्च को एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें बाघों की सुरक्षा के संबंध में विभिन्न कदम उठाए जाने पर चर्चा की गई। वहीं बेंच ने इस मामले को निगरानी में रखते हुए 14 जुलाई को सुनवाई रखी है।

पिछली सुनवाई में न्यायालय द्वारा पारित 21 नवंबर 2024 के आदेश के अनुपालन में अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, वन विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा एक हलफनामा दायर किया गया था। जिसमें बाघों की मृत्यु को रोकने के लिए राज्य द्वारा उठाए गए कदम को बताया था। इन कदमों में उत्तर प्रदेश राज्य के बाघ मित्र मॉडल से प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक एवं अन्य



अधिकारियों के नेतृत्व में एक टीम ने बाघ मित्र योजना की सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करने के लिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न बाघ अभयारण्यों एवं समीपवर्ती गांवों का दौरा का जिक्र था। वहीं उत्तर प्रदेश में इस योजना के सफल क्रियान्वयन के आधार पर छत्तीसगढ़ में भी इसे लागू करने का निर्णय लिया जाने को बात कही गई थी, जिसका उद्देश्य मानव-बाघ संघर्ष को न्यूनतम करना तथा राज्य में बाघों की प्रभावी सुरक्षा एवं संरक्षण सुनिश्चित करना है।

### वन्य जीव और जंगल नहीं बचेंगे तो कैसे चलेगा?

दरअसल, 8 नवंबर 2024 को कोरिया जिले के गुरू घासीदास नेशनल पार्क स्थित नदी किनारे एक बाघ का शव बरामद हुआ था। यह शव सोनहत-भरतपुर सीमा के देवशील कटवार गांव के पास पाया गया। शुरुआती जांच में बाघ के नाखून, दांत और आंख जैसे अंग गायब पाए गए, जिससे यह संदेह जताया गया कि बाघ को जहर देकर मारा गया होगा। हालांकि, शपथपत्र में बताया गया था कि बाघ की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में जहर की पुष्टि नहीं हुई है और बीमारी से मौत की संभावना जताई गई है। बिसरा रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी। वहीं गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान कोरिया में बाघ की मौत पर हाईकोर्ट ने 11 नवंबर को सुनवाई करते हुए नाराजगी जताई थी। वन विभाग के उच्चाधिकारियों से जवाब-तलब किया था। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने कहा था कि वन्य जीव नष्ट हो रहे हैं, पर्यावरण भी नष्ट हो रहे हैं, अब बचा क्या..? वन्य जीव नहीं बच पाएंगे, जंगल नहीं बचेंगे तो कैसे चलेगा? कोर्ट ने मामले में वन एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को 10 दिन के अंदर व्यक्तिगत शपथपत्र पर जवाब देने कहा था।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



### इन खसरों में हुई गड़बड़ी

नायकबांधा में 13 मूल खसरों के 54 टुकड़े कर 6 करोड़ 7 लाख की जगह 32 करोड़ 9 लाख रुपए मुआवजा देने का मामला सामने आया था। अब जलाशय की जमीन का मुआवजा देने के मामले में भी तीन खसरों में गड़बड़ी की जानकारी मिली है। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि खसरा नंबर 1588, 1589 और 1592 में गड़बड़ी कर मुआवजा दिया गया। जलाशय की जमीन इसी खसरे के अंतर्गत है।

# भ्रष्टाचार के सागर में बांध भी डूबा

## निजी भूमि बताकर बांट दिया करोड़ों का मुआवजा

भारतमाला-8

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत रायपुर विशाखापट्टनम कॉरीडोर में जमीन के टुकड़े कर करोड़ों के मुआवजे का सबसे बड़ा खेल नायकबांधा गांव में हुआ। यहां 13 मूल खसरों के 54 टुकड़े कर शासन को करोड़ों का चूना लगाया गया। जमीन के टुकड़े करने वाले खिलाड़ियों ने नहर को भी नहीं छोड़ा। नायकबांधा जलाशय की जमीन को निजी मानकर अफसरों ने रसूखदारों को करोड़ों के ▶▶ शेष पेज 7 पर

- जलाशय निर्माण के लिए दशकों पहले हो चुका था जमीन का अधिग्रहण
- उसी जमीन को निजी मानकर रसूखदारों को बांट डाला करोड़ों का मुआवजा



### रिपोर्ट में एक खसरे का उल्लेख

हरिभूमि को मिली 500 पन्नों की रिपोर्ट में खसरा नंबर 1988/4 में भुगतान का उल्लेख है। जबकि इसी खसरे में 1588/1,2,3 में किए गए भुगतान की जानकारी नहीं है। जबकि हरिभूमि की पड़ताल में यह तथ्य सामने आया कि इसी खसरे में करोड़ों रुपए का भुगतान जलाशय की जमीन के बदले रसूखदारों को किया गया। मुआवजा लेने वालों की लिस्ट में कांग्रेस के एक रसूखदार नेता का नाम भी है।

### शिकायतों की जांच हुई पर वसूली नहीं

जलाशय की जमीन को निजी मानकर मुआवजा देने के मामले में भी शिकायत 2023 में की गई थी। जिला प्रशासन ने इस संबंध में जांच कराई और जांच में पाया कि नहर की जमीन का फिर से मुआवजा दे दिया गया है। इसके बाद 2023 में जिला प्रशासन ने दोषियों से वसूली की अनुशंसा के साथ शासन को रिपोर्ट भी भेजी, लेकिन अब तक न दोषियों से वसूली की गई, न उनके खिलाफ एफआईआर हुआ।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### कार-बस की टक्कर तीन की गई जान



**कानपुर।** कानपुर में मंगलवार को एक निजी बस और कार की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉक्टरों ने शिवली रोड निवासी आकांक्षा मिश्रा (30) और बर्रा निवासी अंजुला मिश्रा (32) को मृत घोषित कर दिया। कार चालक कल्याणपुर निवासी विशाल द्विवेदी (25) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

#### पेंसिल को लेकर झगड़ा सहपाठी पर किया हमला



**तिरुनेलवेली।** तमिलनाडु में तिरुनेलवेली जिले के पलायमकोट्टई में पेंसिल को लेकर झगड़ा होने पर आठवीं कक्षा के एक विद्यार्थी को उसके सहपाठी ने दरांती से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित विद्यार्थी के शरीर पर दो तीन जगह पर दरांती से 'कट जाने के घाव' हैं।

#### ड्रग्स के साथ विदेशी नागरिक समेत 10 गिरफ्तार



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े तीन अलग-अलग मामलों में एक विदेशी नागरिक समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 6.77 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ, नकदी और वाहन जब्त किए हैं। गिरफ्तार किए गए 10 आरोपियों में से नौ केरल के निवासी हैं।

#### हाथी के हमले में दो आदिवासियों की मौत



**त्रिशूर।** जिले के अथिरापिल्ली जंगल में वनोपज एकत्र करने के लिए गए दो आदिवासी व्यक्तियों की एक जंगली हाथी के हमले में मौत हो गई। पुलिस को आशंका है कि यह घटना सोमवार को शाम करीब साढ़े सात बजे हुई होगी। मृतकों के शव मंगलवार की सुबह पास के एक सरकारी अस्पताल में भेजे गए।

#### ट्रक ने बस को मारी टक्कर, तीन की मौत



**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में मंगलवार को सुबह एक ट्रक ने बस को टक्कर मार दी जिससे तीन लोगों की मौत हो गई, और 19 अन्य घायल हो गए। यह हादसा सुबह करीब आठ बजे खामगांव-नंदुरा रोड पर हुआ। मध्य प्रदेश परिवहन की एक बस अमरावती (महाराष्ट्र) से बुरहानपुर (मप्र) की ओर जा रही थी।

### नवजात बच्चों की चोरी और तस्करी से जुड़े मामले में 'सुप्रीम आदेश'

# सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी, नवजात चोरी हो तो रद्द करें अस्पताल का लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में आदेश दिया और दिल्ली में पकड़े गए बच्चा चोरी गैंग का जिक्र भी किया है। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली गैंग के पर्दाफाश होने की घटना हैरान कर देने वाली है, जिसके चलते इसमें कोर्ट के दखल की आवश्यकता है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस रिपोर्ट भी मांगी है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा है कि दिल्ली के अंदर और बाहर से सक्रिय इस तरह के बच्चा चोर गिरोहों से निपटने के लिए उनकी ओर से क्या कदम उठाए जा रहे हैं? बच्चा चोरी के इस मामले में कई आरोपी फरार हैं, इसको लेकर कोर्ट ने कहा है कि कुछ आरोपी फरार हैं तो उनके खिलाफ ट्रायल कोर्ट गैर जमानती वारंट जारी करें। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा है कि तस्करी किए गए बच्चों को आरटीई के तहत स्कूल में भर्ती कराया जाता है और उन्हें शिक्षा प्रदान करना जारी रखता है। ट्रायल कोर्ट बीएनएसएस और यूपी राज्य कानून के तहत मुआवजे के संबंध में आदेश पारित करने के लिए भी निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बाल तस्करी के मामलों को रोकने के लिए दिशानिर्देश जारी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि कोई नवजात शिशु चोरी होता है तो अस्पतालों का लाइसेंस रद्द कर दिया जाना चाहिए।

*सुप्रीम कोर्ट ने नवजात बच्चों की चोरी और तस्करी से जुड़े मामले में बड़ा बयान दिया है। कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी नवजात बच्चे को हॉस्पिटल से चुराया जाता है, तो सबसे पहले उस अस्पताल का लाइसेंस सस्पेंड कर देना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी दिल्ली-एनसीआर में नवजात बच्चों की तस्करी के गैंग का पर्दाफाश होने को लेकर की है।*

### नवजात बच्चों की तस्करी के गैंग का पर्दाफाश



#### 7 दिन पहले पकड़ा गया तस्करी गैंग

दिल्ली पुलिस ने 8 अप्रैल को नवजात बच्चा तस्करी गैंग के 2 महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया- यह गैंग दिल्ली-एनसीआर में निसंतान अमीर परिवारों को बच्चों की सप्लाई करते थे। राजस्थान और गुजरात से नवजात बच्चों को लाकर 5-10 लाख रुपए में बेचते थे।

#### लापरवाही बरती तो होगा एक्शन

सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी हाई कोर्ट को बाल तस्करी के मामलों में लंबित मुकदमे की स्थिति की जानकारी लेने का निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मुकदमों को छह महीने में पूरा करने और मामलों के प्रतिदिन सुनवाई के आधार पर किए जाएंगे। कोर्ट ने यह भी कहा कि हमारे द्वारा जारी निर्देशों को लागू करने में अगर लापरवाही बरती गई तो उसे अवमानना के रूप में माना जाएगा।



#### कोर्ट के ऐसे निर्देश

- सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी के मामलों से निपटने के तरीके को लेकर यूपी के प्रशासन की आलोचना की
- बाल तस्करी जैसे अपराधों को रोकने के लिए राज्यों को सख्त दिशा-निर्देश दिए
- बेंच ने निचली अदालतों को ऐसे मामलों की सुनवाई छह महीने के भीतर पूरी करने का आदेश दिया
- अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि किसी नवजात की तस्करी होती है तो अस्पतालों के लाइसेंस निलंबित कर दिए जाएं

#### देशभर के हाईकोर्ट से मांगी जानकारी

शीर्ष अदालत ने कहा, देशभर के हाई कोर्ट को बाल तस्करी के मामलों में लंबित मुकदमों की स्थिति के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया जाता है। इसके बाद 6 महीने में मुकदमे को पूरा करने और दिन-प्रतिदिन सुनवाई करने के निर्देश जारी किए जाएंगे। अदालत ने आदेश दिया, यदि कोई महिला अस्पताल में बच्चे को जन्म देने आती है और बच्चा चोरी हो जाता है, तो पहला कदम लाइसेंस निलंबित करना होना चाहिए। बेंच ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। इसे न्यायालय की अवमानना माना जाएगा।

#### क्या है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने यह सख्त टिप्पणी उस मामले की सुनवाई के दौरान की, जिसमें तस्करी करके लाए गए एक बच्चे को उत्तर प्रदेश के एक दंपत्ति को सौंप दिया गया था जो बेटा चाहते थे। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आरोपियों को अग्रिम जमानत दे दी थी। आरोपियों की जमानत रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मामले से निपटने के तरीके को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों को फटकार लगाई। बेंच ने कहा, आरोपी को बेटे की चाहत थी और उसने 4 लाख रुपए में बेटा खरीद लिया। अगर आप बेटे की चाहत रखते हैं तो आप तस्करी किए गए बच्चे को नहीं खरीद सकते। वो जानता था कि बच्चा चोरी हुआ है।

## 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते आरआई चढ़ा एसीबी के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला

जिले के गौरेला तहसील में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एक राजस्व निरीक्षक को घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा है। दूसरा राजस्व निरीक्षक मौके से फरार हो गया। दोनों अधिकारी जमीन संबंधी कार्यों के लिए 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर रहे थे।

शिकायतकर्ता रंजीत सिंह राठौर (30) ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। रंजीत ग्राम अंदुल गौरेला के निवासी हैं। राजस्व निरीक्षक संतोष चंद्रसेन और घनश्याम भारद्वाज उनसे बटांकन, सीमांकन और बेदखली के काम के लिए पैसों की मांग कर रहे थे और पैसा ना देने पर लगातार घुमा रहे थे। आरोपी राजस्व निरीक्षक शिकायतकर्ता को 4 महीने से घुमा रहे थे। दोनों रिश्वत के लिए दबाव बना रहे थे। परेशान होकर रंजीत ने एसीबी में शिकायत की। इसके बाद प्लानिंग के तहत राजस्व निरीक्षक संतोष चंद्रसेन को एंटी करप्शन ब्यूरो ने ट्रैप किया। जैसे ही शिकायतकर्ता ने राजस्व निरीक्षक को 50 हजार रुपए दिए। टीम ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। वहीं रिश्वत की रकम 50 हजार रुपए को भी जब्त कर ▶▶ शेष पेज 7 पर

- गौरेला में एंटी करप्शन ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई, साथी आरआई फरार

#### की गई कार्रवाई

आरआई द्वारा सीमांकन के नाम पर प्रार्थी से 50 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। शिकायत सही पाए जाने पर कार्रवाई की गई, जिसमें एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया, वहीं एक आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

- **इंस्पेक्टर योगेश,** एंटी करप्शन ब्यूरो, बिलासपुर

### बम से उड़ाने की धमकी

## राम मंदिर समेत 15 जिलों में धमकी भरा ई-मेल कहा- बढ़ा लो सुरक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर ट्रस्ट को धमकी भरा ई-मेल आया है। ई-मेल में कहा गया है कि सुरक्षा बढ़ा लो... इसमें कहा गया कि अगर ऐसा नहीं होगा तो राम मंदिर को बम से उड़ा दिया जाएगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के करीब 15 जिलों में जिलाधिकारियों के आधिकारिक ई-मेल पर धमकी आई है।

गौरतलब है कि राम मंदिर की करें तो बीते सोमवार की रात राम जन्मभूमि ट्रस्ट के मेल पर धमकी भरा मेल आया था। इसमें लिखा था-बढ़ा लो मंदिर की सुरक्षा, जिसके बाद अयोध्या के साइबर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। इस मामले की जांच साइबर सेल कर रही है। अयोध्या के साथ-साथ बाराबंकी चंदौली समेत कई अन्य जिलों के जिलाधिकारियों को भी धमकी भरा मेल आया है।

#### अलीगढ़ डीएम को भी आया मेल

इसके अलावा अलीगढ़ कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। डीएम की ऑफिशियल ईमेल पर धमकी दी गई है। धमकी के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। कलेक्टोरेट पर पुलिस बल डॉग स्क्वायड व अन्य उपकरणों के साथ जांच कर रहा है। अलीगढ़ जिला कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी का मेल आने के बाद पुलिस और प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिला कलेक्ट्रेट अलीगढ़ परिसर को खाली कराया गया है। परिसर के सभी गेट बंद करा दिए गये है, जिसके बाद चार टीम पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई. मौके पर डॉग स्क्वॉड सहित अन्य टीमों को लगाया गया है, साथ ही जिला कलेक्ट्रेट अलीगढ़ परिसर में मौजूद सभी विभागों को बन्द कराया गया है।

#### फिरोजाबाद, बाराबंकी में क्या हुआ?

फिरोजाबाद कलेक्टोरेट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल के जरिए कलक्ट्रेट परिसर को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली है। ये मेल डीएम की आधिकारिक मेल आईडी पर भेजा गया है। इसमें मंगलवार दोपहर 3.30 बजे बलास्ट की बात कही गई थी, जिससे प्रशासन में खलबली मच गई।

## गोयल बने निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- अब तक प्रभारी के भरोसे था आयोग

प्रो.वीके गोयल को निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग का पद लंबे समय से रिक्त था। फिलहाल प्रभारी अध्यक्ष के रूप में ब्रजेश चन्द्र मिश्र थे। अब प्रो.गोयल स्थायी अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। वे इसके पूर्व माध्यमिक शिक्षा मंडल में सचिव के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। राजधानी रायपुर के संत गोविंदराम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय देवेंद्र नगर में प्राचार्य पद पर रहते हुए वे रिटायर हुए थे। गौरतलब है कि प्रदेश में संचालित निजी विश्वविद्यालयों के रेगुलेशन के लिए उक्त आयोग का गठन किया गया है।

## वीडियो कॉल पर दिखाया शव प्रेमी ने कहा- हो गया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के बुरहानपुर जिले के शिकारपुरा थाना क्षेत्र में हुई एक युवक की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतक की पत्नी, उसके प्रेमी और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। हत्या के बाद मृतक की पत्नी ने प्रेमी युवराज को वीडियो कॉल कर कहा कि काम हो गया है, और खून से सना शव दिखाया। इसके बाद आरोपी महाराष्ट्र के रावेर होते हुए ट्रेन से इंदौर और फिर उज्जैन की ओर भाग निकले। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सभी को इंदौर के सांवेर से गिरफ्तार कर लिया। 13 अप्रैल को आईटीआई कॉलेज के पास झाड़ियों में एक शव मिलने की सूचना पर ▶▶ शेष पेज 7 पर

#### पत्नी ने कराई हत्या



## क्रमिक भूख हड़ताल में बैठे पंचायत सचिव की हार्ट अटैक से मौत

- पाली जनपद के ग्राम पंचायत कुटेला मुड़ा में थे पदस्थ
- 9 अप्रैल से ब्लॉक मुख्यालय में चल रही थी भूख हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

नियमितीकरण सहित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल में बैठे पंचायत सचिव की मंगलवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना की जानकारी पंचायत सचिव संघ ने प्रशासनिक अधिकारियों को दे दी है। घटना से पंचायत सचिवों में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत पाली के अंतर्गत आने ▶▶ शेष पेज 7 पर

#### सभी ब्लॉक मुख्यालय में हड़ताल

इसी कड़ी में 9 अप्रैल से सभी ब्लॉक मुख्यालय में क्रमिक भूख हड़ताल शुरु की गई है। पाली जनपद पंचायत के कुटेलामुड़ा ग्राम पंचायत के सचिव राजकुमार कश्यप भूख हड़ताल में बैठे हुए थे। इस दौरान दोपहर में तबीयत खराब होने पर संघ के सदस्यों द्वारा उन्हें उपचार के लिए पाली के निजी चिकित्सालय में ले जाया गया था, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को दे दी गई है।

### दो दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति बढ़ी

## शेयर बाजार बूम, निवेशकों को 18 लाख करोड़ का मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

शेयर बाजार में दो कारोबारी सत्रों में आई जोरदार तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति 18.42 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में जोरदार तेजी आई। बीएसई सेंसेक्स 1,578 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी 500 अंक के लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,577.63 यानी 2.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,734.89 अंक पर बंद हुआ।

#### सेंसेक्स 1577.63 अंक चढ़ा

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,577.63 यानी 2.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,734.89 अंक पर बंद हुआ। दो दिनों में मानक सूचकांक सेंसेक्स 2,887.74 अंक चढ़ा है। इस तेजी के साथ, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 18,42,028.91 करोड़ रुपए उछलकर 4,12,24,362.13 करोड़ रुपए पहुंच गया।



**कोरिया, जापान और चीन में भी तेजी:** लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, मंगलवार को मानक सूचकांकों में तेज बढ़त रही। मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक ने भी मजबूत बढ़त दर्ज की। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में रहे।

#### ट्रंप के ऐलान से गुलजार हुआ बाजार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह वाहन उद्योग को शुल्क से अस्थायी तौर पर छूट दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह अस्थायी तौर पर स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर शुल्क से छूट दे रहे हैं। जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, जवाबी शुल्क के मामले में अचानक से मिली राहत से बाजार में तेजी आई है। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर छूट से यह तेजी मंगलवार को जारी रही। शुल्क से राहत की उम्मीद में वाहन शेयर लाभ में रहे।

## एक परिवार के पांच की मौत, 11 घायल

**बहराइच।** बहराइच-गोंडा राजमार्ग पर मंगलवार को 'डबल डेकर' बस और टेंपो के बीच हुई आमने सामने की टक्कर में एक ही परिवार की दो महिलाओं और दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गयी। इस हादसे में अमजद (45), फहाद (05), अजीम (12), मरियम (65) और मुन्नी (45) की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी।टेंपो में सवार परिवार के 11 अन्य लोग घायल हो गये। बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने संवाददाताओं से बताया कि बहराइच जनपद के थाना हुजूरपुर अंतर्गत ग्राम हिरईपुर निवासी एक परिवार के 16 लोग एक टेंपो पर सवार होकर पयागपुर थानांतर्गत कोलुहवा गांव में अपने रिश्तेदार के घर आयोजित एक समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

# ओडिशा से महाराष्ट्र तक 3500 किमी तैरकर पहुंचा ये कछुआ, दिए 107 बच्चे! वैज्ञानिक भी पड़ गए सोच में

**नवी मुंबई/पुणे।** महाराष्ट्र से एक अनोखी खबर सामने आई है। एक ऑलिव रिडले कछुए ने इतिहास रच दिया है। यह कछुआ ओडिशा से महाराष्ट्र की कोंकण तट तक तैरकर आया और कुल मिलाकर उसने 3,500 किलोमीटर की दूरी तय की। दरअसल, ये मामला रत्नागिरी के गुहागर बीच से सामने आया है। वहीं, इस कछुए ने 120 अंडे दिए। इनमें से 107 अंडों से बच्चे निकले हैं। यह घटना 2025 की है, लेकिन अब इसका खुलासा हुआ है। इस कछुए को 2021 में ओडिशा के गहीरमाथा बीच पर टैग किया गया था। इसका टैग नंबर था '03233'। बता दें कि उस समय जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों ने 12,000 कछुए टैग किए थे।



### रत्नागिरी समुद्र किनारे तक पहुंचा

वैज्ञानिकों को उम्मीद थी कि कछुए श्रीलंका की ओर लौटेंगे, लेकिन '03233' नंबर वाला कछुआ अरब सागर की ओर निकल पड़ा। वह सीधे रत्नागिरी के समुद्र किनारे तक आ पहुंचा। बता दें कि यह अपने आप में पहली घटना है।

### पुराने शोधों को मिली है चुनौती

जेडएसआई के वैज्ञानिक डॉ. बसुदेव त्रिपाठी ने इसे बहुत खास बताया। उनका कहना है कि इससे पुराने शोधों को चुनौती मिली है। पहले माना जाता था कि पूर्व और पश्चिम तट के कछुए अलग प्रजातियां हैं, लेकिन अब लगता है कि दोनों तट आपस में जुड़े हो सकते हैं।

### शायद पहले ओडिशा में अंडे दिए होंगे

वाइल्डलाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के डॉ. सुरेश कुमार ने भी राय दी। उन्होंने कहा कि यह कछुआ दोहरी प्रजनन रणनीति अपना रहा होगा। शायद पहले ओडिशा में अंडे दिए होंगे। फिर महाराष्ट्र आकर फिर से अंडे दिए।

### घोंसलों की रक्षा जरूरी है

इस खोज ने वैज्ञानिकों की सोच को बदल दिया है। अब वे मानते हैं कि ऑलिव रिडले कछुए लंबी दूरी तक जा सकते हैं। इसलिए, दोनों तटों पर इनके घोंसलों की रक्षा जरूरी है। वैज्ञानिक अभी भी इस खास कछुए पर नजर बनाए हुए हैं। आगे और जानकारी जुटाने की कोशिश जारी है। यह स्टडी कछुओं के संरक्षण और व्यवहार को समझने में मदद करेगी।

---

रोचक खबरें

## जापान के कैदियों को परोसा जाता है ऐसा खाना, देखते ही मुंह में आ जाएगा पानी



**टोक्यो।** दुनिया के हर देश में जेल बनाए गए हैं। वैसे लोग जो अपराधी प्रवृति के होते हैं और पकड़े जाते हैं, उन्हें पकड़कर जेल भेजा जाता है। जेल का मकसद होता है ऐसे अपराधियों को आम लोगो से अलग करके रखना। इसके पीछे दो वजह है। पहली कि ये और अपराध कर दूसरों को नुकसान ना पहुंचाए और दूसरा कि इन्हें सुधरने का मौका मिले। जेल में अपराधियों की सुधार पर काम किया जाता है। भारत के जेलों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। भारत की जेलों में बड़े-बड़े बैरकों में कई कैदियों को रखा जाता है। जो खूंखार अपराधी होते हैं उन्हें अंधेरे कमरे में अकेले रखा जाता है, जिसमें टॉयलेट भी वहीं होता है। मच्छर, गंदगी और कई तरह की मुश्किलों में कैदियों को रहना पड़ता है। लेकिन, दुनिया के ऐसे कई देश हैं, जहां के जेल फाइव स्टार होटल से कम नहीं होते। इन जेलों में कैदियों को कई तरह की सुविधाएं दी जाती है। कहीं उन्हें एक आरामदायक बेड वाला कमरा दिया जाता है तो कहीं उन्हें अपनी फैमिली के साथ जेल में रहने का मौका दिया जाता है। इस बीच जापान के जेल में कैदियों को दिए जाने वाले खाने का वीडियो सामने आया। इसे देखकर कई लोगों का जेल में ही बस जाने का मन हो जाएगा।

### मेन्यू में शामिल है ये चीजें

जेल में मिलने वाले खाने को पहले तो अलग-अलग पकाया जाता है। उसके बाद खाने को एक बॉक्स में अच्छे से पैक किया जाता है। हर डिश को बराबर मात्रा में बांटा जाता है। इसमें हर तरह के मैक्रोन्यूट्रिएंट का ध्यान दिया जाता है। सुबह-सबह ही खाने की तैयारी शुरू हो जाती है। सबसे पहले कुक की चेकिंग होती है और उसकी सफाई की जांच होती है। इसके बाद उन्हें किचन में एंट्री दी जाती है। मेन्यू की बात करें तो इसमें फ्राईड चिकन कटलेट भी शामिल है जिसे हर दिन फ्रेश बनाया जाता है। ताजा तेल में चिकन को क्रिस्पी होने तक फ्राई किया जाता है। इसके बाद चावल की तैयारी की जाती है। चावलों को अच्छे से सॉस में पकाया जाता है ताकि उसका बेहतरीन फ्लेवर सामने आए।

## लड़की ने चैटजीपीटी को दिया ऐसा टास्क, तू-तड़ाक पर उतर आया एआई, बोला- 'सिंगल मरेगी तू!'




**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर चैटजीपीटी और एक लड़की के बीच हुई बातचीत का बेहद दिलचस्प पल वायरल हुआ है, जिसमें घिबली स्टाइल आर्ट बनाने को लेकर शुरू हुई बातचीत पर्सनल हो गई और फिर एआई तू-तड़ाक पर उतर आया। घिबली ट्रेंड को लेकर पिछले कुछ दिनों से लोगों में गजब का क्रेज देखने को मिल रहा है। जिसे देखो वो चैटजीपीटी के एआई टूल का इस्तेमाल करके अपनी घिबली स्टाइल फोटो क्रिएट कर रहा है। हाल ही में एक लड़की ने भी खुद का घिबली अवतार बनाने की कोशिश की, लेकिन इसके साथ ही उसने चैटजीपीटी को एक ऐसा टास्क भी दे दिया जिससे कथित तौर पर एआई का दिमाग सटका और वो लड़की के साथ 'तू-तड़ाक'पर उतर आया। अलीबिया नाम की एक लड़की ने चैटजीपीटी पर खुद की एक सिंगल फोटो अपलोड की, और एआई से उसे घिबली स्टाइल आर्ट में बदलने का रिक्वेस्ट डाला। इसके साथ ही अलीबिया ने एआई से यह भी कहा कि वो उनके फोटो के साथ एआई बॉयफ्रेंड के तौर पर एक और बंदे को भी जोड़ दे। अलीबिया ने इस दिलचस्प वाकये की पूरी स्क्रीन रिकॉर्डिंग करके अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर दिया, जिसे अब तक लगभग 30 लाख बार देखा जा चुका है।

### जवाब पढ़कर रह गईं हक्की-बक्की

चैटजीपीटी ने अलीबिया की यह इच्छा भी पूरी कर दी। हालांकि, रिजल्ट देखकर वह खुश नहीं हुईं। इसके बाद खुद की घिबली आर्ट को बदलने और बॉयफ्रेंड के अवतार को जस का तस रखकर एआई को नया फोटो जेनरेट करने को कहा। इस पर एआई ने उन्हें जो जवाब दिया, उसे पढ़कर वह भी हक्की-बक्की रह गईं। पहले तो एआई ने नया फोटो जेनरेट करने की नाकाम कोशिश की, फिर जवाब दिया कि वह सीधे चेहरे को बदलने में असमर्थ है। इस पर अलीबिया ने मौज लेते हुए लिख दिया, क्या एआई बनेगा रे तू? फिर चैटजीपीटी ने जो जवाब दिया, उसकी शायद ही अलीबिया ने कल्पना की थी।

---

# बीवी-बच्चों के साथ स्पेस में घूमिए, बस लगेगी इतनी टिकट

*नई दिल्ली। पॉप सिंगर कैटी पेरी ने हाल ही में अपने सपने को जिया है। उन्होंने जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड रॉकेट में बैठकर अंतरिक्ष की सैर की। इस यात्रा के बारे में सुनकर कोई भी हैरान हो जाएगा। उनके साथ पांच और महिलाएं थीं.. जिनमें जेफ बेजोस की मंगेतर लॉरेन सांचेज भी शामिल थीं। इन सभी महिलाओं ने पृथ्वी की सतह से 60 मील ऊपर तक की यात्रा की। यात्रा पूरी होने के करीब 10 मिनट बाद सुरक्षित धरती पर लौट आईं। उड़ान की शुरुआत अमेरिका के टेक्सास से हुई। आइये आपको अब ये बताते हैं कि स्पेस ट्रिप के लिए आम आदमी के लिए क्या व्यवस्था है?*

### क्या आप भी कर सकते हैं अंतरिक्ष यात्रा?

सवाल उठता है कि क्या आम लोग भी अंतरिक्ष यात्रा कर सकते हैं? इसका जवाब हां है। लेकिन इसके लिए आपकी जेब बेहद भारी होनी चाहिए या फिर आप किसी खास आमंत्रण के पात्र होने चाहिए। ब्लू ओरिजिन की वेबसाइट के अनुसार ऐसे किसी भी ट्रिप के लिए पहले $150,000 यानी करीब 1.28 करोड़ की रिफंडेबल डिपॉजिट भरनी होती है। 2021 में ब्लू ओरिजिन की पहली उड़ान के लिए एक सीट की नीलामी में कीमत $28 मिलियन यानी करीब 241 करोड़ तक पहुंच गई थी। कुछ यात्रियों ने बताया कि उन्होंने 0 से लेकर करीब 30 मिलियन डॉलर तक की रकम चुकाई।

### अन्य कंपनियों के भी हैं स्पेस टूरिज्म पैकेज

स्पेस यात्रा के लिए सिर्फ ब्लू ओरिजिन ही नहीं, बल्कि अन्य कंपनियां भी ऑप्शन दे रही हैं। वर्जिन गैलेक्टिक नाम की कंपनी एक 90 मिनट की अंतरिक्ष यात्रा 3.85 करोड़ में करवा रही है। वहीं, स्पेस पर्सपेक्टिव नाम की कंपनी 6 घंटे की स्ट्रैटोस्फियर यात्रा 1.07 करोड़ में ऑफर कर रही है। टेक्सास स्थित एक स्टार्टअप 'एक्सिओम स्पेस' तो 10 दिन की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यात्रा 458 करोड़ में करवा रही है।



### आम आदमी के लिए अब भी सपना है स्पेस जाना

हालांकि ये अनुभव बेहद खास है, लेकिन यह आम लोगों के लिए फिलहाल एक सपना ही है। जब तक स्पेस टूरिज्म की तकनीक और प्रतियोगिता और विकसित नहीं हो जाती तब तक इसकी कीमतें आम इंसान की पहुंच से काफी दूर रहेंगी। लेकिन, कैटी पेरी की यात्रा यह जरूर दिखाती है कि एक दिन शायद अंतरिक्ष जाना उतना ही सामान्य हो जाएगा.. जितना आज प्लेन में फ्लाइट लेना।

### मशहूर लोगों का स्पेस एक्सपीरियंस

पिछले कुछ सालों में कई मशहूर हस्तियां भी अंतरिक्ष यात्रा कर चुकी हैं। इनमें खुद जेफ बेजोस का नाम भी शामिल है। इनके अलावा स्टार ट्रेक के एक्टर विलियम शैटनर, पूर्व एनएफएल खिलाड़ी माइकल स्ट्रेहान, यूट्यूब स्टार कोबी कॉटन, टीवी होस्ट एमिली कैलानड्रेली और वर्जिन गैलेक्टिक के संस्थापक रिचर्ड ब्रैनसन जैसे नाम भी अंतरिक्ष की सैर कर चुके हैं। इससे साफ है कि अब अंतरिक्ष यात्रा केवल वैज्ञानिकों तक सीमित नहीं रह गई है बल्कि यह अमीर और मशहूर लोगों के लिए भी एक एक्सक्लूसिव एडवेंचर बन चुका है।

---

# वैज्ञानिकों ने पहली बार लैब में उगाए इंसानी दांत, जबड़े में भी उगाने की तैयारी

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने दुनिया में पहली बार इंसानी दांतों को लैब में उगाया है। जिसके बाद अब यह कयास लगाया जा रहा है कि आने वाले सालों में डेंटल केयर में बहुत बड़ी सफलता डॉक्टरों को मिल सकती है, जिसका सबसे बड़ा फायदा दांतों से परेशान लोगों को मिल सकता है। बीबीसी में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, लंदन के किंग्स कॉलेज के वैज्ञानिकों ने पहली बार लैब में इंसानी दांत उगाने में कामयाबी हासिल की है।

**अब दांतों की फिलिंग्स या इम्प्लांट्स की जरूरत नहीं :** इसका मतलब यह है कि आने वाले दिनों में लोग अपने खोए हुए दांत दोबारा उगा सकेंगे, यानी अब फिलिंग्स या इम्प्लांट्स की जरूरत नहीं पड़ेगी। जो ज्यादा प्राकृतिक और शरीर के साथ बेहतर तरीके से काम करेगा। किंग्स कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं ने इंपीरियल कॉलेज लंदन के सहयोग से एक बायोमटेरियल विकसित किया है जो दांतों के विकास के लिए आवश्यक वातावरण की नकल करता है।



### कोशिकाएं खुद बनाएंगी दांत

इसकी मदद से कोशिकाएं आपस में बात कर पाती हैं और दांत बनाना शुरू करती हैं। ये लैब में बने दांत ना सिर्फ जबड़े में अच्छे से फिट हो सकते हैं, बल्कि प्राकृतिक दांतों की तरह खुद को ठीक भी कर सकते हैं। इनमें इम्प्लांट्स की तरह रिजेक्शन का खतरा भी नहीं है। किंग्स कॉलेज लंदन में रीजेनरेटिव डेंटिस्ट्री की निदेशक डॉ. एना एंजेलोवा-वोलपोनी ने इस खोज की सराहना करते हुए कहा कि यह रिसर्च दांतों के इलाज में क्रांति ला सकता है। उनका कहना है 'लैब में दांत उगाकर हमें कई तरह के अनुभव हुए। ये दांत प्राकृतिक दांतों की तरह काम करेंगे, ज्यादा मजबूत और टिकाऊ होंगे।'

### जबड़े में बने दांतों के फायदे?

अभी तक दांत खराब होने पर फिलिंग्स या इम्प्लांट्स का सहारा लिया जाता है, लेकिन इससे दांत कमजोर होने की संभावना अधिक रहती है। इसमें दोबारा सड़न भी हो सकती है। इम्प्लांट्स के लिए सर्जरी चाहिए और वो हमेशा प्राकृतिक दांतों की तरह काम नहीं करते। लेकिन, लैब में बने दांत, जो मरीज की अपनी कोशिकाओं से बनेंगे, वो जबड़े में पूरी तरह घुलमिल जाएंगे और प्राकृतिक दांतों की तरह खुद को ठीक कर पाएंगे।

---

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

## तीन दिन की बच्ची का हुआ निकाह, 6 साल होते ही लेने आ गया शौहर, पिता ने किया ऐसा इशारा

**नई दिल्ली।** लड़की होना आसान नहीं है। अगर आपको लगता है कि सिर्फ भारत में ही लड़कियों की हालत खराब है तो आप गलत हैं। दुनिया में ऐसे कई देश हैं, जहां लड़की होना पाप से कम नहीं है। जन्म होने के बाद ही इस बात का अहसास हो जाता है। खासकर मुस्लिम देशों में तो स्थिति और भी बुरी है। यहां ना सिर्फ महिलाओं और लड़कियों के साथ जुल्म किया जाता है, बल्कि तीन दिन की मासूमों को भी बक्शा नहीं जाता। सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया गया, जिसे देखने के बाद आपका खून खौल जाएगा। एक पिता ने किस बेशर्मी से अपनी तीन दिन की बेटी के निकाह की बात कबूली, इसने सबको हैरान कर दिया। सबसे हैरानी की बात तो ये है कि तीन दिन की बेटी जैसे ही मात्र छह साल की हुई, पिता उसे शौहर के हवाले करने को तैयार हो गया। जब पिता से पूछा गया कि क्या हो अगर उसकी बेटी इस निकाह को ना माने तो।



### मात्र तीन दिन में हुआ निकाह

वायरल हो रहे इस वीडियो में एक पिता अपने दामाद और मौलवी के साथ बैठा नजर आया। उसके ठीक सामने एक जर्नलिस्ट थी। इस महिला को जानकारी मिली कि वहां छह साल की बच्ची की शादी की जा रही है। जब उसने पिता से इस बारे में पूछा तो उसने बताया कि बच्ची की शादी तो मात्र तीन दिन में कर दी गई थी।

### मारने से भी गुरेज नहीं

इतनी छोटी बच्ची के निकाह की बात ने महिला पत्रकार को भी झकझोर कर रख दिया। जब उसने पूछा कि क्या हो अगर लड़की ने बड़ी होने के बाद पढ़ने की ख्वाहिश जताई या फिर इस निकाह को मानने से इंकार कर दिया? इस पर पिता ने इशारे से उसे मार देने की बात कही। साथ ही कहा कि बेटियों को मारना चिड़यिा मारने जैसा है। उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसने निकाह कर दिया है और उसे मानना ही पड़ेगा।

---

## धरती का वो कोना, जहां पहुंचते ही दिख जाता है भविष्य! दिलचस्प है इतिहास, पर जाने पर लगी है पाबंदी

**नई दिल्ली।** इंसान ने विज्ञान के ज़रिये बहुत कुछ सीख लिया है। कई ऐसी चीज़ें वो कर ले रहा है, जो पहले सिर्फ कल्पना में ही हो सकती थीं। एक ऐसी ही चीज़ टाइम ट्रैवलिंग भी है। इंसान अब भी समय से आगे और पीछे जाना नहीं सीख पाया है, लेकिन आपको आज हम एक ऐसी जगह के बारे में बताएंगे, जहां टाइम ट्रैवेल यानि समय में यात्रा करना कुछ हद तक संभव है। आप यहां भविष्य को छूकर वापस आ सकते हैं। ऐसा नहीं है कि ये कोई नई जगह है, दरअसल हज़ारों साल से ये यहां मौजूद है। आपने इसके बारे में शायद सुना भी हो, लेकिन इस तरह से सोचा नहीं होगा। ये एक द्वीप है, जिसका नाम डायोमीड है। दो हिस्सों में बंटे हुए इस आइलैंड की सबसे बड़ी खासियत ये है कि इसके एक कोने से दूसरे कोने में पहुंचते ही आप अतीत से भविष्य में पहुंच जाते हैं। है ना दिलचस्प!



### यहां भविष्य में पहुंच जाते हैं लोग

डायोमीड आइलैंड अपने आपमें अनोखा है। ये दो हिस्सों में बंटा हुआ है – बिग डायोमीड लिटिल डायोमीड। इनके बीच दूरी सिर्फ 4.8 किलोमीटर की है। हालांकि, ये दूरी आपको भूत से भविष्य में पहुंचा देने के लिए काफी है। इसकी वजह ये है कि प्रशांत महासागर से गुजरने वाली इंटरनेशनल डेट लाइन बिग डायोमीड और लिटिल डायोमीड के बीच से गुजरती है और इस यात्रा में एक दिन का अंतर हो जाता है। इंटरनेशनल डेट लाइन वो काल्पनिक रेखा है, जो भौगोलिक दृष्टि से उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक जाती है। यही रेखा कैलेंडर के एक दिन और दूसरे दिन के बीच का बॉर्डर है। यही वजह है कि डायोमीड के एक से दूसरे छोर तक जाने में कैलेंडर का दिन बदल जाता है और इंसान अतीत से भविष्य में पहुंच जाता है और भविष्य से अतीत में लौट सकता है।

### 1728 में नाविक ने खोजा था

ये इलाका काफी ठंडा है, ऐसे में सर्दियों में दोनों द्वीपों के बीच एक पुल बन जाता है। इसके जरिये एक द्वीप से दूसरे द्वीप तक पैदल ही जाया जा सकता है। इसे और दिलचस्प तरीके से समझना हो, तो जानिए कि अगर आप रविवार को एक छोर से चलते हैं, तो दूसरे छोर तक पहुंचते ही सोमवार की तारीख आ जाएगी. यही वजह है कि बिग डायोमीड को टूमारो और लिटिल डायोमीड को एस्टरडेय आइसलैंड भी कहा जाता है। इसे 16 अगस्त, 1728 में डेनिश-रशियन नाविक विटस बेरिंग ने खोजा था और नाम दिया था।1982 में अमेरिका ने रूस से इसे खरीदा और दोनों देशों के बीच सीमा रेखांकन हुआ था। इसके बाद ही इस द्वीप के दो हिस्सों के बीच यात्रा अवैध हो गई। चूंकि, रूस और अमेरिका के बीच रिश्ते भी ऐसे नहीं हैं, तो यहां आने-जाने पर पाबंदी भी है और इधर कोई रहता भी नहीं।

---

# दुनिया में स्टार वॉर की तैयारी तेज, युद्ध का नक्शा बदलने जा रहे लेजर वेपन, भारत के अदृश्य ताकत से कांपेंगे चीन-पाकिस्तान!

**बीजिंग/दिल्ली।** दुनिया में लड़ाई के तरीके बदल रहे हैं। शक्तिशाली देश युद्ध में दुश्मन को चकमा देने के लिए कई तरीके आजमा रहे हैं। भविष्य की लड़ाई बिल्कुल नये अंदाज में लड़ी जाने वाली है। फ्यूचर वॉर वही जीतेगा, जिसके पास सिर्फ टेक्नोलॉजी नहीं, बल्कि युद्ध लड़ने के नए-नए तरीकों में महारत हासिल हो। अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर सुबह के चार बज रहे थे। अचानक रडार पर एक झलक दिखी। एक साथ 50 से ज्यादा चीजों को आते देखा गया। वो दुश्मन के फाइटर जेट्स या फिर पक्षियों के झुंड नहीं थे, बल्कि वो दुश्मन के ड्रोन थे, जो झुंड बनाकर भारतीय डिफेंस सिस्टम की तरफ बढ़ रहे थे। इन ड्रोनों का आकार माइक्रोवेव ओवन से ज्यादा बड़ा नहीं था। लेकिन, इनका काम था डिफेंस सिस्टम को कनफ्यूज करना। भारत ने पलक झपकते ही लेजर वीपन्स से इन्हें खत्म कर दिया।



### लेजर हथियार होना क्यों है बेहद जरूरी?

दुश्मनों के ऐसे ड्रोन्स का काम सेंसर को अंधा करना, डिफेंस सिस्टम को नुकसान पहुंचाना और एक बड़े जमीनी हमले से पहले भ्रम पैदा करना होता है। चूंकि, मिसाइलों की लागत काफी ज्यादा होती है और बंदूकों के जरिए ऐसे ड्रोन्स को खत्म करना संभव नहीं है, लिहाजा ऐसे हथियार की जरूरत होती है, जो ऐसे झुंड को खत्म कर सके। यहां पर लेजर हथियार अपना जलवा दिखाता है। प्रकाश की एक खामोश किरण अंधेरे को चीरती हुई आती है और दुश्मन के ड्रोन झुंड को तबाह कर देती है। कोई आवाज नहीं, कोई धमाका नहीं... बस जले हुए सर्किट की गंध आती है और दुश्मन की साजिश नाकाम हो जाती है।

### ड्रोन को खत्म करने में लेजर क्यों होते हैं घातक?

**स्पीड ऑफ इंगेजमेंट:** लेजर किरणें प्रकाश की गति से यात्रा करती हैं। एक बार लक्ष्य की पहचान हो जाने पर लेजर तुरंत उस पर हमला करता है। मिसाइलों की तरह उड़ान के समय में कोई देरी नहीं होती।

**प्रति शॉट कम लागत:** मिसाइल दागने में हजारों या लाखों रुपये खर्च होते हैं। एक लेजर "शॉट" की कीमत इस्तेमाल की गई बिजली की कीमत के बराबर होती है, यानि प्रति यूनिट बिजली का खर्च।

**काफी ज्यादा इफेक्टिव:** लेजर ड्रोन के कमजोर प्वाइंट्स, जैसे मोटर, सेंसर या उसके पंखों को निशाना बनाते है। उसके विस्फोटक पर हमला नहीं करते हैं। लिहाजा ड्रोन में धमाका नहीं होता, इससे ड्रोन गिरने के बाद भी तबाही नहीं मचा पाते हैं।



**शांत और गुप्त:** लेजर हथियार शोर नहीं मचाते हैं। वे विस्फोट नहीं करते। वे बहुत कम निशान छोड़ते हैं। लिहाजा ये शहरी क्षेत्रों या संवेदनशील सीमाओं पर गुप्त रक्षा के लिए काफी उपयोगी हो जाते हैं। युद्ध का मैदान बदल गया है। दुश्मन मानव रहित, ऑटोमेटिक और तेजी से कृत्रिम होता जा रहा है। चाहे वह लद्दाख पर झुंड हो, मुंबई हवाई अड्डे के पास एक दुष्ट ड्रोन हो, या अदन की खाड़ी के पास समुद्री डाकू ड्रोन हमला हो, भारत को एक ऐसी ढाल की जरूरत है जो खत्म न हो, चूक न जाए और हर शॉट पर बहुत अधिक खर्च न हो। लिहाजा सही निवेश, सहयोग और तत्परता के साथ, भारत न सिर्फ उपभोक्ता बल्कि लेजर रक्षा में एक वैश्विक नेता बन सकता है।



### लेजर हथियार कैसे काम करते हैं?

लेजर हथियार डायरेक्ट एनर्जी वीपन का हिस्सा हैं। ये सिस्टम लक्ष्यों को नुकसान पहुंचाने या नष्ट करने के लिए विद्युत चुम्बकीय ऊर्जा की केंद्रित किरणों का उपयोग करते हैं। गोलियों या मिसाइलों के विपरीत, लेजर में कोई वजन नहीं होता है, लिहाजा, वे लक्ष्य पर गर्मी उत्पन्न करने के लिए प्रकाश ऊर्जा का उपयोग करते हैं, प्लास्टिक, धातु या संवेदनशील इलेक्ट्रॉनिक सर्किट को जलाते हैं। लेजर हथियार में आमतौर पर एक पावर सोर्स या जनरेटर, एक बीम डायरेक्टर (जैसे बुर्ज या गिम्बल), एक ट्रैकिंग सिस्टम (रडार, लिडार या ऑप्टिकल), ओवरहीटिंग को रोकने के लिए एक कूलिंग सिस्टम होते हैं।


MARUTI SUZUKI
NEXA
EXTEND YOUR PEACE OF MIND.
AVAIL 5 YEARS OF EXTENDED WARRANTY
ON THE GRAND VITARA STRONG HYBRID.
STRONG
HYBRID
GRAND VITARA
GRAND VITARA
R17 MACHINED ALLOY WHEELS
AUTO PURIFY WITH PM2.5 DISPLAY
8-WAY DRIVER POWERED SEAT
EV MODE
6 AIRBAGS AS STANDARD
5 YEAR WARRANTY
3 YEARS + 2 EXTENDED YEARS
STRONG HYBRID NOW STARTING AT ₹ 16 99 000*
BENEFITS UP TO ₹ 1 80 000*
ADDITIONAL SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-6392
1800-102-6392
For detailed T&C kindly visit nearest dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. *Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of financier. Scrappage offer valid for limited period only and is brought to you by Maruti Suzuki Toyotsu India Private Limited (a joint venture company between Maruti Suzuki India Ltd and Toyota Tsusho Group). Above offers are valid till 30th April 2025. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. ˜This extended warranty is applicable for Zeta+ and Alpha+ models of Grand Vitara.

शैलचित्र

अनुपम कुमार

# आज भी जीवंत रूप में कर्मागढ़ का शैलचित्र

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से 30 कि मी दूर पूर्व दिशा में ओडिशा सीमा से लगी ऊषा कोठी नामक पहाड़ी पर कर्मा गढ़ शैलाश्रय स्थित है। शैलाश्रय में तीन सौ से अधिक बहुरंगी जलचरों की आकृतियां हैं, जो तीन सौ फीट लम्बी तथा बीस फुट चौड़े क्षेत्र में पूर्व मुखी पाषाण शिलाखंड पर अंकित है। इस स्थल के पश्चिम में भैंसगढ़ी के बांस जंगलों में भी बेनीपाट में कभी पचास से अधिक चित्र अंकित थे, किन्तु आज छः सात चित्र ही आंशिक रूप से स्पष्ट है। प्रदेश के सुदूर पूर्व के इस सीमा जिले में धर्मजयगढ़ छाल मार्ग और जोबी गांव के निकट की पहाड़ियों में भी शैलचित्र देखे जा सकते हैं। इसी तरह इस पहाड़ के आसपास भी शैलचित्र भी देखे जा सकते हैं लेकिन अधिकांशतः धुंधले और स्पष्ट नहीं हैं। कहीं कहीं पर कुछ स्पष्ट तो हैं पर वह भी मिटने के कगार पर है। इन सभी शैलचित्रों में प्रकृति से जुड़े पहलुओं के अलावा आखेट के चित्रण ज्यादा देखने को मिलते हैं। इन शैलचित्रों को देखने पर समझ आता है कि पहले यह रंगीन रूप में और पूरी तरह स्पष्ट दिखाई देते रहे होंगे। ध्यान से देखे जाने पर सभी कलाकृतियां कलात्मक रूप में भी दिखाई देते हैं। यह सभी शैलचित्र निश्चित रूप से पुरातन संस्कृति को आज भी हमारे सामने रखने में सक्षम प्रतीत हो रहे हैं।



कला जगत

रजनी रजक

# आज भी प्रभावी रूप में है लोक गाथा ढोला मारु

छत्तीसगढ़ में प्रेम गाथा की गणना यदि की जाए तो संभवतः मुख्य स्थान में ढोला मारु को देना होगा। इसका कारण यह है कि यह एक ऐसी प्रेम गाथा है जो कि कई शैलियों में अलग अलग रूपों में भिन्न प्रसंगों को लिए भारत के कई स्थानों में देखी जाती है, परंतु ब्रज, निमाड़, बुंदेलखंड और छत्तीसगढ़ में ढोला मारु के रूप में प्रसिद्ध है। मौखिक और वाचिक परम्परा के द्योतक लोकगाथा ढोला मारु का यह स्वरूप छत्तीसगढ़ अंचल के जन जन में लोकप्रिय है। आंचलिक जनश्रुति में जीवित लोक गाथा ढोला मारु प्रणय गाथा है जो कि अत्यंत लोकप्रिय है। यदि पूरे लोक गाथा का अवलोकन करें तो गाथा का हर पहलू रहस्यों से भरा होता है जो दर्शकों के उत्सुकता को जानने और समझने के लिए प्रेरित करता नजर आता है। हर क्षण एक नया मोड़ दिखाई देता है। इस गाथा को रेवा परेवा के रूप में भी मान्यता है। इस लोक गाथा के मुख्य किरदार को रेवा, परेवा, जादूगरनी, राजा नल, राजा मारु, ढोला और तोता पर केंद्रित है। सम्पूर्ण गाथा सात खंडों में विभाजित है। संयोग और वियोग रस की परिपूर्णता ने गाथा का श्रृंगार कर सुंदरता से उन्मेषित किया है। देखें यह पंक्ति -

मुड़ कोरत कोरत देखय, दरपन हा लजाय।
रूप सुग्घर मोहिनी कस काया , चुनदी हा इतराय।
गोजा भर चुनदी कारी, कनिहा हा तोपाय।
धरे रेंगय माड़ी ला, लईका कस गोहराय।
पाछु ले देखे ले लागे, घपटे करिया बादर आय।



ऐतिहासिक

बागेश्वर पात्र

# भुलाया नहीं जा सकता अबूझमाड़ विद्रोह

आदिवासी स्वाभिमान और मातृभूमि की आजादी के लिए परलकोट रियासत के भूमिया राजा गेंदसिंह बाऊ के नेतृत्व में सन 1824 में हल्बा, मुरिया और अबूझमाडिया आदिवासियों ने तत्कालीन शासन के विरुद्ध विद्रोह का बिगुल फूंक दिया था, जिसे इतिहास में परलकोट अथवा अबूझमाड़ विद्रोह का नाम दिया गया। विद्रोह ने व्यापक रूप ले लिया था। अंततः ब्रिटिश मराठा सेना के हस्तक्षेप से विद्रोह पर काबू पा लिया गया। आदिवासियों के पारंपरिक अस्त्र शस्त्र, आधुनिक तीर धनुष, फरसा और आधुनिक बंदूकों के आगे टिक नहीं सके। विद्रोह के नायक गेंदसिंह को गिरफ्तार कर 20 जनवरी 1825 को उनके महल के सामने इमली पेड़ पर फांसी दे दी गई। ऐतिहासिक साक्ष्य के अनुसार गेंदसिंह छत्तीसगढ़ के पहले शहीद हैं। अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा समाज द्वारा प्रति वर्ष 20 जनवरी को शहादत दिवस के रूप में गेंदसिंह को स्मरण किया जाता है। अंग्रेजों की शोषण नीति, अत्याचारी व्यवहार से क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश था। इस आंदोलन के क्रांतिकारियों को सरकार द्वारा आजीवन कारावास से लेकर कठोर से कठोर सजा दी गई।



छत्तीसगढ़ में गाये जाने वाले विवाह गीतों में लोक दर्शन के साथ- साथ धर्म और आस्था के दर्शन किए जा सकते हैं, जहां संगीत और नृत्य की सशक्त सनातनी परंपरा रामकथा से गूंथी हुई है। 'विवाह गीत' कालातीत और पारंपरिक गीत है। विवाह संस्कार के अवसर पर जो समयानुकूल गीत गाए जाते हैं।उसे 'विवाह संस्कार गीत' नाम से जाने जाते हैं। 'विवाह गीत' के विविध स्वरूपों में जैसे- बधाई, बरनी, गारी, समधन, ज्यौनार और देवी देखे जा सकते हैं। 'विवाह गीत' कहीं न कहीं हमारी सभ्यता और संस्कृति की परिचायक गीत है, जिसका वैवाहिक संस्कारों में सर्वोपरि महत्व होता है। हृदय संसार से सम्बद्ध गीत ही 'विवाह गीत' है।जो जनमानस को आह्लादित कर देता है। इससे लोग आत्मीयता से जुड़ जाते हैं। मूलतः 'विवाह गीत' एक लौकिक गीत है।



# लोक आस्था की अनूठी अभिव्यक्ति विवाह गीत

परम्परा : डॉ.राघवेन्द्र कुमार 'राज'

आह्लाद के क्षणों में गाये जाने वाला 'विवाह गीत' नृत्य की रंगभूमि का अनायास निर्माण कर देता है और लोग थिरक उठते हैं। 'विवाह गीत' ग्राम्य गीत ही है। जिनमें जीवन की शुद्धता और भावों की सहजता सम्मिलित होती है। मानवीय जीवन के संस्कार की गर्भ से उपजे गीत ही 'विवाह गीत' है।

छत्तीसगढ़ में शादी की विभिन्न रस्मों के दौरान 'विवाह गीत' महिलाओं और दुल्हन की सहेलियों द्वारा गाये जाते हैं।चुल्माटी गीत से परिजन हंसते- हंसते लोटपोट हो जाते हैं-

'तोला माटी कोड़े ल नइ आवय धीर धीरे -धीरे,
तोला साबर धरे ल नइ आवय धीर -धीरे....।

तेलहरदी और नहडोरी के क्षणों में गाये जाने वाले 'विवाह गीत' में राम लखन के नामों का उल्लेख किया जाना धर्म और आस्था का ही प्रतीक है-

'तरी हरी नाना हो जयदेव नरायन।
राम लखन के दाई तेल चढ़त हे।
कहां वाले हरदी दाई तोरे...
दे तो दाई लोटा, गंगा नहाए ल जाहूं।
कोन कोड़ाये ताल सगुरिया।
कोन बनाये बांधे।
राम कोड़ाये ताल सगुरिया,लखन बनाए बांधे।
हे हो दाई....

मौर सौपनी के गीतों में धर्म के प्रति अनन्य आस्था के दर्शन किए जा सकते हैं-

'पहिनव दाई ओ सोन रंग कपड़ा।
सऊपव दाई माथे के मऊर...
मऊर सऊपत ले दाई बइंहा झन डोले,
धरमिन दाई सऊपव माथे के मऊर।...

भड़ौनी गीत एक ओर जहां विवाह के अनमोल क्षणों को हास-परिहास से भर देता है तो दूसरी ओर टिकावन के खुशनुमा पड़ाव पर बेटी की परिवार के प्रति प्रेम पूरित लालसा की दिव्य दर्शन किए जा सकते हैं-

'तुंहर गांव के चारों मुड़ा डुलवा डुलवा दिखथे रे।
जम्मो आए बरतिया मन बुढ़वा बुढ़वा दिखथे रे।'
टिक देबे ददा हाथी अऊ घोड़ा,



टिक देबे ददा लागत गाए।
टिक देबे दाई अचहर पचहर,
टिक देबे दाई नौलक्खा हारे।...

भांवर (फेरे) के दौरान गाए जाने वाले 'विवाह गीत' में लौकिक प्रेम के साथ -साथ और अलौकिक भक्ति और प्रेम की झॉंकी देखते ही बनती है-

'भांवर पड़त हे ओ नोनी दुलहिन के।
होवत हे दाई मोर राम सीता के बिहाव।
सात भांवर पड़गे हो नोनी दुलहिन के।
चलव- चलव दाई काहत हे बराती...

'विवाह गीत' की अंतिम परिणति विदाई गीत से परिजनों के नैन सजल हो आते हैं। मां बाप का प्यार भरा आंगन रो पड़ता है और सुखी दाम्पत्य जीवन का अमृत संदेश भी दे जाता है-

'जा दुलऊरीन बेटी तैंहा
घर ल सरग बनाबे ओ।
नान्हेपन के तैं बेटी
घर के लाज बचाबे ओ।
सास -ससुर के सेवा करबे
धरम के जोत जगाबे ओ।
झन रो मोर दुलऊरीन बेटी
जिनगी म सुख पाबे ओ।'

'विवाह गीत' वैवाहिक संस्कार की धड़कन है जो रूलाता भी है और हंसाता भी है।

गांव की कहानी : पूरन सिंह सिदार

# प्रसिद्ध गढ़ों में एक केनागढ़



सरायपाली से लगभग दस कि मी दूरी पर दक्षिण दिशा में बस्ती पाली प्राचीन राजमार्ग पर केना नामक ग्राम है। इस ग्राम में भैना कालीन एक छोटा सा मैदानी गढ़ है, जो लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इस गढ़ की आकृति अल्प गोलाकार है। पूर्व में इस गढ़ पर द्वारपालों की व्यवस्था थी, जिसे आज द्वार सेनी कहा जाता है। आज भी गढ़ के मुख्य द्वार के सामने सेनहा वृक्ष के नीचे द्वार सेनी की एक सामान्य पाषाण खंड के रूप में पूजा की जाती है। गढ़ के पश्चिम में विक्रम पाट ( पाषाण खंड) देवता के सामने एक लोहे की कढ़ाई और संकल था, किन्तु कुछ समय पूर्व से यह प्रथा बंद कर दी गई है। इस देवता के प्रति लोगों में अपार श्रद्धा है। इस देवता को पूर्व में बकरे की बलि दी जाती थी, जिसे अब बंद कर दी गई है। वर्तमान में यहां श्वेत पूजा की जाती है। विक्रम पाट देवता अथवा विक्रम राज इस गढ़ के अंतिम भैना सामंत रहे होंगे, जिन्हें साय वंशीय मोगरा साय ने पराजित कर अपना साम्राज्य स्थापित किया था। गढ़ के भीतर खाई में प्राचीन मिट्टी के टूटे पात्र और टूटे ईंटें और कौड़ी पड़े हैं। इस गढ़ के दक्षिण में खलिहागढ़ बांध है। इस ग्राम के चारों दिशाओं में तालाब हैं। यहां के दर्रा तालाब में विजया दशमी के दिन सामंत परिवार अपने अस्त शस्त्र को धोता था। इस प्रकार के तालाब विभिन्न गढ़ों में हैं।

लोक साहित्य

डा. मंजू शर्मा

# छत्तीसगढ़ी में मुक्तक काव्य की परम्परा

छत्तीसगढ़ी मुक्तक काव्य परम्परा का श्रीगणेश बीसवीं सदी के आरंभ में मिलता है। इसके के आधार पर पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय व पंडित पृथ्वी लाल तिवारी छत्तीसगढ़ी काव्य आंदोलन के अगुवा और नई पीढ़ी के प्रेरक हुए। इस कड़ी को पंडित शुक्लाल प्रसाद पाण्डेय और पंडित बंशीधर पाण्डेय ने आगे बढ़ाया। जगन्नाथ प्रसाद भानु की कुछ रचनाओं का उल्लेख मिलता है जिसमें मातेश्वरी गुटका छत्तीसगढ़ी जस गीत का संग्रह है। छत्तीसगढ़ी काव्य में ग्राम्य जीवन एवं लोक साहित्य का संचार करने वाले प्यारे लाल गुप्त छत्तीसगढ़ी काव्य के स्तंभ हैं। इस युग में ही छत्तीसगढ़ी साहित्य को मंच व प्रकाशन देने वाले युग प्रवर्तक कवि पंडित द्वारिका प्रसाद तिवारी विप्र का योगदान अविस्मरणीय है। पंडित कपिल नाथ मिश्र ने खुसरा चिरई के बिहाव लिख कर जहां प्रबंध काव्य की परंपरा को समृद्ध किया, वहीं पक्षियों की सूक्ष्म जानकारी देकर और उनका मानवीकरण करके नवोन्मेष का उद्भास किया। राजेंद्र प्रसाद तिवारी कृत भुईयां के पाकिस चुदी उल्लेखनीय काव्य संग्रह और छत्तीसगढ़ी काव्य के सशक्त कवि हैं। देखें उनकी यह कविता के अंश -

घा गोदर के का गोठियाबो,
छेना कस थोपाए हे।
भनन भनन माछी मन अंग में,
गोदना कस गोदाए हे।

स्वतंत्रता के पश्चात छत्तीसगढ़ी मुक्तक काव्य परम्परा का विकास बिलासपुर जिले के अतिरिक्त रायपुर और दुर्ग जिला उल्लेखनीय है। मुक्तक काव्य स्वतंत्रता के पश्चात अधिक लिखे गए और प्रचार माध्यमों में इसकी लोकप्रियता और प्रकाशन में इसकी सक्रियता दिखाई दी। आज सैकड़ों मुक्तक काव्य संग्रह प्रकाशित व हजारों अप्रकाशित काव्य संग्रह हैं।

## लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- Choupalharibhoomi@gmail.com

चिन्हारी

टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'

प्रकृति म अइसे कोनों बेजान जिनीस नइ हे, जेकर कुछू-न-कुछू उपयोग नइ होय, याने दुनिया के हर बेजान चीज उपयोगी हे , बस जानकारी जरुरी हे कि कोन जिनीस के काय, कइसे, कब अऊ कहां उपयोग करे जाय। हर बेजान जिनीस- धुर्रा-माटी, ईंट-पाथर, रुखराई सब बने हें उपयोग करे याने बउरे बर। इकर उपयोग करई याने बउरई ल हम मनखे प्राणी ले जादा कोनों जीव-प्राणी नइ जान-समझ पाय, काबर कि मनखे हर सब जीव ले जादा अकल वाले जीव आय।

# गांव-देहात म आगी बारे के बढ़िया खोरसी

एक आहू बात सोला आना सच आय कि मनखे के रोटी, कपड़ा अऊ मकान ह मूलभूत जरूरत के जिनीस आय। ये मूलभूत जिनीस पाये बर अऊ बहुत से जिनीस जरुरत पड़थय। मनखे के सबले पहिली मूलभूत चीज रोटी ल तियार करे बर पानी के संगे-संग आगी के घलो जरूरत पड़थय। अब हमर गांव-देहात म आगी बारे बर छेना-लकड़ी उपयोग होथय। अब लकड़ी के बात चले ले आगी बारे बर एक जिनीस होथय अऊ वो जिनीस आय- खोरसी। येला खोड़सी घलो कहे जाथय।

कोनों रुख के गिरे या काटे ले वोकर सुक्खा या कइच्चा ठुड़गा याने ठूठ रही जाथय। इही ठुड़गा ल टांगिया के काटे ले नाना-नान कुटका निकलथय अऊ येकर नान्हे-ले-नान्हे कुटका ह किरचा आय। इही नाना-नान कुटका याने किरचा हर खोरसी आय।

खोरसी ल बेटा जात हो, चाहे माईलोगिन खेत खार ले बोरी या जउहा म जोर के घर लानथय। ताहन येला अच्छा बने लकलक ले घाम म रख देथय। खड़खड़ ले मस्त सुखाथय। खोरसी घाम म जतका जादा सुखाथय, वोतका बढ़िया बरथय।



खोरसी ल चुल्हा म दिगर लकड़ी अऊ छेना-खरसी के संग बारे जाथय। येला भुर्री घलो बारे जाथय। येहा बड़ बढ़िया बरथय। येकर आगी रगरग ले रहिथे। येकर ले कोयला घलो निकलथय। कोयला ह घलो बारे-जलाये के काम आथय। याने खरसी ल बार ले, अऊ वोकर कोयला ल घलो। आम के आम गुठलू के दाम।

खोरसी लनई म मनखे के मेहिनत के संगे-संग, अबिरथा रूप म पड़े चीज के उपयोग वाले बात घलो हो जथय। खोरसी लनई अऊ बउरई ह हमर लोक-संस्कृति के बचाय के एक बढ़िया जरिया आय। आगी बारे के कतको आधुनिक संसाधन के होय बावजूद हमर खोरसी बारे के परम्परा हर चलते राहय, येकर ले हमर अवइया नवा पीढ़ी हर खोरसी के महत्व ल जानही अऊ समझही। हमर खोरसी बारे-जलाये के परम्परा चलते राहय, येकर बर रुखराई लगई अऊ उन्ला बचई बहुत जरूरी हे। एक आहू बात ल ध्यान राखेला पड़ही कि काचा ठुड़गा के खोरसी निकाले ला झन पड़य। सुक्खा ठुड़गा ले ही खोरसी निकलई होय। हमला खोरसी मिलते राहय येकर बर आवव... हम सब एकक पेड़ लगावन।

## साढ़े 12 लाख में हुई थी बुकिंग

# बेटे का सपना हुआ पूरा, दुल्हन लेने हेलीकॉप्टर से पहुंचा दूल्हा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

जिले के घट्टिया क्षेत्र के गांव चौंसला में बोरिंग और प्रॉपर्टी का व्यवसाय करने वाले जितेन्द्र सिंह गोहिल के बेटे कप्तान सिंह का सपना था कि वह हेलीकॉप्टर से बारात ले जाए। जितेन्द्र ने बेटे का सपना पूरा किया है। चौंसला गांव से एक दूल्हा हेलीकॉप्टर से इंगोरिया गांव में पहुंचा। दोनों गांव में हेलीकॉप्टर से आई बारात देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। दोनों गांव में हेलीपैड बनाए गए। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हेलीकॉप्टर लैंड हुआ। हेलीकॉप्टर बुकिंग में 12.50 लाख रुपए खर्च किए गए। कप्तान सिंह की शादी इंगोरिया की रहने वाली लक्ष्मी कुंवर से तय हुई थी। बारात सोमवार को जानी थी। हलीकॉप्टर के लिए अहमदाबाद की एसके कंपनी से संपर्क किया। लगभग 12.50 लाख रुपए की डील फाइनल होने के बाद पुलिस, जिला प्रशासन, फायर डिपार्टमेंट से एनओसी सहित सभी जरूरी दस्तावेज तैयार कर लिए गए। गांव चौंसला और इंगोरिया में हेलीकॉप्टर लैंडिंग के लिए हेलीपेड बनाए गए और विधिवत अनुमति ली गई। मौके पर घट्टिया थाने का पुलिस बल भी तैनात रहा।

## जेईई मेन परीक्षा के प्रश्न पत्र में गड़बड़ी पर दी सफाई

# एनटीए ने हमेशा किया है पारदर्शी प्रक्रिया का पालन

### उम्मीदवारों को दी सलाह ऊल-जुलूल अफवाहों से गुमराह न हों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा देशभर के तमाम इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए अप्रैल महीने में कराए गए जेईई-मेन के प्रश्नपत्र में मिली गड़बड़ियों के मामले पर मचे हड़कंप के बीच सोमवार को एनटीए ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उम्मीदवारों को सलाह दी कि वे अनावश्यक संदेह और चिंता पैदा करने वाली खबरों (रिपोर्टों) से गुमराह न हों। एक्स पर पोस्ट में एनटीए ने कहा कि उसने हमेशा ही एक पारदर्शी प्रक्रिया का पालन किया है। जिसके तहत उम्मीदवारों को अंतिम उत्तर कुंजी जारी होते ही अपने रिकॉर्ड किए गए उत्तर देखने की अनुमति दी जाती है। एनटीए अंतिम उत्तर कुंजी के लिए हर चुनौती पर बेहद गंभीरता से विचार करता है।

### अंतिम उत्तर कुंजी प्रकाशित नहीं की गई है

एजेंसी के मुताबिक, उत्तर कुंजी चुनौती प्रक्रिया सभी उम्मीदवारों के लिए एक निष्पक्ष और विश्वसनीय प्रणाली सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस कवायद का उद्देश्य एक प्रकार से किसी भी विसंगति को दूर करना और निष्पक्षता को बरकरार रखना है। एनटीए ने यह भी साफ किया कि जेईई मेन सत्र-2 के संबंध में अपलोड की गई उत्तर कुंजी केवल अंतिम हैं जबकि अभी तक अंतिम उत्तर कुंजी प्रकाशित नहीं की गई हैं। स्कोर सिर्फ अंतिम उत्तर कुंजी द्वारा निर्धारित किया जाता है और उसी के आधार पर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है।

### पहले पेपर लीक की खबरों ने मचाया था बवाल

बताते चलें कि नीट प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले पर बीते समय में देश में मचे बवाल के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसरो के पूर्व अध्यक्ष की डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति भी गठित की थी। जिसने अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौंप दी है। इन सबके बीच एनटीए और उसकी कार्यप्रणाली से जुड़े ढांचे में कोई बहुत बड़ा ठोस बदलाव देखने को नहीं मिला है। भविष्य में इसकी उम्मीद की जा सकती है।

### यूं खड़ा हुआ पूरा विवाद

दरअसल इस मामले में पूरा विवाद मीडिया के एक धड़े में जेईई मेन परीक्षा के प्रश्नपत्र में गड़बड़ी शीर्षक से प्रकाशित खबर के सामने आने के बाद खड़ा हुआ। जिसमें यह जानकारी दी गई थी कि परीक्षा से जुड़ी उत्तर कुंजी और प्रश्न पत्र में गड़बड़ी सामने आई है। जिसे लेकर छात्रों ने परीक्षा के आयोजन और संचालन दोनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रों का तर्क है कि इतनी बड़ी परीक्षा में इस तरह से गड़बड़ियां होना यह दिखाता है कि राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी द्वारा परीक्षा के संचालन में कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

# वक्फ कानून पर पाक की टिप्पणी को भारत ने किया सिरे से खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने वक्फ संशोधन कानून पर पाकिस्तान द्वारा की गई टिप्पणी को सख्त लहजे में सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि वक्फ बिल को लेकर पाकिस्तान की टिप्पणी में की गई बातें पूरी तरह से बेबुनियाद और निराधार हैं। भारत के एक लोकतांत्रिक देश होने के नाते यहां के कानून पूरी तरह से संविधान के हिसाब से बनाए जाते हैं। भारत के आंतरिक मामलों में बोलने का पाकिस्तान को कोई अधिकार नहीं है।

### अपने गिरेबान में झांके पाक

भारत ने अपने बयान में पाकिस्तान को दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने की बजाय अल्पसंख्यकों के अधिकारों के संरक्षण के मामले में अपना खुद का खराब रिकॉर्ड देखने की नसीहत दी है। भारत की यह प्रतिक्रिया वक्फ बिल के संसद से पारित होने के बाद पाकिस्तानी मीडिया में इसे लेकर की जा रही नकारात्मक टिप्पणियों के संदर्भ में की गई है ।

## बस 25 फुट गहरे गड्ढे में गिरी, एक की मौत, 25 घायल

कोच्चि। केरल राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 25 फुट गहरे गड्ढे में गिरने से 15 वर्षीय एक लड़की की मौत हो गई और करीब 25 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बस में बैठी लड़की दुर्घटना में वाहन से बाहर गिर गई और बस के अगले पहियों के नीचे फंस गई।

**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग**
**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**
दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204, वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in

क्रमांक / 155/13/परीक्षा/2024

रायपुर, दिनांक 1 APR-2025

**व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) प्रारंभिक परीक्षा-2024 संबंधित सूचना**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन क्रमांक 04/2024/परीक्षा / दिनांक 23.12.2024 एवं शुद्धि पत्र क्रमांक 01/2025/ परीक्षा/दिनांक 23.01.2025 के तहत व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) परीक्षा-2024 की प्रारंभिक परीक्षा दिनांक 18 मई 2025 (रविवार) को आयोजन हेतु सूचना क्रमांक 7203/13/परीक्षा/2024 दिनांक 05.03.2025 जारी की गई थी।

माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा WPS No 608/2025 Ms. Vinita Yadav Vs The State of Chhattisgarh में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 07.04.2025 के परिपालन में दिनांक 18 मई 2025 को आयोजित व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) की प्रारंभिक परीक्षा-2024 को आगामी आदेश तक स्थगित किया जाता है।

सचिव छ.ग. लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

G-252600288/2

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

क्रमांक - पुअ/कधा/डीसीबी / 395/2025 दिनांक 14.04.2025

**नीलामी विज्ञप्ति**

कबीरधाम जिले के विभिन्न थाना / चौकी द्वारा न्यायालय द्वारा राजसात किये गये एवं एनडीपीएस एक्ट के मामले में जप्त बाद जिला ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा नीलामी योग्य पाये गये (दो पहिया वाहन 08, चार पहिया वाहन 12, ट्रेक्टर 01, ट्रेक्टर ट्रॉली 01 एवं भारी वाहन 02) कुल 24 वाहनों की खुली बोली प्रक्रिया के तहत नीलामी किया जाना है। नीलामी न्यू पुलिस लाईन कवर्धा के परेड ग्राऊण्ड में दिनांक 22.04.2025 दिन बुधवार के प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक नियत की जाती है। इच्छुक क्रेता वाहन के लिए नियम एवं शर्तों के अनुसार प्रत्येक दो पहिया वाहन के लिए 2000/- रूपये, चार पहिया वाहन के लिए 5,000/- रूपये, ट्रैक्टर ट्राली के लिए 5000/- एवं भारी वाहन के लिए 10,000/- रूपये का बैंक ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक जिला कबीरधाम के नाम पर बनवा कर संबंधित वाहन का नंबर/वाहन का प्रकार तथा अपना नाम, पता एवं मोबाईल नंबर अंकित कर आवेदन पत्र रक्षित निरीक्षक न्यू पुलिस लाईन से प्राप्त कर जिसका मूल्य 1000/- रू. है के साथ बंद लिफाफा में दिनांक 21.04.2025 के कार्यालयीन समय में न्यू पुलिस लाईन कबीरधाम में रक्षित निरीक्षक के समक्ष जमा करने उपरांत ही नीलामी बोली में शामिल हो सकते हैं । वाहनों को नीलामी तिथि के पूर्व कार्यालयीन समय में थाना चिल्फी में वाहन क्रमांक होण्डा कार क्र. जेएच-04 डी -8284 व आईसर ट्रक क्र. युपी - 86 टी - 4176 तथा शेष 22 वाहनों को न्यू पुलिस लाईन कबीरधाम के परेड ग्राऊण्ड में जाकर देख सकते हैं। नीलामी की अन्य शर्ते न्यू पुलिस लाईन कबीरधाम के नोटिस बोर्ड पर देखी व प्राप्त की जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक
अध्यक्ष
जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति

G-252600290/3

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना क्र. - 02/2025-26**
**( प्रथम निविदा आमंत्रण)**

क्रमांक/ / एस.ए.सी./ ग्रा.यां.सेवा /2025-26 जगदलपुर, दिनांक /04/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा ऑनलाईन (Online) दिनांक 29.04.2025 तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख मे) | मैनुअल दस्तावेज कार्यालय मे पहुँचने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरपदर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (विद्युतीकरण कार्य सहित) वि.ख. बकावण्ड | 34.15 लाख | 29.04.2025 |
| 2 | शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साड़गुड में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (विद्युतीकरण कार्य सहित) वि.ख. जगदलपुर | 34.15 लाख | 29.04.2025 |

2. उक्त निर्माण कार्यो की निविदा सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in मे दिनांक 19.04.2025 से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग जगदलपुर

G-252600287/2

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल,देवघर**

**शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भवन प्रमंडल देवघर द्वारा प्रकाशित ई-टेन्डर रेफरेन्स नं0-**BCD/EE/11/ DEOGHAR /2024-25** जिसका पी0 आर0 संख्या-349402 Building (24-25)#D के निविदा में निम्नांकित आंशिक संशोधन किया जाता है।

| क्रमांक | पूर्व में वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | संशोधित वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 08.04.2025 11:00 बजे | 16.04.2025 11:00 बजे |
| 2 | पूर्व में बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | संशोधित बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय |
| 2 (क) | 21.04.2025 11:00 बजे | 24.04.2025 11:00 बजे |
| 3 | पूर्व में निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | संशोधित निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान |
| 3 (क) | 22.04.2025 11:00 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, झारखण्ड, रॉंची। | 25.04.2025 11:00 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, झारखण्ड, रॉंची। |

सभी शर्ते यथावत् रहेगी।

PR.NO.350409 Building(25-26):D कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल देवघर

**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर**

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि खरोरा उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले 33/11 के.व्ही. विद्युत लाईन में मानसून पूर्व आवश्यक सुधार कार्य एवं मरम्मत कार्य हेतु लाईन बंद होने निचे तालिका में दर्शित दिनॉक को सुबह 08.00 से दोपहर 02.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण फिडर से निकलने वाले समस्त दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 16.04.2025 | 33 के.व्ही. कोसरंगी फीडर | कोई उपभोक्ता प्रभावित नहीं |
| 2 | 17.04.2025 | 33 के.व्ही. भैंसा फीडर | कोई उपभोक्ता प्रभावित नहीं |
| 3 | 18.04.2025 | 33 के.व्ही. बेलटुकरी फीडर | कोई उपभोक्ता प्रभावित नहीं |
| 4 | 19.04.2025 | 33 के.व्ही. ताराशिव-मुरा फीडर | उच्चदाब उपभोक्ता पुनर्व रिसोर्सेस, इकोरेक्स, बेबो, एग्रो, जे.डी. हार्डस्केप |
| 5 | 21.04.2025 | 33 के.व्ही. ताराशिव-खरोरा फीडर | उच्चदाब उपभोक्ता श्री इन्डस्ट्रीज, राधाकृष्ण राईस मील, सारडा डेयरी, श्री इंडस्ट्रीज |
| 6 | 22.04.2025 | 33 के.व्ही. एच.टी. फीडर | उच्चदाब उपभोक्ता, खरोरा, भैंसा, खरोरा-कोसरंगी रोड़ में उपस्थित समस्त उच्चदाब उपभोक्ता सी.जी. सोया, गीता राईस मिल, के.एस. मोहित, बालाजी राईस, मिल, जे.जी. राईस मिल, जगदम्बा, राईस मिल, ओम राईस टेक, ग्रीन एग्रो, हरेकृष्णा, हिन्दुस्तान एग्रोटेक |
| 7 | 23.04.2025 | 33 के.व्ही. आई.टी.बी.पी फीडर | उच्चदाब उपभोक्ता ए.एन.बी.एग्रो, आई.टी.बी.पी., अमेटी कॉलेज, लक्ष्मी सोलर, उमा श्री राईस मिल, मसरूम प्लांट, मारूती फेस |

"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराऐं।"
असुविधा के लिए खेद है

Credible Chhattisgarh

"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए"

(धनंजय कुमार वर्मा)
कर्मचारी संख्या-92315604
कार्यपालन यंत्री (संचा./ संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर

S-43537/2

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

तलाश की नई सुबह
Contact for advertisment booking :
Raipur : 62638-18152

**Appointment आवश्यकता**

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5,8,10 पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहने, खाने की सुविधा, वेतन 14500 से 19000 तक MO. 8109070600. (RO-7086)

आवश्यकता है- उरला इंडस्ट्रीयल ऐरिया (रिंग रोड न.२), रायपुर में सिक्यरिटी गार्ड की आवश्यकता है। PF/ESIC सुविधा, बोनस, छुट्टी इत्यादि । डाइरेक्ट कम्पनी के रोल में भर्ती। सम्पर्क करे: 9993103927. (RO-175)

### ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- शंकर नगर ऑफिस में ऑफिस बॉय एवं गर्ल की आवश्यकता है, जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। इच्छुक एवं योग्य व्यक्ति संपर्क करें। मोबाइल: 9300532000. (RO-352)

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई लोकेशन हेतु, ऑफिस बॉय की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क- 8898306907.(आरो नं.-721)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क नंद होजियरी डिपो जय हिंद होजियरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल 9111191909, 9300188811 (RO-593)

आवश्यकता है- बैंगल शॉप ( चूड़ी दुकान ) में काम करने के लिए लड़के एवं कॉस्मेटिक और ज्वेलरी शॉप में लड़की की आवश्यकता है संपर्क :- निखार "ए" मार्केट सेक्टर 6 भिलाई नगर जिला दुर्ग मो.- 9826186026 (RO-726)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### मुंशी/एकाउंटेंट

आवश्यकता है- कोल्ड स्टोरेज मे कार्य करने हेतु - मुंशी 2 पद, एकाउंटेंट 1 पद की आवश्यकता है, अनुभव 3 वर्ष, सैलरी योग्यता अनुसार। पता - बेनी कोल्ड स्टोरेज रिंग रोड नं. 3, गिरोद, रायपुर मो. नं. 9009491669. (RO-7094)

### पैकिंग/लेबर कार्य

आवश्यकता है- चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की एवं ड्राइवर की जरूरत है। संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490 (RO-7098)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

आवश्यकता है- मल्टीनेशनल कंपनी के डिपो में काम करने हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। PF, ESIC की सुविधा उपलब्ध। साक्षात्कार सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए गए पते पर संपर्क करें ₹श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर₹ 7828901614, 7828901615. (RO-034)

### सुपरवाइजर

आवश्यकता है- दुर्ग एवं बोड़ेगांव स्थित राईसमिल के लिये सुपरवाईजर, की आवश्यकता है उम्र 25 से 30 वर्ष रहने की सुविधा चांवल एवं सिलेण्डर फ्री दिया जायेगा। संपर्क करें:- मो. 9303309932 7987085401 (आरो नं.-727)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- राम मंदिर (VIP Road) रायपुर के पास कार चलाने के लिए अनुभवी घरेलु कार ड्रायवर की आवश्यकता है। वेतन 14000/-12 घंटे डयूटी संपर्क करें: - 9713343666.(RO-7213)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

आवश्यकता है- टाटा 14 चक्का (डालाबॉडी) ट्रक डेली रायपुर बिलासपुर रायपुर चलाने ड्राइवर चाहिए जिसके पास हैवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस हो, वेतन योग्यतानुसार संपर्क करे- जय मातादी ट्रांसपोर्ट, व्यापर विहार , बिलासपुर 7024114747. (RO-37426)

### शिक्षक/ शिक्षिका

आवश्यकता है- संस्कार वैली एकेडमी अंग्रेजी माध्यम अंग्रेजी, गणित व अन्य विषयों के अध्यापन के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। वेतन योग्यता व अनुभव अनुसार संपर्क- वार्ड नंबर 9 बंजारी नगर रावाभाटा बिरगांव रायपुर मोबाइल नंबर 6263093809, 8435328450 (RO-7091)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, संपर्क समय सुबह 10.30 से रात 9.30, विरदीचंद मानकलाल जैन कंकाली पारा रायपुर 9425216364, 9340477419. (RO-038)

### काउंटर/ड्राइक्लीन

आवश्यकता है- अमृत साड़ी पॉलिश सेन्टर पंडरी रायपुर प्रेस, धुलाई, काउंटर स्टाफ और ड्राइक्लीन से संबंधित कार्य के लिए लड़कों और कारीगर की जरूरत है 8103688822, 7999136268 (RO-4948)

### मिस्त्री/हेल्पर

आवश्यकता है- दुर्ग से बालोद रोड ग्राम कुथरेल में अपना ढाबा में अनुभवी मिस्त्री सप्लाई हेल्पर चहिए वेतन योग्यतानुसार मिस्त्री 15000 से 20000 सप्लाई हेल्पर 9000 से 12000 तक दिया जाएगा। mo.-9098459847, 93035799982.(आरो नं.-729)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### सेल्समैन

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) मे काम करने के लिए मेहनती स्टाफ लड़का / लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समेन की आवश्यकता है मो.7067048454. (RO-7092)

### राईस मिल कार्य

आवश्यकता है- दुर्ग स्थित राईस मिल में धान हाफर काटने के लिये दिन एवं रातपाली में 5-5 लड़को की आवश्यकता है। रहने की सुविधा चांवल एवं सिलेंडर फ्री। संपर्क करें- मो- 9303309932, 7987085401 (आरो नं.-728)

### अकाउन्टेंट

आवश्यकता है- मल्टीनेशनल कंपनी के अकाउंट्स डिपार्टमेंट काम करने हेतु फ्रेशर B.COM ग्रेजुएट की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। PF, ESIC की सुविधा उपलब्ध। साक्षात्कार सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए गए पते पर संपर्क करें ₹श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर₹ 7828901614, 7828901615. (RO-036)

### सुपरवाइज/ऑफिस स्टाफ

आवश्यकता है- गोडाउन में काम करने हेतु एक सुपरवाईजर कम ऑफिस स्टाफ की आवश्यकता है। उम्र 25 से 30 वर्ष। 1 से 2 वर्ष अनुभवी एवं स्थानीय निवासी को प्राथमिकता। संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें:- क्लासिक स्पार्कलर्स, जय गोपाल सोसायटी, बीएसएनएल आफिस के सामने, फाफाडीह चौक, रायपुर (RO-501)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

आवश्यकता है- प्लास्टिक के थोक दुकान में कार्य करने हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर लड़का या लड़की एवं लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क समय 12 से 6 प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261-13735. (RO-592)

### ड्रायवर/टेलीकॉलर

आवश्यकता है- प्रचार की गाड़ी एवं कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर जो घर के बाहर जा सके वेतन (10000 - 15000) एक फीमेल टेलीकॉलर, (8000 - 10000), 02 सेल्स एग्जीक्यूटिव (12000 - 20000), 01 ग्राफिक डिजाइनर (17000 - 25000) संपर्क मंजीत टावर, माँ एंड एजेंसी 8871117007, 8109946664. (RO-3842)

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने हेतु सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। साक्षात्कार सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए गए पते पर संपर्क करें ₹श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर₹ 7828901614, 7828901615. (RO-035)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है जो छत्तीसगढ़ के बाहर लखनऊ कानपुर में रहकर काम कर सके योग्यता 10वीं से 12वीं वेतन 15000 +बोनस रहना फ्री संपर्क करें:- 8120904412. 7580879892. (RO-037)

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपड से 12 वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, सुपरवाइजर, ड्राइवर, गनमैन सेलरी 18500/- से 45500/- रहना खाना फ्री 08588080514. (RO-7099)

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लडको की उम्र 18-32, 10th, 12th पास जो आगरा, में रह कर काम कर सके वेतन 10,000/- + कमीशन + बोनस , रहना फ्री शीघ्र संपर्क करे - 6395268809, 7252820491.(RO-319)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### अन्य

आवश्यकता है- Forest Department को जिलानुसार लड़के लड़कियों की पद संख्या-875 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (32500+62500 )रहना +खाना सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (आशीष साहू )- 7460994309. (RO-806)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज
- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड,सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

## जैकेट के शेष

### छह साल में पहली ....

आ गई थी, जो साल-दर-साल आधार पर सबसे कम थी। अब मार्च में उससे भी कम महंगाई रही है, जिसका मुख्य कारण खाने-पीने की चीजों की कीमतों में कमी है। 3 से 8 अप्रैल तक 40 अर्थशास्त्रियों के बीच किए गए रॉयटर्स पोल ने अनुमान लगाया था कि मार्च में महंगाई लगभग 3.60% रहेगी, जो पिछले महीने से बहुत कम या कोई बदलाव नहीं है।

**सीपीआई महंगाई डेटा**

मार्च में सीपीआई महंगाई घटकर 3.34%
3.5% का अनुमान था
शहरी महंगाई 3.32% से बढ़कर 3.43%
ग्रामीण महंगाई 3.79% से घटकर 3.25%
खाद्य महंगाई 3.75% से घटकर 2.69%

**यहां भी आई कमी :** प्राथमिक वस्तुओं की महंगाई दर मार्च में घटकर 0.76% हो गई। फरवरी में यह 2.81% थी। प्राथमिक वस्तुएं वे होती हैं जो सीधे खेतों या खदानों से मिलती हैं, जैसे अनाज, फल, सब्जियां आदि। ईंधन और बिजली की थोक कीमतें मार्च में 0.20% रहीं। फरवरी में यह नेगेटिव 0.71% थी। इसका मतलब है कि ईंधन और बिजली की कीमतें अब बढ़ रही हैं, जबकि फरवरी में यह कम हुई थीं। विनिर्मित उत्पादों की कीमतें 3.07% बढ़ीं। फरवरी में यह 2.86% बढ़ी थीं। विनिर्मित उत्पाद वे होते हैं, जो फैक्ट्रियों में बनते हैं।

### इस बार झूम के ....

(जून से सितंबर) के मानसून के मौसम में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है तथा कुल वर्षा दीर्घावधि औसत 87 सेमी का 105 प्रतिशत (पांच प्रतिशत की मॉडल त्रुटि के साथ) रहने का अनुमान है। दक्षिण-पश्चिम मानसून एक जून से 30 सितंबर तक सक्रिय रहता है। उन्होंने कहा कि भारत में मानसून की वर्षा को प्रभावित करने वाले सभी महत्वपूर्ण कारकों में से दो का प्रभाव तटस्थ होगा, जबकि एक का इस वर्ष बारिश पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा, मानसून के दौरान सामान्य वर्षा की 30 प्रतिशत संभावना, सामान्य से अधिक वर्षा की 33 प्रतिशत संभावना तथा अत्यधिक वर्षा की 26 प्रतिशत संभावना है।

### छत्तीसगढ़ में सामान्य ....

से ही भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं और अप्रैल से जून की अवधि में बहुत ज्यादा गर्मी पड़ने का अनुमान है। इससे बिजली ग्रिड पर दबाव पड़ सकता है और पानी की कमी हो सकती है।

### सोनिया-राहुल पर .....

के लिए अगली बार 25 अप्रैल, 2025 को इस अदालत के समक्ष रखा जाएगा, जब ईडी और जांच अधिकारी (आईओ) के विशेष वकील अदालत के अवलोकन के लिए केस डायरी भी प्रस्तुत करेंगे। गौरतलब है कि नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र की स्थापना 1938 में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी। यह स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक था, इसे एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड यानी एजेएल की तरफ से प्रकाशित किया जाता था। साल 2008 में वित्तीय संकट के बाद समाचार पत्र बंद हो गया और यहीं से इस विवाद की शुरुआत हुई। इसके बाद 2010 में यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी बनीं, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 38-38% हिस्सेदारी है।

### डॉ. हिमांशु द्विवेदी बने ...

व खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से प्रवेश जोशी मौजूद रहे। अध्यक्ष बनने के बाद डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि आज से 42 साल पहले टेनिस देखना शुरू किया था। तब कभी सोचा नहीं था कि एक दिन किसी प्रदेश के टेनिस संघ का अध्यक्ष बनूंगा। ऐसा शख्स आपके बीच में टेनिस संघ का अध्यक्ष नहीं बन रहा है, जो टेनिस खेल का 'अ', 'क', 'ग' भी नहीं जानता हो। मैं खिलाड़ी अच्छा नहीं हूं। शौकिया तौर पर खेलता हूं, लेकिन इस खेल से मोहब्बत बहुत सच्ची रही है। अगर क्रिकेट के बाद किसी खेल ने देशभर में सबसे ज़्यादा लोगों को आकर्षित किया है, तो वो टेनिस है। छत्तीसगढ़ में टेनिस के क्षेत्र में सराहनीय कार्य हुआ है। अब छोटे शहरों में भी कोर्ट हैं, आधारभूत संरचना है। हमारी कोशिश होगी कि अब ऐसे बच्चे तैयार हों, जो पहले देश का नाम रोशन करें और फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की पहचान बनें। यही लक्ष्य लेकर हम आगे बढ़ेंगे।

**इन्हें मिली जिम्मेदारी :** छग प्रदेश टेनिस संघ की वार्षिक आमसभा में उपाध्यक्ष अवतार सिंह जुनेजा, उपाध्यक्ष सुशील बालानी, रूपेंद्र सिंह चौहान, जीएस बांबरा, राजेश पाटिल, नरेश गुप्ता निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष के पद पर एस. बत्रा, सह सचिव के पद पर सुनील सुराना, तरणजीत सिंह होरा, आनंद ठाकुर निर्वाचित हुए। वही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ अजय पाठक, प्रदीप माथानी, प्रकाश कलश, रणधीर सिंह विरदी, चरणजीत सिंग ओबेरॉय, नेल्सन जतिन कुमार, जसप्रीत खनूजा, हेनरी सेंटियागो, मुकेश पिल्लै, गुरमीत सिंह भाटिया, हरमीत सिंह होरा कार्यकारी सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए।

### गुरुचरण सिंह होरा ...

रोशन करें। होरा ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के अधिकतर जिलों में टेनिस कोर्ट की सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने संघ के सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी मिलकर टेनिस के विकास के लिए एकजुट होकर काम करेंगे। इस चुनाव में 23 पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया है, वहीं शेष 6 पदों पर अध्यक्ष और महासचिव द्वारा नियुक्ति की जाएगी।

### पूर्व आईएएस अधिकारी ....

गवाहों से पूछताछ होनी बाकी है। टुटेजा को 21 अप्रैल 2024 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 44 के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया था। पीठ को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के उस आदेश के बारे में बताया गया, जिसमें विशेष अदालत द्वारा पारित आदेश को इस आधार पर रद्द कर दिया गया था कि संज्ञान लेने के आदेश से पहले दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 197 के तहत मंजूरी नहीं दी गई थी। धारा 197 लोकसेवकों और न्यायाधीशों को उनके आधिकारिक पद पर कार्य करते समय किए गए कथित अपराधों के लिए अभियोजन के विरुद्ध संरक्षण प्रदान करती है तथा न्यायालय द्वारा ऐसे अपराधों का संज्ञान लिये जाने से पहले उपयुक्त सरकार से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य बनाती है। शीर्ष अदालत ने कहा, दो अप्रैल, 2025 के आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। आज तक, संज्ञान लेने का कोई आदेश नहीं है।

### जमानत की ऐसी ....

टुटेजा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पैरवी की। धन शोधन का यह मामला दिल्ली की एक अदालत में 2022 में दायर आयकर विभाग के एक आरोपपत्र से संबंधित है।

### साय सरकार पहुंची ....

परिवार को पक्का और सुरक्षित घर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरा किया जाएगा, ताकि हर जरूरतमंद को योजना का लाभ मिले। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के तहत सर्वेक्षण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विशेष पहल पर 15 दिवसीय मोर दुआर-साय सरकार महाभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के ऐसे ग्रामीण परिवारों की पहचान करना है, जिन्हें अब तक किसी भी आवासीय योजना के तहत पक्का आवास नहीं मिल सका है। उन्हें पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराना है। इस महाभियान में राज्य के प्रत्येक गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस 2.0 के हितग्राहियों के सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया जाएगा, ताकि योजनांतर्गत आवास की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य कराया जा सके। यह महाभियान तीन चरणों में संचालित होगा। पहले चरण में 15 से 19 अप्रैल के बीच जिला और ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में 20 से 28 अप्रैल तक सभी ग्रामों में ग्राम सभाएं आयोजित कर घर-घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। तीसरे चरण में 29 और 30 अप्रैल को सभी सर्वेक्षणों की पुष्टि, ग्राम सभा की स्वीकृति और सत्यापन कर अंतिम रिपोर्ट तैयार कर राज्य कार्यालय को भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने ग्राम घाटपदमपुर आयोजित कार्यक्रम में स्वयं लाभार्थियों से चर्चा करते हुए उनके मकान की स्थिति जानी और नवनिर्मित घरों को देखकर संतोष व्यक्त किया। **बरसात में कच्चे मकान में सांप का रहता था डर :** मुख्यमंत्री ने गांव की एक अन्य हितग्राही लूदरी कश्यप के घर का भी सर्वेक्षण किया। उन्होंने स्वयं 'आवास प्लस 2024 (2.0)' मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वे किया। इस दौरान लूदरी कश्यप ने भावुक होकर कहा कि बरसों से पक्के मकान का सपना देखा था, आज वह साकार होता दिख रहा है। यह मेरे लिए बेहद भावुक क्षण है। लूदरी कश्यप ने यह भी साझा किया कि बरसात के दिनों में कच्चे घर में सांप का डर और घर की मरम्मत पर होने वाले खर्च से वे परेशान रहती थीं। उन्होंने कहा कि अब इस योजना से उन्हें इन सभी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

### हर नागरिक को ....

अवसर पर वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव, विनायक गोयल, महापौर संजय पाण्डे सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सहारा ग्रुप को ....

से प्राप्त धनराशि से बेनामी नामों से खरीदी गई थी। एजेंसी ने कहा कि सहारा इंडिया और उसकी समूह संस्थाओं के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत लोनावाला (पुणे जिला) स्थित एंबी वैली सिटी और उसके आसपास की कुल 707 एकड़ जमीन को कुर्क कर लिया गया है। जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 1460 करोड़ रुपए है।

## बिहार चुनाव की रणनीति पर नहीं बनी सहमति

# राहुल-तेजस्वी मुलाकात, सीएम फेस पर सस्पेंस बरकरार, नहीं सुलझी गांठ

## बैठकों का दौर जारी, मगर असली फिक्सिंग अभी बाकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव के बीच मुलाकात ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल जरूर बढ़ा दी है, लेकिन तस्वीर अब भी साफ नहीं हो पाई है। कांग्रेस ने भले ही महागठबंधन में चुनाव लड़ने का ऐलान किया हो, लेकिन नेताओं के बयानों और राहुल के लगातार बिहार दौरों ने कई नए सवाल खड़े कर दिए हैं। बताते चलें कि 15 अप्रैल को दिल्ली में खड़गे के घर पर हुई मीटिंग के बाद अब 17 और 20 अप्रैल को पटना में बड़ी बैठकें होने वाली हैं। इन बैठकों में कांग्रेस और आरजेडी के अलावा लेफ्ट दलों के नेता भी शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, इन बैठकों में सीटों के तालमेल के साथ-साथ कॉमन मिनिमम प्रोग्राम पर भी चर्चा होनी है।



### तेजस्वी ने जताया भरोसा, पर सवाल बाकी हैं

इसके अलावा तेजस्वी यादव ने मीटिंग के बाद कहा, "बातचीत अच्छी हुई है... विपक्ष पूरी तरह तैयार है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि "एनडीए इस बार बिहार में सरकार नहीं बना रहा है, नीतीश जी तो हाईजैक हो चुके हैं। मगर सवाल अब भी यही है कि क्या कांग्रेस वाकई तेजस्वी को नेता मानने को तैयार है?

### सीएम चेहरे पर अब भी पेंच

*वहीं 2020 में तेजस्वी महागठबंधन के नेता थे और राहुल गांधी ने भी मंच साझा किया था, लेकिन इस बार कांग्रेस की चुप्पी कई तरह की आशंकाएं खड़ी कर रही हैं। जब तक कांग्रेस तेजस्वी यादव को सार्वजनिक तौर पर मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार नहीं मानती, महागठबंधन की रणनीति अधूरी ही मानी जाएगी।*

### तेजस्वी को कब मंजूर होगा 'दूसरी लाइन' का गेम?

बता दें कि राहुल गांधी की सक्रियता और कांग्रेस नेताओं के 'बॉडी लैंग्वेज' से लग रहा है कि पार्टी अपने लिए बड़ी भूमिका चाहती है। लेकिन जिस तरह कांग्रेस आरजेडी के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगाती दिख रही है, उससे तेजस्वी यादव की चुप्पी भी खटकती है। क्या तेजस्वी को यह सब मंजूर है? सवाल यही है।

### क्या कांग्रेस बना रही है प्लान -बी

सूत्रों की मानें तो कांग्रेस फिलहाल दो रास्तों पर चल रही है। एक तरफ वो महागठबंधन के जरिए सीटें हथियाने की कोशिश में है, तो दूसरी तरफ अकेले चुनाव लड़ने का प्लान-बी भी तैयार कर रही है। खासकर तब, जब सीट बंटवारे और मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर बात नहीं बनती। अगर ऐसा होता है तो बिहार विधानसभा चुनाव बड़ा दिलचस्प होगा।

### बंगाल हिंसा पर बोले योगी

## लातों के भूत बातों से नहीं मानेंगे इनका इलाज सिर्फ डंडा ही है



एजेंसी ▶▶ हरदोई

पश्चिम बंगाल स्थित मुर्शिदाबाद और 24 परगना जिले के भांगड़ में हिंसा के बाद स्थानीय प्रशासन का दावा है कि हालात नियंत्रण में हैं। इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुर्शिदाबाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। सीएम ने कहा है कि लातों के भूत बातों से नहीं मानेंगे। दंगाई डंडे से ही मानेंगे। जिसे बांग्लादेश पसंद, वो बांग्लादेश जाए। बंगाल हिंसा पर कांग्रेस-समाजवादी पार्टी खामोश है। बता दें सीएम योगी, मंगलवार को हरदाई में थे। हरदोई में सीएम 650 करोड़ रुपये की लागत की 729 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में शामिल हुए। सीएम ने कहा कि बंगाल जल रहा है। वहां की मुख्यमंत्री चुप हैं। दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं।

**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर**
झंकार टॉकिज के पीछे, सिविल लाईन वार्ड क्रं. 7, जगदलपुर, जिला बस्तर (छत्तीसगढ़)
वेबसाइट : www.dccbjagdalpur.com फोन : 07782-228156

क्रमांक/विपणन/निविदा/128 / 2025-26 जगदलपुर, दिनांक 15/04/2025

**रासायनिक खाद परिवहन हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रण**

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के जिला बस्तर, कोण्डागांव, नारायणपुर, कांकेर, सुकमा एवं बीजापुर (शाखा जगदलपुर, शाखा चारामा एवं जैविक जिला दंतेवाड़ा की शाखाओं को छोडकर) में स्थित विपणन संघ के खाद गोदामों से समितियों के खाद गोदामों तक रासायनिक खाद का परिवहन किये जाने हेतु वर्ष 2025-26 हेतु (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026) तक के लिये सील बन्द लिफाफा में शाखावार द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.04.2025 समय अपरान्ह 02.00 बजे दिन तक अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में रजिस्ट्री डाक, स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किया जा सकेगा। द्वितीय निविदा दिनांक 21.04.2025 को समय अपरान्ह 03:00 बजे दिन प्रधान कार्यालय जगदलपुर में कमेटी के समक्ष खोला जावेगा।

निविदा संबंधित विस्तृत विवरण, निविदा प्रपत्र एवं नियम / शर्तें बैंक की वेबसाईट https://www.dccbjagdalpur.com पर देखी जा सकती है या बैंक के नजदीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

## दुर्लभ प्रजातियों की बिल्लियों की तस्करी दो गिरफ्तार

**मैड्रिड।** स्पेन की पुलिस ने इंटरनेट पर खूबसूरत बिल्लियों की बिक्री के संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस विभाग ने एक बयान में बताया कि मल्लोरका के बेलरिक द्वीप, मनाकोर इलाके में इन दोनों तस्करों की गिरफ्तारी के साथ ही 19 जानवर भी बरामद किए गए जिनमें एक कैराकल (काले कानों वाली जंगली बिल्ली की एक प्रजाति) और दो सर्वल (अफ्रीकी मूल की एक छोटी जंगली बिल्ली) प्रजाति की बिल्लियां भी शामिल थीं। इन दोनों के कब्जे से पशुओं के 40 से ज्यादा पासपोर्ट भी बरामद किए गए जो रूस, बेलारूस और चीन से संबंधित थे।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड मोहला**

क्र./कार्य, अभि./सामा./69 मोहला, दिनांक-11.03.2024

**// विद्युत बंद की सूचना //**

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मोहला संभाग के अन्तर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र से निकलने वाले विभिन्न 33/11 के. व्ही. लाईनों में मानसून पूर्व मेन्टनेंस कार्य एवं निर्माण संभाग राजनांदगांव द्वारा एकटकन्हार (मोहला) से चौकी 33 के. व्ही. नया लाईन में कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः नीचे प्रदर्शित निम्नलिखित प्रभावित क्षेत्रों में प्रातः 9.00 बजे से 2.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 16.04.2025 | बुधवार | 33 के.व्ही. दिग्वाड़ी फीडर | 33/11 के. व्ही. दिग्वाड़ी गोटाटाला, डुमरटोला उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर से संबंधित ग्राम |
| 2 | 17.04.2025 | गुरुवार | 33 के. व्ही. मोहला फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मोहला, कौड़ीकसा, वासड़ी, अं.चौकी, चिल्हाटी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर से संबंधित ग्राम |
| 3 | 19.04.2025 | शनिवार | 33 के.व्ही. मोहला फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मोहला, कौड़ीकसा, वासडी, अं.चौकी, चिल्हाटी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर से संबंधित ग्राम |
| 4 | 23.04.2025 | बुधवार | 34 के.व्ही. औंधी फीडर | 33/11 के.व्ही. औंधी एवं सीतागांव उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 5 | 26.04.2025 | शनिवार | 33 के.व्ही. मानपुर फीडर | 33/11 के. व्ही. मानपुर, औंधी एवं सीतागांव उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के. व्ही. फीडर से संबंधित ग्राम |

टीप :- आवश्यकतानुसार समय घटाई व बढ़ाई जा सकती हैं।

कार्यपालन अभियंता (संचा./ संधा.)
संभाग छ.स्टे.पा. डिस्ट्री.कं. लिमि, मोहला

## पेज एक के शेष

### भ्रष्टाचार के सागर में...

मुआवजे का भुगतान कर दिया। हरिभूमि की पड़ताल में यह तथ्य सामने आया कि जलाशय के लिए भूमि का अधिग्रहण दशकों पहले कर लिया गया था। इसके बावजूद फिर से इस भूमि को निजी मानकर मुआवजा दे दिया गया। इसमें तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू के साथ जलसंसाधन विभाग के अफसरों की भूमिका संदिग्ध है। जिला प्रशासन को इस संबंध में शिकायत भी मिली थी। इतना ही नहीं, गांव के तालाब के पास की भूमि का भी मुआवजा देने की शिकायत की गई थी।

### 50 हजार रुपए की...

लिया है। इस पूरे घटनाक्रम में संतोष चंद्रसेन के साथ-साथ घनश्याम भारद्वाज भी आरोपी था, लेकिन कार्रवाई के समय वह मौके से फरार हो गया। अब एंटी करप्शन ब्यूरो उसकी तलाश में जुटी हुई है।

### क्रमिक भूख हड़ताल में...

वाले ग्राम पंचायत कुटेलामुड़ा में पदस्थ पंचायत सचिव राजकुमार कश्यप मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय के सामने चल रही क्रमिक भूख हड़ताल में बैठे हुए थे। अचानक दोपहर में उनकी तबीयत खराब हुई और इसकी जानकारी उन्होंने अपने साथियों को दी। तत्काल उन्हें पाली ब्लॉक में ही संचालित निजी चिकित्सालय में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। जैसे ही यह खबर पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों को लगी तो उनकी भीड़ चिकित्सालय में पहुंच गई। संघ के सचिव राजकुमार रजक ने बताया कि 17 मार्च से जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय में काम बंद हड़ताल चल रही है।

### वीडियो कॉल पर दिखाया...

पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में मृतक की पहचान राहुल उर्फ गोल्डन के रूप में हुई, जो शाहपुर का रहने वाला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर और शरीर पर गंभीर चोटें मिलने के बाद हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार ने बताया कि जांच में मृतक की पत्नी संदेह के घेरे में आई, जो घटना के बाद से फरार थी। जांच के दौरान पता चला कि उसका युवराज नाम के युवक से प्रेम प्रसंग था। मृतक राहुल की पत्नी ने ललित और एक अपचारी बालक के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया गया। पहले ढाबे पर खाना खाया गया, फिर आईटीआई कॉलेज के पास चप्पल गिराने का बहाना बनाकर गाड़ी रुकवाई गई। पीछे से आए ललित और साथी ने राहुल को झाड़ियों में खींचकर गुप्ती और बीयर की बोतल से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या : दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी युवराज ने कबूल किया कि उसने राहुल की पत्नी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। 12 अप्रैल की रात राहुल की पत्नी ने उसे वीडियो कॉल पर खून से सना शव दिखाया और कहा, काम हो गया। इस घटना के खुलासे के बाद मृतक के परिजन सदमे में हैं। इस घटना को चार लोगों ने मिलकर अंजाम दिया था।

**कार्यपालन अभियंता नगर संभाग (पश्चिम), भिलाई**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**

**बिजली बंद होने की आवश्यक सूचना**

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व आवश्यक सुधार कार्य हेतु निम्न दर्शाये गये जोन अंतर्गत दर्शाये गये 11 के.व्ही फीडर में उनके सम्मुख दर्शित तिथि एवं समय में विद्युत प्रवाह अवरूध्द रहेगा । विवरण निम्नानुसार है :-

| जोन का नाम | दिनांक / दिन / समय | समय | 11 के.व्ही फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| वैशाली नगर | 17/04/25 गुरूवार | सुबह 10.00 बजे से दोपहर 03.00 तक | सुंदर नगर फीडर | वैशालीनगर, शांति नगर, बाबादीप सिंग नगर, सुंदर नगर, गेस्ट हाउस के आसपास का क्षेत्र, |
| | 19/04/25 शनिवार | | गौतम नगर फीडर | चंद्रनगर, शिवाजी नगर, क्रिपाल नगर, शांतिनगर महादेव कॉलोनी, सेंटजेवियर स्कूल, रेन्बो रेस्टोरेंट, एस. बी. आई., हनुमान मंदिर, दुर्लभ हॉस्टल, मस्जिद के आसपास के क्षेत्र अवंतिबाई चौक के आसपास का क्षेत्र, सद्भावना चौक के आसपास का क्षेत्र । |
| नेहरू नगर जोन | 16/04/25 बधवार | सुबह 09.30 बजे से दोपहर 02.00 तक | पी.डी.परिसर फीडर | प्रियदर्शनि परिसर (पं.), ग्रेस प्लाजा, खिचरिया काम्पलेक्स, इमेजेस डायग्नोस्टिक एवं आसपास का क्षेत्र |
| | 17/04/25 गुरूवार | | कोसा नगर फीडर | टोल प्लाजा, कोसा नगर, दीक्षित कॉलोनी, गांधी नगर, नेहरू नगर पूर्व एवं आसपास का क्षेत्र |
| | 19/04/25 शनिवार | | भिलाई स्कैन फीडर | भिलाई स्कैन, नेहरू नगर पं., नेहरू नगर, पूर्व पुराना नेहरू नगर कार्मिशियल कामप्लेक्श एवं आसपास का क्षेत्र। |
| सुपेला जोन | 18/04/25 शुक्रवार | प्रातः 8 बजे से दोपहर 02.00 तक | संजय नगर फीडर | तनिष्क ज्वेलर्स, नैक्सा शो रूम, टाटा शोरूम, लोटस इलेक्ट्रॉनिकस, ऑर्किड बार, बबीना बार नई दुनिया, एक्सिस बैंक उत्तर गंगोत्री, कन्हैया होटल, संजय नगर, कुम्हार पारा, परमेश्वरी स्कूल आदि क्षेत्र। |
| | 19/04/25 शनिवार | | संजय नगर फीडर | वेंकटेश्वर टॉकीज, नूर मस्जिद लक्ष्मी मार्केट क्षेत्र आदि, शंकरपारा रावणभाठा, शीतला मंदिर, शनि मंदिर तालाब आदि क्षेत्र। |
| कोहका जोन | 16/04/25 बुधवार | प्रातः 8 बजे से दोपहर 04.00 तक | अयप्पा नगर फीडर | आनन्दपुरम फेज-1, दुर्गा नगर, विवेकानन्द नगर, उल्लास नगर, चन्द्रा नगर, फरीद नगर एवं आसपास क्षेत्र |
| | 17/04/25 गुरूवार | | अवंती बाई चौक फीडर | गांधी कॉलोनी, सिरसा रोड, दवे इंडस्ट्रोस, टाटा लाईन, मुरूम खद्यान, कृपाल नगर, अवंतीबाई चौक एवं आसपास का क्षेत्र |
| | | | चांदनी चौक फीडर | सिरसा रोड, कुरूद खार, आर्य नगर, पुरानी बस्ती कोहका, कृष्णा ग्रासिटी एवं आसपास का क्षेत्र |

(विद्युत अवरोध की सूचना प्रभावित फीडरों के उपभोक्ताओं को एस.एम.एस. के माध्यम से दी जा रही है।)
उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

कार्यपालन अभियंता नगर संभाग
(पश्चिम) छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., भिलाई

S-43542/2

## राशिफल



**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।



**वृष** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।



**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।



**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।



**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।



**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।



**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।



**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।



**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।



**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।



**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।



**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

# ओडिशा: भद्रक में धार्मिक जुलूस के डीजे में करंट, 2 की मौत

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के भद्रक जिले में पटुआ जात्रा जुलूस के दौरान डीजे में करंट उतरने से 2 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 14 अन्य लोग घायल हुए हैं। घटना सोमवार देर शाम को तिहिडी थाना क्षेत्र के तहत हतुआरी गांव में हुई है। मृतकों में अरसा के सरत महालिक और हतुआरी के मुना महालिक शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर जिला अधिकारी समेत अन्य पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंच गए। भद्रक के जिला मजिस्ट्रेट दिलीप राउत्रे ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि जुलूस की अनुमति को लेकर जांच के आदेश दिए गए हैं।

### कैसे हुआ हादसा?

स्थानीय मीडिया के मुताबिक, हतुआरी गांव में जात्रा उत्सव के दौरान डीजे बजाते हुए जुलूस निकाला जा रहा था, जो डीजल जेनरेटर सेट के साथ जुड़ा था। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति डीजे सेट पर चढ़ा था, जिससे वह रास्ते से गुजर रही 11केवी बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। व्यक्ति की तुरंत मौत हो गई। तार के टकराने से करंट पूरे डीजे में फैल गया, जिससे उससे चिपककर खड़े लोग भी घायल हो गए।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.MSM-STN-CLEAN-SBPY-6-25

**कार्य का नाम :** दो वर्षों की समयावधि के लिए ठहराव के दौरान अपशिष्ट प्रबंधन सेवा एवं कोचों में पानी भरने के साथ-साथ सम्बलपुर सिटी स्टेशन की सफाई एवं हाउसकीपिंग।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 2,55,68,421.67, EMD (रुपये में) : 2,77,900/-, निविदा दस्तावेज की लागत(रुपये में) :11,800/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 2 वर्ष।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 29.04.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर, सम्बलपुर

PR-32/Q/25-26

## शब्द पहेली - 5838



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

### शब्द पहेली - 5837 का हल




## सूडोकु नवताल - 5848

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5847 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |



# 18 को रिलीज होगी 'केसरी : चैप्टर 2'

**मुंबई।** 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे भी हैं। ये फिल्म वकील शंकरन नायर के परपोते रघु पलात और उनकी पत्नी पुष्पा की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की कहानी पर आधारित है। दिल्ली में स्पेशल स्क्रीनिंग में नेताओं ने फिल्म की तारीफ की। साल 2019 में खिलाड़ी अक्षय कुमार ने केसरी फिल्म से धुआं उड़ा दिया था। अब 5 साल के बाद वह फिर से इसका सीक्वल लेकर लौट रहे हैं।

लाइफ Style



# प्रियंका हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच'के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला



# टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं, मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं, रुबस हैग्रिड का खास रोल निक प्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे।



# रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...

**मुंबई।** रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।



# देसी अंदाज देखने पहुंच रहे दर्शक

**मुंबई।** सनी का देसी अंदाज और फिल्म की जोरदार कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। 'जाट' ने वीकेंड के बाद भी अपनी पकड़ बनाए रखी। अगर, यह रफ्तार बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही अपनी लागत पार कर सकती है। सनी देओल की 'जाट' दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। पांचवें दिन फिल्म ने सात करोड़ 50 लाख रुपए की शानदार कमाई की, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन अब 47.75 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। पांचवें दिन फिल्म ने 15 करोड़ रुपए जुटाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 101.3 करोड़ रुपए हो गया है। एक्शन के साथ फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।



# कैटी ने अंतरिक्ष में गाया खूबसूरत गाना

**लॉस एंजिल्स।** कैटी पेरी अपनी 5 सदस्यीय महिला दल के साथ अंतरिक्ष की यात्रा कर लौट आई हैं। कुल 11 मिनट की यात्रा के दौरान वह चार मिनट अंतरिक्ष में रहीं। इस दौरान उन्होंने वहां एक खूबसूरत गाना भी गाया। धरती पर लौटते ही कैटी ने जमीन को चूमा, कहा कि यह मां बनने के बाद उनकी जिंदगी का दूसरा सबसे इमोशनल पल है। कैटी ने खुलासा किया कि उन्होंने उड़ान के दौरान 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाना भी गाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस अनुभव ने मुझे यह दिखाया है कि आप अपने अंदर भरे प्यार को कभी नहीं जान सकते, जैसे कि आपको कितना प्यार देना है और आपसे कितना प्यार किया जाता है।' कैटी पेरी ने उड़ान भरने के दौरान अपने साथ एक डेजी का फूल भी रखा था। यह उनकी बेटी डेजी के लिए था।

टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर भी तमन्ना ने खूब कमाया नाम

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है।

***जी करदा :*** जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

***आखिरी सच :*** आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

***नवंबर स्टोरी :*** नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

***मास्टर शेफ इंडिया- तेलुगू सीजन 1 :*** मास्टर शेफ इंडिया तेलुगु भाषा का टीवी शो है। इसके पहले 6 एपिसोड को तमन्ना भाटिया ने होस्ट किया। यह 27 अगस्त 2021 से 27 नवंबर 2021 तक जेमिनी टीवी पर प्रसारित किया गया।

***11 हॉवर :*** '11 हावर' तेलुगू भाषा की क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन प्रवीण सत्तारू ने किया। इसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में थीं।

***सपने सुहाने लड़कपन के :*** 'सपने सुहाने लड़कपन के' एक टेलीविजन शो है। यह मई 2012 से जनवरी 2015 तक जी टीवी पर प्रसारित हुआ। इस शो के होली वाले एपिसोड में तमन्ना भाटिया नजर आईं थीं।

# एसीपी आयुष्मान ने आते ही प्रद्युमन की मौत पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर सीरियल सीआईडी 2 में लंबे समय से शो का हिस्सा रहे एसीपी प्रद्युमन का किरदार खत्म हो गया है। शो में एसीपी प्रद्युमन के किरदार में दिख रहे शिवाजी साटम का रोल खत्म होने के बाद अब पार्थ समथान ने एसीपी आयुष्मान बनकर शो में एंट्री की है। लेकिन, आयुष्मान की एंट्री के बाद से ही उनकी सीआईडी की पुरानी टीम के साथ टशन दिख रहा है। एसीपी प्रद्युमन के बेहद खास रहे अभिजीत और दया उनकी मौत के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं, लेकिन एसीपी आयुष्मान उन्हें अपने इमोशन पर काबू रख काम पर ध्यान देने की नसीहत देता है, जिसका बाद उसकी टीम से अनबन हो जाती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आते हैं।



सीआईडी 2 के प्रोमो में एसीपी आयुष्मान के रोल में दिख रहे एक्टर पार्थ समथान अभिजीत और दया से कहते हैं, कब तक एसीपी प्रद्युमन की मौत पर आंसू बहाओगे। अपने दर्द, इमोशन और आंसू की पोटली बनाकर इसे ऑफिस के बाहर लटका कर आया करो। सीन में देखा गया कि अभिजीत और दया गुस्से से आयुष्मान को घूरते नजर आते है। इसके साथ शो के दौरान भी दया और अभिजीत की आयुष्मान के साथ बहस होती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वो कहते हैं, 'मुझे केवल परिणाम प्रभावित करते हैं। दया तुरंत उन्हें आश्वस्त करते हैं।

# इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू :** अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।



**रीना रॉय :** 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी :** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन'के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला :** मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त :** संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।

## हसरत जयपुरी की कलम से निकले सदाबहार गाने आज भी हैं प्रासंगिक

# 11 रुपए की सैलरी पर बस कंडक्टर के रूप में शुरू किया काम

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी हिंदी सिनेमा के उन गीतकारों में से एक हैं, जिनकी लेखनी ने न केवल गीतों को अमर किया, बल्कि लाखों दिलों को भी छुआ। उनकी शायरी और गीतों में प्यार, दर्द, और जिंदगी के रंग इतनी खूबसूरती से उभरकर सामने आए कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय हुआ करते थे।*

**इकबाल हुसैन था असली नाम :** हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। उनका असली नाम इकबाल हुसैन था, लेकिन शायरी की दुनिया में उन्होंने 'हसरत जयपुरी' के नाम को अपनी पहचान बनाया। उनके पिता, नाजिम हुसैन सेना में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां फिरदौसी बेगम एक गृहिणी थीं, जिन्हें शायरी से गहरा लगाव था। मां की यह रुचि हसरत को विरासत में मिली। आगे चलकर इसी चीज ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।

**20 साल की उम्र में लिखनी शुरू कीं कविताएं :** हसरत ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में ही प्राप्त की। उन्हें असली तालीम उनके नाना फिदा हुसैन 'फिदा' से मिली, जो एक मशहूर शायर थे। नाना से हसरत ने उर्दू और फारसी की बारीकियां सीखीं, जिसने उनकी शायरी को गहराई दी। बीस साल की उम्र तक हसरत ने कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। उनकी रचनाओं में प्रेम और जिंदगी के प्रति एक अनूठा दृष्टिकोण झलकता था।



**शायरी में प्रेम की मासूमियत झलकती थी :** हसरत जयपुरी का कॅरियर एक साधारण बस कंडक्टर के रूप में शुरू हुआ। 1940 में रोजगार की तलाश में वह जयपुर से मुंबई आ गए। यहां उन्हें बेस्ट बस में कंडक्टर की नौकरी मिली, जिसके लिए उन्हें मात्र 11 रुपए मासिक वेतन मिलता था। दिनभर बस में काम करने के बाद रात में वह मुशायरों में अपनी शायरी सुनाया करते थे। उनकी शायरी में जिंदगी का दर्द और प्रेम की मासूमियत इतनी खूबसूरती से झलकती थी कि लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**इन फिल्मों के लिए लिखे सुपरहिट गाने :** बरसात की सफलता के बाद हसरत जयपुरी, राज कपूर, और शंकर-जयकिशन की तिकड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। हसरत ने राज कपूर की फिल्मों जैसे आवारा, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, और मेरा नाम जोकर के लिए यादगार गीत लिखे। 1966 और 1972 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी खासियत थी कि वह साधारण शब्दों में गहरी बातें कह जाते थे। उनकी लेखनी में प्रेम, देशभक्ति, और सामाजिक मुद्दों का सुंदर समावेश होता था।

**राज कपूर के साथ खूब जमी जोड़ी :** एक मुशायरे में उनकी मुलाकात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से हुई, जो उनकी शायरी से बेहद प्रभावित हुए। पृथ्वीराज ने अपने बेटे राज कपूर, को हसरत से मिलने की सलाह दी। उस समय राज कपूर अपनी फिल्म बरसात (1949) की तैयारी कर रहे थे। हसरत ने इस फिल्म के लिए अपना पहला गीत 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा, जिसे शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया। यह गीत सुपरहिट हुआ, और इसके साथ ही हसरत जयपुरी का नाम हिंदी सिनेमा में गूंजने लगा।

## प्रेमिका के लिए लिखी लाइन हुई खूब मशहूर

हसरत जयपुरी का निजी जीवन भी उनकी शायरी की तरह रंगों से भरा और भावनात्मक था। बीस साल की उम्र में उन्हें अपने पड़ोस की एक हिंदू लड़की, राधा से प्रेम हो गया था। इस प्रेम ने उनकी लेखनी को और निखारा। हसरत ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'प्रेम का कोई धर्म नहीं होता।' उन्होंने राधा के लिए एक कविता लिखी थी, 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़ कर, के तुम नाराज न होना,' जो बाद में फिल्म संगम (1964) का हिस्सा बनी और देशभर में मशहूर हुई। हसरत जयपुरी की निजी जिंदगी की बात करें तो शादी के बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे का जन्म दिया। बेटे के जन्म पर उन्होंने जो पंक्तियां लिखीं वो थीं, 'तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे,' यह लाइनें भी फिल्म ससुराल (1961) का हिस्सा बनीं।

## अनियमितता का खुलासा करने की कीमत बहन को जान देकर चुकानी पड़ी

**गरियाबंद।** महिला नगर सैनिक ओमिका ध्रुव की हत्या मामले में अब एक नया मोड़ सामने आया है। मृतका के भाई गावेंद्र ध्रुव ने वीडियो बयान जारी कर इस हत्या को योजनाबद्ध बताया है। उन्होंने दावा किया कि ओमिका को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, गरियाबंद में हो रहे अनियमितताओं का खुलासा करने की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। 12 अप्रैल को ओमिका की गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने पति सोहन साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### कार्यालय, अस्पताल अधीक्षक, राज्य मानसिक चिकित्सालय, बिलासपुर, छ.ग.

सेंदरी-लोफंदी- कछार मार्ग, ग्राम- सेंदरी, पिन-495009 Email-smhsbsp.cg@gmail.com

क्रमांक / स्था/ 2025 / 828 — बिलासपुर, दिनांकः- 11.04.2025

**// चतुर्थ श्रेणी भर्ती हेतु विज्ञापन //**

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छ.ग. शासन चतुर्थ श्रेणी सेवा की भर्ती (संचालनालय स्वास्थ्य सेवाये) नियम 19 फरवरी 2024 में दिये गये प्रावधानों एवं अर्हता अनुसार तथा संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, छ.ग. रायपुर के पत्र क्र/स्था. अवि/ 450/2024/1461 दिनांक **17.12.2024** के द्वारा राज्य मानसिक चिकित्सालय, सेंदरी, बिलासपुर, के **चौकीदार** एवं **भृत्य** के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु प्राप्त अनुमति के उपरांत छ.ग. के स्थानीय निवासी पात्र अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र दिनाँक **15.04.2025 से 29.04.2025** तक बंद लिफाफे में (आवेदन केवल रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किये जायेगें, कार्यालय में सीधे/ सामान्य डाक स्वीकार नहीं किये जायेगें) सायं **5:30** बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमांत्रित किये जाते है।

**विज्ञापित पदों की पूर्ति हेतु सेवा भर्ती नियमानुसार सेवा संवर्गवार विहित शैक्षणिक अर्हतायें योग्यता निम्नानुसार है -**

| क्र. | पदनाम | वेतनमान/ लेबल | श्रेणी | विहित शैक्षणिक अर्हतायें |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भृत्य | 4750-7440 ग्रेड वेतन 1300 लेवल (1) | चतुर्थ | मान्यता प्राप्त मण्डल / संस्था से कक्षा 8 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये । |
| 2 | चौकीदार | | | |

**बिलासपुर संभाग के लिये लागू आरक्षण रोस्टर अनुसार पदवार रिक्त पदों की जानकारी निम्नानुसार है :-**

| क्र. | पदनाम | वेतनमान | श्रेणी | कुल रिक्त पदों की संख्या | भर्ती के रिक्त पद: संवर्ग | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | निःशक्त | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | भृत्य | 4750-7440 ग्रेड वेतन 1300 लेवल (1) | चतुर्थ | 05 | अनारक्षित | 03 | 00 | 00 | 00 | 03 |
| | | | | | अजा | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| | | | | | अजजा | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| | | | | | अपिव | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| | | | | | योग :- | 05 | 00 | 00 | 00 | 05 |
| 2 | चौकीदार | 4750-7440 ग्रेड वेतन 1300 लेवल (1) | चतुर्थ | 01 | अनारक्षित | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| | | | | | अजा | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| | | | | | अजजा | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| | | | | | अपिव | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| | | | | | योग :- | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 |

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, जिसमें विज्ञापित पदो के लिए आवश्यक शैक्षणिक व अन्य अर्हताएं, आयु, चयन की प्रक्रिया, आवेदन पत्र हेतु निर्धारित प्रारूप इत्यादि, जिला बिलासपुर के वेबसाईट www.bilaspur.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

अस्पताल अधीक्षक
राज्य मानसिक चिकित्सालय, ग्राम - सेंदरी,
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

G- 252600263/1

### CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (RCR) GUDHIYARI, RAIPUR PH.NO. 0771-2574703 & FAX NO.2593403

No. 10-01/Wk-II/Tender No. 01, 02, 03, 04, 05, 06 & 07/68 — Raipur, Date 07.04.2025

**NOTICE INVITING FOR e-TENDERING**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Contractors for the following works:

| Tender No/ Rfx No. | Name of work | Type of Contractor | Total value of tender (in Rs.) | Cost of Tender form(in Rs.) | Date of Submission / Opening |
|---|---|---|---|---|---|
| Tender No.01/68 RFX No 8100042533 | For underground cabling of 33 KV overhead line at Avanti Bai Lodhi Chowk for traffic Management Mukhyamantri Shahari Vidyutikaran Yojna) 020 under City Central CSPDCL Raipur. | Class-I/II | 31,11,649.00 | 5000/- (Including GST) | 30.04.2025 02.00 / 02.30 PM |
| Tender No.02/68 RFX No. 8100042539 | For 54 no. DLF connection near Akashat Vihar Phase-1 Boriya Khurd (Under Develop Colony) Raiopur under Rawanbhata Zone of City Dn. South, CSPDCL Raipur. | Class-I/II/III | 31,03,910.00 | 5000/- (Including GST) | 30.04.2025 02.00 / 02.30 PM |
| Tender No.03/68 RFX No. 8100042541 | For replacement of LT bare conductor to AB Cable at Tulsi Nagar, Sahu Para and Satnami Para Under Gudhiyari Zone City Dn. (N), CSPDCL, Raipur. | Class-I/II/III | 24,45,398.00 | 2000/- (Including GST) | 01.05.2025 02.00 / 02.30 PM |
| Tender No.04/68 RFX No. 8100042546 | For replacement of LT bare conductor to AB Cable at Ashok Nagar, Pritam Nagar and Pragati Nagar Under Gudhiyari Zone City Dn. (N), CSPDCL, Raipur. | Class-I/II/III | 21,87,014.00 | 2000/- (Including GST) | 02.05.2025 02.00 / 02.30 PM |
| Tender No.05/68 RFX No. 8100042548 | For replacement of LT bare conductor to AB Cable at infront of Biryani Junction area Under Gudhiyari Zone City Dn. (N), CSPDCL, Raipur. | Class-I/II/III | 21,06,392.00 | 2000/- (Including GST) | 05.05.2025 02.00 / 02.30 PM |
| Tender No.06/68 RFX No. 8100042549 | For replacement of LT bare conductor to AB Cable at Janta Colony, Sarkari School and Tilak Nagar area Under Gudhiyari Zone City Dn. (N), CSPDCL, Raipur. | Class-I/II/III | 37,42,972.00 | 5000/- (Including GST) | 06.05.2025 02.00 / 02.30 PM |
| Tender No.07/68 RFX No. 8100042551 | For replacement of LT bare conductor to AB Cable at Motilal Nagar and Siddheshwari mandir area Under Gudhiyari Zone City Dn. (N), CSPDCL, Raipur. | Class-I/II/III | 29,91,444.00 | 5000/- (Including GST) | 07.05.2025 02.00 / 02.30 PM |

Details of Tenders, Technical Specification, Terms & Conditions pre-qualification requirement, online tender fee submission etc. are available on our website www.cspdcl.co.in and ebidding.cspcl.co.in. Tender documents can be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. **The cost of required tender fees should be submitted online up to the date of submission of bid. The tenderer is requested to pay the tender fee online well before the due date for avoiding complication in network/system. As the tender will not be opened, if the tender fee payment reference is not shown in system and CSPDCL will not take any responsibility for delay due to network/system so please ensure early submission.**

The notice for extension of due date of tender submission, opening /corrigendum/amendment, if any to the tender document will not be published in newspapers. It will only be displayed on CSPDCL's official website as mentioned above and office Notice Board.

**SAVE ELECTRICITY**

CHIEF ENGINEER (RCR)
CSPDCL, RAIPUR

### NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400. Website: www.navaraipuratalnagar.com

**Notice Inviting Tender**

Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 09/04/2025

Online Tenders are invited for "Allotment of Various Plots at Nava Raipur Atal Nagar". Details of the projects are as below:

| S. No. | System Tender No. | Notice Inviting Tender No. | Location of Project | Plot Area (In Sq.mt.) approx. | Reserved Land Premium (INR/Sq.mt.) | EMD (INR Lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 166770 | 3607/R-05/PRJ/ NRANVP/2025 | Operation and Management of Garden near Jhanjh Lake at Sector 24 on License basis | 21,282.0803 (5.2589 Acre) | Total license fee - INR 25,000.00 Per month | 0.50 |
| 2 | 166771 | 3608/R-05/PRJ/ NRANVP/2025 | Industry Plot 13/13, Sector - 05 | 2,313.86 (0.5717 Acre) | 2,092.00 | 4.90 |
| 3 | 166772 | 3609/R-05/PRJ/ NRANVP/2025 | Industry Plot 12/12, Sector - 05 | 2,313.86 (0.5717 Acre) | 2,092.00 | 4.90 |
| 4 | 166773 | 3610/R-05/PRJ/ NRANVP/2025 | Industry Plot 12/8, Sector - 05 | 2,313.86 (0.5717 Acre) | 2,092.00 | 4.90 |
| 5 | 166774 | 3611/R-05/PRJ/ NRANVP/2025 | Industry Plot 13/4+5, Sector - 05 | 4,350.90 (1.0751 Acre) | 2,092.00 | 9.20 |
| 6 | 166775 | 3612/R-05/PRJ/ NRANVP/2025 | Industry Plot 13/18, Sector - 05 | 2174.95 (0.5374 Acre) | 2,092.00 | 4.60 |
| 7 | 166776 | 3613/R-05/PRJ/ NRANVP/2025 | Industry Plot 14/7, Sector - 05 | 504.27 (0.1246 Acre) | 2,092.00 | 1.10 |
| 8 | 166777 | 3614/R-05/PRJ/ NRANVP/2025 | Industry Plot 14/33, Sector - 05 | 1010.09 (0.2495 Acre) | 2,092.00 | 2.20 |
| 9 | 166885 | 3615/R-05/PRJ/ NRANVP/2025 | Multi Super Specialty Hospital including Oncology Plot L1/S23/A2, Sector - 23 | 8,094.00 (2.00 Acre) | 989.00 | 8.10 |
| 10 | 166886 | 3616/R-05/PRJ/ NRANVP/2025 | Mental Healthcare Establishment Plot L1/S23/A1, Sector - 23 | 16,188.00 (4.00 Acre) | 989.00 | 17.00 |
| 11 | 166888 | 3617/R-05/PRJ/ NRANVP/2025 | Recreational + Commercial Plot - H3-A + H3-B, Sector - 24 | 2,24,119.8183 (55.3810 Acre) | 6,535.00 | 1,465.00 |
| 12 | 166889 | 3618/R-05/PRJ/ NRANVP/2025 | Warehouse/Logistic Park Sector - 40 | 2,43,800.00 (60.2440 Acre) | 3,750.00 | 915.00 |

Tenderers shall download tender from e-Procurement website. The tender processing fee is INR. 5,900/- only (Including GST) per tender.
* Date and Time of Pre-bid meeting at 12:00 PM on 25th April 2025
* Last Date for Online submission of Tender - up to 03:00 PM on or before 7th May 2025
* Last Date for Hard copy Submission of Technical Bid - up to 03:00 PM on or before 9th May 2025

Opening of Technical Bid after 03.30 PM on 9th May 2025
The details of tender and terms & conditions are available on the e-Procurement website https://eproc.cgstate.gov.in
Any amendment/modification in the tender documents, wiil only be uploaded on the e-Procurement website and shall not be published in any newspaper.
Note: If the date of Hard copy submission falls on public holiday, then the next working day shall be considered. (Approved by CEO)

Manager (Estate)
NRANVP, Nava Raipur Atal Nagar

S-43533/1

# मां-बेटी की निर्मम हत्या के बाद जमीन में दफन किया शव

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 8 के एक निर्माणाधीन मकान में मंगलवार की सुबह मां-बेटी का शव उसकी ही छोटी बेटी ने उस वक्त देखा जब वह सुबह घरघोड़ा से नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेकर वापस अपने घर पहुंची। घर के भीतर का मंजर देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। जब इस बात की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो पुलिस को सूचित किया गया, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और वस्तुस्थिति का जायजा लेते हुए जांच में जुट गई। वहीं घटनास्थल का मुआयना करने आई जी व पुलिस अधीक्षक भी पहुंचे। इस मामले पर त्वरित कार्रवाई के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है। जानकारी





के अनुसार वार्ड क्रमांक 7 में उर्मिला संवरा स्व. त्रिनाथ संवरा उम्र 45 वर्ष अपनी दो बेटियों पूर्णिमा और कल्पना के साथ रहती थी। वर्तमान में वार्ड क्रमांक 8 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका मकान बन रहा है। उर्मिला अपनी दोनों बेटियों के साथ रात में उसी मकान में सोने के लिए जाती थी। हर दिन की तरह सोमवार की रात को भी उर्मिला अपनी बड़ी बेटी पूर्णिमा के साथ उक्त निर्माणाधीन मकान की रखवाली और सोने के लिए वहां गई। हालांकि सोमवार को उसकी छोटी बेटी कल्पना 18 वर्ष एक नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपने समूह के साथ घरघोड़ा गई थी।

### जल्द पकड़े जाएंगे आरोपी

हत्या के मामले में जांच प्रारंभ कर दी गई हैं। विशेष जांच दल द्वारा सभी तथ्यों को एकत्र कर आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**दिव्यांग पटेल**
पुलिस अधीक्षक

### खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

इस संबंध में पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज सहित मोबाइल लोकेशन के भी ट्रेस कर रही है। ताकि यह पता लगाया जा सके कि सोमवार की रात से लेकर मंगलवार की सुबह तक इस क्षेत्र में कितने मोबाइल एक्टिव थे। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य एकत्र करने में लग गई है। सूत्र बता रहे हैं कि डॉग स्क्वायड की टीम को भी कोई सुराग मौके पर नहीं मिल सका है।

## बाइक और एसयूवी की टक्कर, दो हुए घायल



**चारामा।** मरकाटोला घाट के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनो युवकों को ईलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। यह हादसा जिले की सीमा और बालोद जिले के समवर्ती क्षेत्र मरकाटोला घाट में हुआ। भीषण सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार बाइक और क्रेटा वाहन के बीच जोरदार टक्कर हुई। मिली जानकारी के अनुसार मरकाटोला घाट के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक दूर जा गिरे। घटना कि जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल धमतरी जिले के अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों युवक कि हालत नाजूक बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद क्रेटा वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मरकाटोला घाट में इससे पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

## बाइक चोर गिरोह और खरीदार हुए गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** मोटर सायकल चोरी करने वाले 3 आरोपी और 6 खरीददार को सोमनी पुलिस ने गिरफतार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 5 लाख 40 हजार रूपये कीमत की 11 नग दुपहिया वाहन और दो नग कटा हुआ वाहन जब्त किया है। पुलिस के द्वारा इस मामले मामले में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बीते 13 अप्रैल को प्रार्थी टहलदास निर्मलकर पिता सुरेश निर्मलकर निवासी ग्राम ठाकुरटोला ने सोमनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी मोटर सयकल सुपर स्प्लेण्डर क्रमांक सीजी 08 जी 9985 को उसके घर के सामने से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की । मुखबीर की सूचना पर संदेही देवेन्द्र साहू पिता हुकुमचंद साहू उम्र 31 साल निवासी ग्राम बरगाही थाना घुमका को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। जिसपर उसने 13 अप्रैल को अपने दोस्त तामेश्वर बारले के साथ मिलकर सुपर स्प्लेण्डर को ग्राम ठाकुर टोला से चोरी करना बताया।

## गांजा तस्करी में 2 महिलाओं सहित सात गिरफ्तार

**महासमुंद।** गांजा तस्करी के दो मामलों में जिले की पुलिस ने चार महिलाओं सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में बसना और सिंघोड़ा थाने में अपराध दर्ज करते हुए आरोपियों के कब्जे से 29 किलो गांजा जब्त किया गया है। पहले मामले में सिंघोड़ा पुलिस ने गांजा तस्करी कर रहे पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 05 व्यक्ति तीन थैलों मे अवैध मादक गांजा रखकर एनएन 53 रोड ग्राम गनियारीपाली चौक में बस का इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर 4 महिलाओं एवं 01 पुरूष को पकड़ा। उनके पास मिले तीन थैलों की तलाशी ली गई, जिसमे खाखी रंग के टेप से टेपिंग किया हुआ कुल 21 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 315000 रुपए को जब्त किया गया। वहीं पूछताछ में आरोपयों ने अपने-अपने नाम सोनमबाई सोलंकी पति जितेंद्र सोलंकी (35 साल), मालती सोलंकी पति रोलेक्स सोलंकी (30 साल), सुनीता सोलंकी पति निलेश सोलंकी (40 साल), दीपाली पवार पति लिटी पवार (19 साल), गुर्जर पवार पिता सुकलाल पवार (20 साल) निवासी रेलवे स्टेशन बलांगीर जिला बलांगीर ओडिशा बताया।

### कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 08.04.2025

**(ई-प्रोक्योरमेंट बेरोजगार इंजीनियर निविदा सूचना)**
**(प्रथम आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से बेरोजगार स्नातक इंजीनियरों के लिए ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "**अअ**" में प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु दिनांक 28.04.2025 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 01/दुर्ग (दुर्ग)/2025 | उपसंभाग क्रं. 01 दुर्ग के अंतर्गत एन.सी.सी. अंजोरा में घुडसवारी एरिना में रेत समतलीकरण एवं ओंपन पैडाक निर्माण कार्य | 29.94 |

**टीपः-**
1. उक्त एनआईटी बेरोजगार डिग्री इंजीनियर के लिये आमंत्रित है ।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाऊनलोड की जा सकती है।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग,
दूरभाष - 0788-2210876

G-252600278/2

### कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 17/166641 | DISMANTLING OF (BUILDING & DRAIN & UTILITY SHIFTING) RE-CONSTRUCTION WORK OF SHUKRAVARI BAZAR TO PLAT FARM NO.-5 RAILWAY FATAK. (RHS) UNDER MAINTENANCE SUB- DIVISION RAIPUR (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रू. 41.25 लाख |
| 16/166642 | ADDITIONAL WORK TILES, PAVERS, TEXTURE PAINT IN TENNIS SPORTS ACADEMY AT RAIPUR UNDER MAINTENANCE SUB-DIVISION, RAIPUR (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रू. 53.15 लाख |
| 15/166643 | BOUNDARYWALL WITH GATE, TOILET BLOCK MAIL & FEMALE, FIRE FIGHTING, WATER HARWESTING & OTHER MISCELLANEOUS WORK OF TENNIS SPORTS ACADEMY AT LABHANDI RAIPUR (CG) (प्रथम आमंत्रण) | रू. 152.57 लाख |
| 226/167028 | DISMANTLING OF (BUILDING & DRAIN & UTILITY SHIFTING) RE-CONSTRUCTION WORK OF SHUKRAVARI BAZAR TO PLAT FARM NO.-5 RAILWAY FATAK. (LHS) UNDER MAINTENANCE SUB-DIVISION RAIPUR (CG.) (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 40.14 लाख |

**एन.आई.टी. क्र.17 सिस्टम टेन्डर नं. 166641, एन.आई.टी. क्र. 16 सिस्टम टेन्डर नं. 166642 एवं एन.आई.टी. क्र. 15 सिस्टम टेन्डर नं. 166643 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 01.05.2025 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 226 सिस्टम टेन्डर नं. 167028 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 25.04.2025 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी **https://eproc.cgstate.gov.in** पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मण्डल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)

G-252600282/4

### कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 166655 प्रथम आमंत्रण 04.04.2025 | पामगढ़ में 2 नग नवीन कोर्ट भवन का निर्माण कार्य, वा.स.से.फि., विद्युतीकरण, बाउण्ड्रीवाल एवं पहुंच मार्ग सहित निर्माण कार्य। | 721.81 |
| 2 | 166739 द्वितीय आमंत्रण 07.04.2025 | शासकीय पॉलीटेक्निक अंबिकापुर में 100 सीटर नवीन बालक छात्रावास भवन का निर्माण कार्य। | 264.13 |
| 3 | 166749 प्रथम आमंत्रण 07.04.2025 | जिला कोरिया के बिसुनपुर से बनखेतापारा तक मार्ग लं. 2.80 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 328.37 |
| 4 | 166878 प्रथम आमंत्रण 07.04.2025 | जिला सूरजपुर के सूरजपुर के वि.ख. प्रेमनगर के टाकर से डूमरभवना होते हुए उमेश्वरपुर चौक तक मार्ग लं. 10.34 कि.मी. निर्माण कार्य। | 923.65 |
| 5 | 166756 प्रथम आमंत्रण 07.04.2025 | नाबार्ड योजनांतर्गत जिला-बीजापुर, ब्लॉक-भैरमगढ़ के कुटरू से फरसेगढ़ (शेष कार्य) मार्ग लंबाई 12.60 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 1818.04 |
| 6 | 166794 प्रथम आमंत्रण 08.04.2025 | जिला रायगढ़ के पुसौर रेंगालपाली मार्ग पर कि.मी. 7/2 (मुख्य जिला मार्ग) में कसई नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 472.54 |
| 7 | 166800 प्रथम आमंत्रण 08.04.2025 | बहतराई से सम्बलपुरी मिनी स्टेडियम तक मार्ग लंबाई 1.90 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 226.37 |
| 8 | 166818 प्रथम आमंत्रण 08.04.2025 | जिला गरियाबंद के विकासखंड फिंगेश्वर अंतर्गत कोपरा-पोखरा मार्ग लंबाई 26.20 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य। पुल-पुलिया सहित। गरियाबंद संभाग गरियाबंद । | 6753.34 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क. 01 दिनांक 28.04.2025, सं.क. 02 दिनांक 24.04.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 02.05.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G-252600293/8

### शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् लोक शिक्षण संचालनालय

ब्लॉक-सी, प्रथम तल, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़
फेक्स नं. 0771-242521, दूरभाष कं. 0771-2331385 ई-मेल- cg.dpi.dir@gmail.com

क्र.शी.मु.क.कौ.प.प./वि.कौ.प. परिणाम / घोषणा / 2024 - 25/412
नवा रायपुर दिनांक 11.04.2025

**सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य में विभिन्न विभागान्तर्गत तृतीय श्रेणी के (लिपिक वर्गीय कर्मचारी) अनुकम्पा नियुक्त शासकीय सेवकों के लिए हिन्दी मुद्रलेखन में कम्प्यूटर कौशल गति 5000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा एवं कम्प्यूटर कौशल प्रोत्साहन भत्ते के लिए हिन्दी तथा अंग्रेजी में 8000 की डिप्रेशन प्रतिघण्टा के मान से "शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद्" लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा दिनांक 30/03/2025 को रायपुर एवं बिलासपुर संभाग में एक एक परीक्षा केन्द्र पर विभागीय कम्प्यूटर कौशल परीक्षा आयोजित की गई थी ।

उक्त विभागीय कम्प्यूटर कौशल परीक्षा के परीक्षा परिणाम परिषद कार्यालय के पत्र क्रं. शी.मु.क.कौ.प.प./वि.क. कौ. परीक्षा / 49 / परिणाम / 2025-26/409 दिनांक 11-04-2025 के द्वारा घोषित किये गये है।

परीक्षार्थीगण परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम परिषद् की वेबसाईट https://ctsp.cg.nic.in/ से download कर सकते है तथा उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपने login-id-password से Certificate ( प्रमाण पत्र ) Download कर सकेंगें ।

परिषद द्वारा वर्ष 2025-26 में हिन्दी / अंग्रेजी शीघ्रलेखन तथा हिन्दी / अंग्रेजी कम्प्यूटर मुद्रलेखन कौशल गति 5000, 8000 एवं 10000 की डिप्रेशन प्रतिघण्टा के मान से आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के विज्ञापन जारी किये जा चुके है। जिसमें उक्त परीक्षा के लिए दिनांक 02/04/2025 से 22/4/2025 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित है। इच्छुक अभ्यार्थी जो अर्हता रखते हो वे ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

अभ्यार्थीगण परीक्षाओं संबंधी अन्य जानकारी के लिए वेबसाईट https://ctsp.cg.nic.in का समय-समय पर अवलोकन करते रहे।

सचिव
शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर
कौशल परीक्षा परिषद्
लोक शिक्षण संचालनालय
नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

G-252600267/1

### छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, अटल नगर

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि सेजबहार वितरण केन्द्र के अंतर्गत विभिन्न 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रो से निकलने वाली 11 के.व्ही. लाईनो का प्री मानसुन मेंटनेंस एवं मरम्मत कार्य निम्नानुसार प्रस्तावित है। नीचे दिये गये तिथियों में सुबह 09.00 से दोपहर 02.00 बजे तक सारणी बद्ध लाईन एवं दिनांक एवं उनके सम्मुख दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 16.04.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. खिलोरा फीडर | ग्राम - खिलोरा बस्ती, खिलोरा हाऊसिंग बोर्ड । |
| 2 | 17.04.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. वेदान्ता फीडर | गैस गोदाम रोड़, कान्दुल बस्ती, वालफोर्ट पैराडाइज, बगदई वाटिका आदि । |
| 3 | 18.04.2025 | शुक्रवार | 33 के. व्ही. डोमा रावणभाटा फीडर 33 के. व्ही. डोमा सेजबहार फीडर | - |
| 4 | 19.04.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. सेजबहार नं. - 03 फीडर | सेजबहार हाऊसिंग बोर्ड । |
| 5 | 21.04.2025 | सोमवार | 33 के.व्ही. दतरेंगा O/G | कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय। |
| 6 | 22.04.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. सिवनी फीडर | ग्राम - सिवनी बस्ती, धुसेरा बस्ती । |
| 7 | 23.04.2025 | बुधवार | 11 के. व्ही. गोल्फ ग्रीन फीडर | दतरेंगा, डोमा बस्ती, गोल्फ ग्रीन, कान्दुल वॉटर टैंक आदि । |
| 8 | 24.04.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. कैपिटल बिल्डकॉन फीडर | फ्रेन्ड कल्ब, नवभारत कालोनी, गुडलक सिटी, आमापारा, जी. इ.सी. कालोनी सेजबहार आदि । |
| 9 | 25.04.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. मुर्रा फीडर | दतरेंगा, सोनकर बाड़ी डोमा, दमांद पारा, मुर्रा बस्ती आदि । |
| 10 | 26.04.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. सेजबहार नं. - 01 फीडर | सेजबहार हाऊसिंग बोर्ड, सेजबहार बस्ती, मुजगाहन थाना आदि । |
| 11 | 28.04.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. दतरेंगा फीडर | दतरेंगा, आदर्श नर्सिंग स्कुल, संदीप पलास्टर, काठाडीह बस्ती, शिवांस स्कुल, वालफोर्ट वाटिका आदि । |
| 12 | 29.04.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. दतरेंगा ग्रामीण फीडर | दतरेंगा, डोमा । |
| 13 | 30.04.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. भटगाँव फीडर | भटगाँव बस्ती, निलंम्बर स्टिल, रामफल चौहान इंडिया, निशा गोयल फार्म हाऊस आदि । |
| 14 | 01.05.2025 | गुरूवार | 11 0 के.व्ही. अटल अवास फीडर | लोटस पार्क, औरम सिटी, धनेली बस्ती, अयोध्या पाण्डेय, सिद्धी गणेश इंडिया, युनिकोर्न इंडिया आदि । |
| 15 | 02.05.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. धुसेरा इंडस्ट्रीयल फीडर | कपील इंडिया, एस. एस. डी. फर्निचर, यश सोया, तारवानी शॉप, पंकज इंडिया, सचदेवा कॉलेज, कलासिक सेल्स (धुसेरा), पदमश्री आदि । |
| 16 | 03.05.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. धनेली फीडर | वंशिका तलरेजा गोडाउन, अग्रवाल गोडाउन, श्री रावतपूरा सरकार युनिवर्सिटी आदि । |
| 17 | 05.05.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. काठाडीह फीडर | काठाडीह, वॉलफोर्ट वाटिका, महावीरा, शिवांस स्कुल, सतगुरू ड्रीम सिटी, बालाजी यू. पी. वी. सी., संदीप प्लास्टर, दिव्यांश प्रोडकट्स आदि । |
| 18 | 06.05.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. धुसेरा रोड़ फीडर | देवारभाटा । |
| 19 | 07.05.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. सेजबहार नं.-02 फीडर | सेजबहार हाऊसिंग बोर्ड । |
| 20 | 08.05.2025 | गुरूवार | 33/11 के.व्ही. भटगाँव S/S | भटगाँव उपकेन्द्र । |
| 21 | 09.05.2025 | शुक्रवार | 33 के. व्ही. सिवनी O/G | जे. डी. गोयेंका स्कुल, एस. के. शारदा स्कुल, जी. ई. सी ब्रिजवाही उच्चदाब उपभोक्ता आदि । |
| 22 | 10.05.2025 | शनिवार | 33/11 के.व्ही. सेजबहार S/S | सेजबहार हाऊसिंग बोर्ड, सेजबहार बस्ती, मुजगाहन थाना आदि । |
| 23 | 13.05.2025 | मंगलवार | 33/11 के.व्ही. दतरेंगा S/S | दतरेंगा, कान्दुल, काठाडीह, डोमा, गोल्फ ग्रीन सिटी, महावीरा कालोनी, वॉलफोर्ट वटिका आदि । |
| 24 | 14.05.2025 | बुधवार | 33/11 के. व्ही. सिवनी S/S | सिवनी, धुसेरा, खिलोरा हाऊसिंग बोर्ड । |
| 25 | 15.05.2025 | गुरूवार | 33/11 के.व्ही. वेदांता s/s | वेदांता उपकेन्द्र । |

"तकनीकी कर्मचारी अपने समस्त तैयारियों के साथ प्रातः 08:30 बजे 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र माना में उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त अवधि में कोई भी कर्मचारी अवकाश पर नहीं रहेगें।"

**"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं0 1912 पर दर्ज कराऐं।"**
**"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे"**
**"स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए"**

**असुविधा के लिए खेद है**

( एम.एस.हरि )
कर्म.संख्या 4450812
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., अटल नगर नवा रायपुर

S-43541/1

## खबर संक्षेप




### ग्रीव्ज कॉटन ने सतपुते को एमडी किया नियुक्त

**मुंबई।** विविध इंजीनियरिंग फर्म ग्रीव्ज कॉटन लिमिटेड ने पराग सतपुते को अपना नया प्रबंध निदेशक (एमडी) और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि सतपुते अरूप बसु का स्थान लेंगे, जिन्होंने कंपनी के प्रबंध निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका अनुबंध नौ मई, 2025 को खत्म हो जाएगा।

### पूनावाला फिनकॉर्प स्वर्ण ऋण कारोबार में उतरी




**नई दिल्ली।** साइरस पूनावाला समूह द्वारा प्रवर्तित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) पूनावाला फिनकॉर्प ने मंगलवार को 'गोल्ड लोन' (स्वर्ण ऋण) कारोबार में उतरते हुए गारंटी वाले ऋण उत्पादों के अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया। इस नई पेशकश ने व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए एक सुरक्षित, तेज और पारदर्शी वित्तपोषण समाधान प्रदान किया है, जो कारोबार विस्तार, कृषि लागत और व्यक्तिगत खर्चों जैसी विविध वित्तीय जरूरतों को पूरा करता है। कंपनी ने कहा कि 30 मिनट से कम समय में तेज मंजूरी, न्यूनतम दस्तावेज और कई पुनर्भुगतान विकल्पों के साथ, ग्राहक अपने सोने को बेचे बिना उसका मूल्य तलाश कर सकते हैं जिससे दीर्घकालिक धन को संरक्षित करते हुए वित्तीय लचीलापन सुनिश्चित होता है।

# ब्रोकरेज फर्म मोर्गन ने दिया शेयर बाजार को झटका, टारगेट 93,000 से 82,000 किया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मोर्गन स्टेनली ने 2025 के लिए बीएसई सेंसेक्स का नया टारगेट जारी किया है। ये टारगेट 82,000 है। बड़ी बात ये है कि पहले ये टारगेट 93,000 था, यानी इसमें करीब 12 फीसदी की कटौती की गई है।

मोर्गन स्टेनली का मानना है कि दिसंबर 2025 तक सेंसेक्स में अभी भी करीब 9 फीसदी का मुनाफा देखा जा सकता है। लेकिन पहले जितनी तेजी की उम्मीद थी, अब उससे कम की उम्मीद जताई जा रही है। ट्रंप के शुल्क वार से वैश्विक शेयर बाजार में गिरावट की आशंका व्यक्त की जा रही है। मॉर्गन स्टेनली का मानना है कि भारत की अर्थव्यवस्था अगर फिस्कल डिसिप्लिन बनाए रखती है, प्राइवेट इनवेस्टमेंट में तेजी आती है और रियल ग्रोथ व रियल इंटरेस्ट रेट के बीच फासला संतुलित रहता है, तो सेंसेक्स अपने नए लक्ष्य तक पहुंच सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2028 तक सेंसेक्स की कमाई सालाना औसतन 16 फीसदी की दर से बढ़ सकती है।

## ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म ने वर्ष 2025 के लिए बीएसई का नया टारगेज किया जारी

### कंपनियों की अनुमानित कमाई घटाई

ब्रोकरेज फर्म ने बताया कि उन्होंने कंपनियों की कमाई का अनुमान करीब 13 फीसदी तक घटाया है। ग्लोबल मार्केट्स में सुस्ती का असर भारत की परफॉर्मेंस पर पड़ सकता है, भले ही भारत फिलहाल बाकी देशों की तुलना में बेहतर कर रहा हो, लेकिन, बीएसई सेंसेक्स का मूवमेंट वैसा नहीं रहने वाला, जैसा कि पहले अनुमान लगाया गया था। यही वजह है कि मोर्गन स्टेनले ने इसमें 12 फीसदी की कटौती की है।



### बड़े शेयरों की तरफ बढ़ रहा झुकाव

रिपोर्ट के अनुसार, अब बाजार का फोकस 'मैक्रो' फैक्टर्स से हटकर स्टॉक सिलेक्शन पर आ गया है। मॉर्गन स्टेनली ने अपने पोर्टफोलियो में एक्टिव पोजीशन को भी घटाया है। सेक्टर के हिसाब से बात करें तो ब्रोकरेज फर्म ने फाइनेंशियल्स, कंज्यूमर साइक्लिकल्स (जैसे ऑटो और ड्यूरेबल्स) और इंडस्ट्रियल सेक्टर को वरीयता दी है। वहीं, एनर्जी, मटीरियल्स, यूटिलिटीज और हेल्थकेयर सेक्टर्स को उन्होंने कमजोर कैटेगरी में रखा है। साथ ही, स्मॉल और मिड-कैप कंपनियों के मुकाबले अब उनका झुकाव बड़े शेयरों की तरफ बढ़ गया है।

### बुलिश की संभावना सिर्फ 30 प्रतिशत

अगर हालात उम्मीद से बेहतर निकलते हैं, जैसे सरकार द्वारा बड़े सुधार, जीएसटी दरों में कटौती और कृषि कानूनों पर प्रगति होती है तो सेंसेक्स 91,000 तक भी जा सकता है. लेकिन ब्रोकरेज फर्म का मानना है कि इस बुलिश सीनारियो की संभावना सिर्फ 30 फीसदी है। मार्च 2025 में उन्होंने यही आंकड़ा 105,000 का अनुमान दिया था, जिसे अब घटाकर 91,000 कर दिया गया है।

## कुल बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रही

# यूटिलिटी वाहनों की मांग से यात्री वाहनों की थोक बिक्री रिकॉर्ड 43 लाख के पार: सियाम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर रिकॉर्ड 43 लाख इकाइयों का आंकड़ा पार कर गई। कुल बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रही। उद्योग निकाय सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर यात्री वाहनों की थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 43,01,848 इकाई हो गई। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 42,18,750 इकाई रही थी। सियाम के अनुसार, यूटिलिटी वाहनों ने वृद्धि को गति देना जारी रखा। सियाम ने कहा कि यात्री वाहन खंड ने भी वित्त वर्ष 2024-25 में अपना अब तक का सबसे अधिक 7.7 लाख इकाई का निर्यात दर्ज किया।

■ उद्योग निकाय सियाम ने दी जानकारी



### तिपहिया वाहनों की बिक्री सात फीसदी रही

पिछले वित्त वर्ष में कुल वाणिज्यिक वाहनों की थोक बिक्री एक प्रतिशत घटकर 9,56,671 इकाई रह गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 9,68,770 इकाई थी। इसी अवधि में तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 6,94,801 इकाइयों की तुलना में सात प्रतिशत बढ़कर 7,41,420 इकाई हो गई।

### यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी

वित्त वर्ष 2024-25 में कुल यात्री वाहनों की थोक बिक्री में इनकी हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रही जो वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 60 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 में यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 27,97,229 इकाई हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 25,20,691 इकाई थी। इसकी तुलना में, यात्री कारों की बिक्री में 13 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

### उद्योग ने स्थिर प्रदर्शन जारी रखा

सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा, " भारतीय मोटर वाहन उद्योग ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपना स्थिर प्रदर्शन जारी रखा, जो अच्छी मांग, बुनियादी ढांचे में निवेश, सहायक सरकारी नीतियों और टिकाऊ परिवहन पर निरंतर जोर से प्रेरित रहा।" सभी श्रेणियों में पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में कुल बिक्री सालाना आधार पर 2,38,57,411 इकाई से सात प्रतिशत बढ़कर 2,56,07,391 इकाई हो गई। यात्री वाहनों की थोक बिक्री मार्च महीने में 3,81,358 इकाई रही, जो मार्च 2024 के 3,68,090 वाहनों से चार प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, सियाम ने बताया कि अफ्रीका और पड़ोसी देशों जैसे प्रमुख बाजारों में निर्यात मांग जारी रहने की संभावना है, क्योंकि 'मेड इन इंडिया' वाहनों का चलन बढ़ रहा है।

# मौजूदा समय में बफर पूंजी के उपयोग की जरूरत नहीं : आरबीआई

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को 'काउंटरसाइक्लिकल' यानी सुस्ती की स्थिति से निपटने के लिए तैयार बफर पूंजी (सीसीवाईबी) का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि मौजूदा परिस्थिति में इसकी जरूरत नहीं है। आरबीआई ने सीसीवाईबी की रूपरेखा को फरवरी, 2015 में दिशानिर्देशों के रूप में पेश किया था। इसमें यह सलाह दी गई थी कि परिस्थितियों के अनुरूप सीसीवाईबी को लागू किया जाएगा और इसके बारे में पहले से घोषणा की जाएगी।

रूपरेखा में मुख्य संकेतक के रूप में ऋण-जीडीपी अंतर की परिकल्पना की गई है। इसका उपयोग अन्य पूरक संकेतकों के साथ किया जा सकता है। आरबीआई ने बयान में कहा, "सीसीवाईबी संकेतकों की समीक्षा के आधार पर यह निर्णय लिया गया है कि इस समय इसको लागू करना जरूरी नहीं है।" इसे पेश 2015 में किया गया, लेकिन आरबीआई ने अबतक इसका उपयोग नहीं किया है। आरबीआई के अनुसार, सीसीवाईबी व्यवस्था के दो उद्देश्य हैं।




### अंधाधुंध कर्ज देने पर लगेगी रोक

दूसरा, यह बैंक क्षेत्र को अत्यधिक ऋण वृद्धि की अवधि में अंधाधुंध कर्ज देने से रोकने के लक्ष्य को भी हासिल करने में मददगार है। वर्ष 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के मद्देनजर केंद्रीय बैंक के प्रमुखों और पर्यवेक्षण प्रमुखों के समूह (जीएचओएस) ने प्रतिचक्रीय पूंजी उपायों पर एक रूपरेखा की शुरुआत की परिकल्पना की थी।

## कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

-:: सार्वजनिक सूचना ::-

क्रमांक /1743/भू-अर्जन/भूक्रनी/2024 राजनांदगांव दिनांक : 04/04/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत खुर्सीपार जलाशय के डूबान में प्रभावित ग्राम बिटाल, प.ह.नं. 23, रा.नि.मं. खुज्जी, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है :-

| क्र | भू-धारक का नाम | खसरा नम्बर | कुल रकबा (हे.में) | क्रय हेतु प्रस्तावित रकबा (हे.में) | भूमि की किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नेमेश्वर पिता कन्हैया, जाति तेली, सा. देह भूमिस्वामी | 356/1 | 0.102 | 0.102 | असिंचित |
| 2 | खेमूराम पिता तुकाराम, लगनीबाई पति तुकाराम, सा. देह भूमिस्वामी | 356/2 | 0.101 | 0.101 | असिंचित |
| 3 | पुष्कर पिता मुंशी राम, वेदप्रकाश पिता भुनेश्वर, शिवांगी पिता भुनेश्वर, गिरीश बाई पति भुनेश्वर, नरबद बाई पिता मुंशी राम, जाति तेली, सा. देह भूमिस्वामी | 356/3 | 0.101 | 0.101 | असिंचित |
| 4 | रेवाराम पिता अलाल, जाति तेली, सा. देह, भूमिस्वामी | 356/4 | 0.061 | 0.061 | असिंचित |
| | | 356/5 | 0.040 | 0.040 | |
| | योग | 02 | 0.101 | 0.101 | |
| | महायोग | 5 | 0.405 | 0.405 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह ) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर
जिला-राजनांदगांव

G-252600273/2

# अमेरिकी शुल्क लागू होने से भारत की वृद्धि दर घटेगी : एसएंडपी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत, चीन और जापान जैसी प्रमुख एशिया-प्रशांत की अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर में अमेरिकी जवाबी शुल्क लागू होने पर अगले दो वर्षों में 0.20 से 0.40 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा, अमेरिका की शुल्क लगाने की धमकी ने वैश्विक व्यापार व भरोसे को कम किया है। चीन और अमेरिका के साथ निर्यात पर क्षेत्र की निर्भरता का विनिर्माताओं और छोटी अर्थव्यवस्थाओं पर बहुत अधिक असर पड़ेगा। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अनुसंधान प्रमुख (एशिया-प्रशांत) यूनिस टैन ने कहा, " यदि दो अप्रैल, 2025 को घोषित शुल्क अन्य अर्थव्यवस्थाओं पर फिर से लागू हो जाते हैं, तो इसके भू-राजनीतिक तथा आर्थिक परिणाम गहरे होंगे।' भारत के लिए, एसएंडपी ने मार्च में 2025 और 2026 के लिए क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। यदि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित जवाबी शुल्क को लागू किया जाता है तो एसएंडपी का अनुमान है कि वृद्धि दर घटकर क्रमशः 6.3 प्रतिशत तथा 6.5 प्रतिशत हो जाएगी।

■ अमेरिकी शुल्क की धमकी ने वैश्विक व्यापार व भरोसे को कम किया




# खाद्य वस्तुओं के सस्ता होने से मार्च में थोक महंगाई घटी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं के दाम घटने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मार्च में मासिक आधार पर घटकर छह महीने के निचले स्तर 2.05 प्रतिशत पर आ गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पहले पिछले साल सितंबर में थोक मुद्रास्फीति 1.91 प्रतिशत पर रही थी। वहीं थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में 2.38 प्रतिशत थी। हालांकि, वार्षिक आधार पर मार्च में इसमें वृद्धि हुई है। मार्च, 2024 में यह 0.26 प्रतिशत थी।

### सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट



सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट इसकी मुख्य वजह रही। आलू की मुद्रास्फीति जो फरवरी, 2024 से दोहरे अंक में बढ़ रही थी मार्च, 2025 में इसमें गिरावट आई। मार्च, 2025 में आलू में यह 6.77 प्रतिशत थी। प्याज की मुद्रास्फीति फरवरी में 48.05 प्रतिशत के मुकाबले मार्च में घटकर 26.65 प्रतिशत रह गई। हालांकि, विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 3.07 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 2.86 प्रतिशत थी। ईंधन तथा बिजली में भी वृद्धि देखी गई और मार्च में यह 0.20 प्रतिशत रही। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के एसोसिएट निदेशक पारस जसराय ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में थोक मुद्रास्फीति औसतन 2.3 प्रतिशत रही, जो 2023-24 (-0.7 प्रतिशत) से अधिक है। हालांकि वित्त वर्ष 2022-23 के 11.2 प्रतिशत से काफी कम है।

### खाद्य उत्पाद, बिजली व कपड़े महंगे होने से महंगाई बढ़ी

उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मार्च 2025 में थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्मित वस्तुओं, बिजली व कपड़े आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण बढ़ी है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य मुद्रास्फीति फरवरी के 3.38 प्रतिशत से घटकर मार्च में 1.57 प्रतिशत रह गई।

**BEFORE THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR (CG)**
**CAVEAT APPLICATION NO. OF 2025 W.P. (C) NO. /2025**

| | | |
|---|---|---|
| **CAVEATORS** PROPOSED RESPONDENTS | : | State of Chhattisgarh & Another |
| **VERSUS** | | |
| **NON-CAVEATOR** PROPOSED PETITIONERS | : | Public at large/ public in general |

**CAVEAT NOTICE**

That the Caveator No.2/Proposed respondents/State of Chhattisgarh, through the Inspector General Registration & Superintendent of Stamps, Government of Chhattisgarh, Sector 19, Atal Nagar, Nawa Raipur (CG) had invited tender proposals (Tender No. 164795) vide Chhattisgarh e-procurement portal dated 17/01/2025 for Establishment and Operations of Model Sub-Registrar Offices on BOOT Model wherein the last date of submission of bid was 10/02/2025. Thereafter the date of submission and opening of Bid date is being extended i.e. End date of submission of Bids 24/02/2025 up to 3:00 PM and Date/Time of Technical Bid Opening 25/02/2025 up to 4:00 PM. Further the Corrigendum-1 dated 21/02/2025 and Corrigendum-2 dated 06/03/2025 has been issued and accordingly on the scheduled date i.e. 08/04/2025 the technical qualification marks were opened and the same was communicated to the bidders on 09/04/2025 through official mail id of the department and in respect to one bidder the technical bid has been rejected. As such the Non-Caveators/proposed petitioner having locus may challenge the whole tender process (Tender No. 164795). The Caveator/proposed respondent/State submits that in case, the non Caveators/proposed petitioners file a writ petition and an application for grant of interim relief before the Hon'ble High Court challenging the Tender process or technical qualification marks, then the Caveator/proposed respondents herein respectfully submits that they may be given an opportunity of hearing, prior to granting of any order in favour interim/protective Caveators/proposed petitioner. The address for notice to the Caveator is being given here-below:-
"The Advocate General, State of Chhattisgarh,
High Court Premises, Bodri, Bilaspur (CG)"
BILASPUR:
DATED: 15/04/2025

(RAHUL TAMASKAR, GOVT. ADV.)
COUNSEL FOR THE CAVEATORS/
PROPOSED RESPONDENTS/STATE

G-252600294

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑंकोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330, मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130




# बल्लेबाजों का आत्मविश्वास बढ़ाने बेहतर पिच पर खेलने की जरूरत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई के चेपॉक मैदान के क्यूरेटर से बेहतर पिच तैयार करने का आग्रह किया है जिससे उनके बल्लेबाजों को यहां की तरह अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिल सके क्योंकि वह चाहते हैं कि उनकी टीम चेन्नई सुपर किंग्स निर्भीक क्रिकेट खेले।

धोनी की 11 गेंदों में 26 रन की पारी ने चेन्नई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर महत्वपूर्ण जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह से पांच बार के चैंपियन ने चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया, जिसमें घरेलू मैदान पर तीन हार भी शामिल हैं।



- धोनी ने चेपॉक मैदान के क्यूरेटर से बेहतर पिच बनाने का किया आग्रह
- बल्लेबाजों को यहां की तरह अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिल सके

### छह साल में पहला प्लेयर ऑफ द मैच जीता

पिछले छह साल में पहला प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाले धोनी ने मंगलवार को मैच के बाद कहा, ''एक कारण यह हो सकता है कि चेन्नई का विकेट थोड़ा धीमा है। जब हम घरेलू मैदान से बाहर खेले हैं, तो हमारे बल्लेबाजों ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है।''

### बेहतर विकेटों पर खेलने की जरूरत

धोनी ने कहा, ''शायद हमें ऐसे विकेटों पर खेलने की जरूरत है जो थोड़े बेहतर हों। इससे बल्लेबाजों को अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिलेगा। हम निर्भीक होकर खेलना चाहते हैं।'' धोनी ने स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाजों को अपनी भूमिका और जिम्मेदारियां बेहतर ढंग से निभाने की जरूरत है।

### जीतकर अच्छा लग रहा

धोनी ने कहा ,'' जीतकर अच्छा लग रहा है । बदकिस्मती से हम पिछले मैच नहीं जीत सके लेकिन इस जीत से आत्मविश्वास बढा है । यह कठिन मैच था और जीतने की खुशी है । उम्मीद है कि इससे टीम की लय बनेगी ।'' धोनी ने कहा, पिछले मैचों में हम गेंदबाजी करते समय पहले छह ओवर में जूझ रहे थे लेकिन बीच के ओवरों में वापसी की ।

### बेहतर विकेटों पर बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे

हमें बल्लेबाजी ईकाई के तौर पर भी मनचाही शुरूआत नहीं मिल पा रही थी । शायद चेन्नई की विकेट के कारण । उम्मीद है कि बेहतर विकेटों पर हम आगे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, हमें पहले छह ओवरों में अधिक गेंदबाजों की जरूरत थी जिससे अश्विन पर पहले छह ओवरों में दो ओवर डालने का काफी दबाव बन रहा था । यही वजह है कि हमने गेंदबाजी में बदलाव किये ।

खास खबर

## रोहित के खराब फॉर्म का असर मुंबई की रणनीति पर पड़ रहा



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि रोहित शर्मा के खराब फॉर्म के कारण मुंबई इंडियंस टीम आईपीएल के मौजूदा सत्र में अभी तक लय नहीं पकड़ सकी है । मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित अब इस सत्र में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली टीम में इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही खेल रहे हैं । उन्होंने पांच मैचों में 0, 8 , 13 , 17 और 18 स्कोर किया है। मुंबई ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया और टीम चार हार तथा दो जीत के साथ सातवें स्थान पर है ।

## राजस्थान-दिल्ली में मुकाबला आज

**नई दिल्ली।** सत्र की शानदार शुरूआत के बाद अपने मैदान पर पहली हार झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स इस झटके को भुलाकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में फिर जीत की



राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। लगातार चार मैच जीतने के बाद अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली टीम को रविवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस ने हराया । इस हार के बाद दिल्ली शीर्ष स्थान से खिसककर दूसरे स्थान पर पहुंच गई । दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स छह में से सिर्फ दो मैच जीतकर आठवें स्थान पर है । संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है । मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली के लिये घरेलू क्रिकेट के दिग्गज करूण नायर ने पदार्पण करते हुए 40 गेंद में 89 रन बनाये ।

## सुदीरमन कप फाइनल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगे सिंधू और सेन

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन चीन में 27 अप्रैल से चार मई तक होने वाले सुदीरमन कप बैडमिंटन फाइनल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगे। अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर भारत ने इस प्रतिष्ठित मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई किया है । भारत को ग्रुप डी में पूर्व चैम्पियन इंडोनेशिया, दो बार के उपविजेता डेनमार्क और एक इंग्लिश टीम के साथ रखा गया है । भारत की 14 सदस्यीय टीम में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भी चोट से उबरकर वापसी हुई है ।



महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली फिटनेस कारणों से नहीं खेलेंगी । उनकी जगह प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा महिला युगल वर्ग में उतरेंगे । वहीं पुरूष युगल में सात्विक और चिराग के बैकअप के तौर पर हरिहरन ए और रूबेन कुमार को रखा गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' चयनकर्ताओं ने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है । हम जीत के लिये एक या दो मुकाबलों पर निर्भर नहीं है । हमें यकीन है कि यह टीम पदक जीतकर इतिहास रचेगी ।''

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| पंजाब | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

### केकेआर के सात ओवर में दो विकेट पर थे 60 रन

95 रन पर हो गए ऑल आउट

## चहल बने प्लेयर ऑफ द मैच, 28 रन पर झटके चार विकेट

# रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने केकेआर को 16 रनों से दी मात

एजेंसी ▶▶ मुल्लांपुर

युजवेंद्र चहल ने लय में वापसी करते हुए 28 रन पर चार विकेट लेकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 के कम स्कोर वाले मैच में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पंजाब किंग्स को 16 रन की यादगार जीत दिलायी।

पंजाब किंग्स को 15.3 ओवर में 111 रनों पर रोकने के बाद, केकेआर सात ओवर में दो विकेट पर 60 रन बनाकर आसान जीत की ओर बढ़ रहा था लेकिन इसके बाद चहल ने केकेआर के मध्य क्रम को झकझोर कर पंजाब को रोमांचक जीत दिलाई। केकेआर की टीम 15.1 ओवर में 95 रनों पर ऑल आउट हो गई।

### पंजाब ने किया सबसे छोटा स्कोर चैस

पंजाब किंग्स ने इसके साथ ही आईपीएल में सबसे छोटे स्कोर का सफलता पूर्व बचाव करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले सबसे कम स्कोर का बचाव चेन्नई सुपर किंग्स ने 2009 में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 116 रन बनाकर किया था।



### केकेआर ने आखिरी 7 विकेट 23 रन पर गंवाए

पंजाब के लिए मार्को यानसेन ने भी तीन विकेट लिये जबकि अर्शदीप, जेवियर बार्टलेट और ग्लेन मैक्सवेल को एक-एक सफलता मिली। केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 28 गेंद में 37 रन की पारी खेलने के साथ कप्तान अजिंक्य रहाणे (17) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने आखिरी सात विकेट 23 रन के अंदर गंवा दिये।

### राणा ने 25 रन पर लिए तीन विकेट

इससे पहले, पंजाब किंग्स बिना किसी नुकसान के 39 रन से 15.3 ओवर में 111 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें हर्षित राणा ने 25 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण ने दो-दो विकेट लिए। पंजाब के लिए पदार्पण कर रहे बार्टलेट ने क्विंटन डिकॉक को 2 रन पर चलता किया। रघुवंशी क्रीज पर आते ही आक्रामक शॉट पर चौका लगाकर खाता खोला।

### रहाणे के लिए रिव्यू लेना महंगा पड़ा

पावरप्ले के बाद टीम का स्कोर दो विकेट पर 55 रन था। रघुवंशी ने अर्शदीप के खिलाफ एक रन लेकर तीसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। चहल ने आठवें ओवर में रहाणे को पगबाधा किया। रहाणे के लिए मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ रिव्यू नहीं लेना महंगा पड़ा।

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्य का रमनदीप बो हर्षित | 22 | 12 | 3 | 1 |
| प्रभसिमरन का रमनदीप बो हर्षित | 30 | 15 | 2 | 3 |
| श्रेयस अय्यर का रमनदीप बो हर्षित | 00 | 02 | 0 | 0 |
| जोश इंग्लिस बो चक्रवर्ती | 02 | 06 | 0 | 0 |
| नेहाल वढेरा का वेंकटेश बो नोर्किया | 10 | 09 | 2 | 0 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो चक्रवर्ती | 07 | 10 | 1 | 0 |
| सूर्यांश शेडगे का डिकॉक बो नारायण | 04 | 04 | 0 | 0 |
| शशांक सिंह पगबाधा अरोड़ा | 18 | 17 | 1 | 1 |
| मार्को यानसन बो नारायन | 01 | 02 | 0 | 0 |
| जेवियर बार्टलेट रन आउट | 11 | 15 | 1 | 0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 05, कुल योग: 15.3 ओवर में सभी आउट: 111 रन
गेंदबाजी: अरोड़ा 2.3-0-26-1, नोर्किया 3-0-23-1, हर्षित 3-0-25-3, चक्रवर्ती 4-0-21-2 नारायण 3-0-14-02

| केकेआर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक का शेडगे बो बार्टलेट | 02 | 04 | 0 | 0 |
| सुनील नारायण बो यानसेन | 05 | 04 | 1 | 0 |
| अजिंक्य रहाणे पगबाधा चहल | 17 | 17 | 1 | 1 |
| अंगकृष रघुवंशी का बार्टलेट बो चहल | 37 | 28 | 5 | 1 |
| वेंकटेश अय्यर पगबाधा मैक्सवेल | 07 | 04 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह स्टं. इंग्लिस बो चहल | 02 | 09 | 0 | 0 |
| आंद्रे रसल बो यानसेन | 17 | 11 | 1 | 2 |
| रमनदीप सिंह का श्रेयस बो चहल | 00 | 01 | 0 | 0 |
| हर्षित राणा बो यानसेन | 03 | 06 | 0 | 0 |
| वैभव अरोड़ा का इंग्लिस बो आर्शदीप | 00 | 07 | 0 | 0 |
| एनरिच नोर्किया नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 05, कुल योग: 15.1 ओवर में 95/10 रन
गेंदबाजी : यानसेन 3.1-0-17-3, बार्टलेट 3-0-30-1, अर्शदीप 3-1-11-1, चहल 4-0-28-4, मैक्सवेल 2-0-5-1

### खबर संक्षेप



#### एएसआईपी के अध्यक्ष होंगे प्रभाकरण

**नई दिल्ली।** खेल उद्योग पेशेवरों के संघ (एएसआईपी) ने मंगलवार को अपने संस्थापक प्रबंधन बोर्ड की घोषणा की और इसके अध्यक्ष अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के पूर्व महासचिव शाजी प्रभाकरण होंगे। नीरजा झा मानद महासचिव होंगे और गोवा फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कैटानो जोस फर्नांडिस बोर्ड के सदस्यों में से होंगे। दिल्ली फुटबॉल संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे शाजी ने इस साल संगठन की स्थापना की है। बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल दो साल का होगा । बोर्ड की पहली बैठक तीन मई को होगी।

#### एटलेटिको ने खिताब की उम्मीद जीवंत रखी

**मैड्रिड।** जूलियन अल्वारेज के पेनल्टी पर किए गए दो गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड ने सोमवार को यहां वलाडोलिड को 4-2 से हरा दिया और इस तरह से स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा को जीतने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी। एटलेटिको के इस जीत से 31 मैच में 63 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से सात अंक पीछे तीसरे स्थान पर है। बार्सिलोना के 31 मैच में 70 अंक है जबकि रियाल मैड्रिड 31 मैच में 66 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। अल्वारेज ने 25वें और 74वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। एटलेटिको की तरफ से उनके अलावा गिउलिआनो शिमोन (27वें मिनट) और अलेक्जेंडर सोरलोथ (79वें) ने एक एक गोल किया।

#### आईसीसी की बैठक में शामिल नहीं हुए नकवी

**कराची।** चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी के बाद अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वार्षिक तिमाही बैठक में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी शामिल नहीं हुए। पाकिस्तान में निजी काम के कारण नकवी हाल की बैठकों के लिए हरारे नहीं जा सके। नकवी संघीय गृह मंत्री भी हैं जो केंद्र सरकार में एक महत्वपूर्ण पद है। अधिकारी ने कहा, ''मोहसिन नकवी स्वदेश में काम के कारण नहीं जा सके और बोर्ड के सीईओ सुमेर अहमद आईसीसी की बैठकों में शामिल हुए।''

क्रिकेट

## बांग्लादेश के साथ भारत मीरपुर में 4 व चटगांव में खेलेगा 2 मैच

### भारत का 2014 के बाद से पहला दौरा होगा



एजेंसी ▶▶ ढाका

भारत अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में चार और चटगांव में दो मैच खेलेगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को यह घोषणा की।

बांग्लादेश दौरे पर भारत तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलेगा। यह बांग्लादेश में भारत की पहली टी20 द्विपक्षीय श्रृंखला और 2014 के बाद सिर्फ सीमित ओवरों का पहला दौरा होगा। शुरुआती दो एकदिवसीय और आखिरी दो टी20 मीरपुर में खेले जाएंगे जबकि तीसरा एकदिवसीय और पहला टी20 चटगांव में होगा। भारत को 13 अगस्त को ढाका पहुंचना है। शुरुआती दो एकदिवसीय 17 और 20 अगस्त को खेले जाएंगे जिसके बाद टीम 23 अगस्त को तीसरा एकदिवसीय खेलने के लिए चटगांव जाएगी। चटगांव में ही पहला टी20 26 अगस्त को होगा। आखिरी दो टी20 29 और 31 अगस्त को मीरपुर में खेले जाएंगे।

यह दौरा एशिया कप टी20 की तैयारी में भी मदद करेगा। भारत इस टूर्नामेंट का मेजबान है लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह प्रतियोगिता पूरी तरह से श्रीलंका, बांग्लादेश या यूएई में आयोजित की जाएगी या नहीं क्योंकि दोनों देशों के बीच हुए समझौते के अनुसार पाकिस्तान भारत की यात्रा नहीं करेगा।

### भारत ने सभी प्रारूप में मानक स्थापित किया

बीसीबी के मुख्य कार्यकारी निजामुद्दीन चौधरी ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा, ''यह श्रृंखला हमारे घरेलू कैलेंडर में सबसे रोमांचक प्रतियोगिता में से एक होगी।' उन्होंने कहा, ''भारत ने सभी प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मानक स्थापित किए हैं और दोनों देशों के लाखों क्रिकेट प्रेमी इस मुकाबले का आनंद जरूर लेंगे।'' चौधरी ने कहा, ''बांग्लादेश और भारत ने हाल के वर्षों में कुछ बहुत ही प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं और मुझे विश्वास है कि यह एक और कड़ी टक्कर वाली और मनोरंजक श्रृंखला होगी।''

## जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** क्रिस जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इस खेल संस्था ने राष्ट्रमंडल खेल आंदोलन में उनकी दीर्घकालिक सेवा और महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए इसकी घोषणा की। राष्ट्रमंडल खेल की सीईओ केटी सैडलयर के अनुसार, ''राष्ट्रमंडल खेल के संविधान में मौजूदा अध्यक्ष के त्यागपत्र देने पर अंतरिम अध्यक्ष



नियुक्त करने का प्रावधान है और इसलिए डोनाल्ड रुकारे को इस साल नवंबर में अगली महासभा तक यह भूमिका सौंपी गई है।'' जेनकिंस ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''खेलों को आगे बढ़ाने और विशेषकर पैरा खिलाड़ियों को इससे जोड़ने के लिए मुझे जो अवसर दिए गए, उन पर मुझे विशेष रूप से गर्व है। मैं राष्ट्रमंडल खेल संघ के अपने सहयोगियों और दोस्तों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।''

# अय्यर बने आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत की चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कलात्मक बल्लेबाज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को मार्च महीने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता में सर्वाधिक 243 रन बनाए थे। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पीछे छोड़ा।



अय्यर ने आईसीसी विज्ञप्ति में कहा, ''मार्च महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। एक ऐसा क्षण जिसे मैं हमेशा अपनी यादों में संजो कर रखूंगा।'' अय्यर ने कहा, ''प्रत्येक क्रिकेटर का सपना होता है कि वह इतनी बड़ी प्रतियोगिता में भारत की जीत में योगदान दे। मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ का उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। प्रशंसकों को भी दिल से धन्यवाद। आपकी ऊर्जा और प्रोत्साहन हमें हर कदम पर आगे बढ़ने में मदद करते हैं।''

## बोर्नमाउथ ने फुलहम को एक गोल से हराया

**बोर्नमाउथ (इंग्लैंड)।** बोर्नमाउथ ने पहले मिनट में किए गए गोल के दम पर सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर फुलहम को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में छह मैच में अपनी पहली जीत दर्ज की।



बोर्नमाउथ की तरफ से एंटोनी सेमेन्यो ने पहले मिनट में ही गोल कर दिया था। घाना के इस अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी ने एलेक्स स्कॉट से पास पर यह महत्वपूर्ण गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से बोर्नमाउथ 32 मैच में 48 अंक लेकर आठवें स्थान पर पहुंच गया है और उसने अगले सत्र में यूरोपीय लीग में जगह बनाने की अपनी उम्मीद जीवंत रखी है।

## बीएफआई में खींचतान : अंतरिम समिति ने लिए अहम फैसले

### राज्य इकाइयों के सदस्यों की तत्काल चुनाव कराने की मांग से खींचतान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नवगठित अंतरिम समिति द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन और कोचों की नियुक्ति सहित अन्य प्रमुख निर्णयों की घोषणा के बीच मंगलवार को विभिन्न राज्य इकाइयों के सदस्यों के तत्काल चुनाव कराने की मांग से भारतीय मुक्केबाजी प्रशासन में खींचतान तेज हो गई।

भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) के पदाधिकारियों का कार्यकाल दो फरवरी को समाप्त हो गया था लेकिन कानूनी विवादों के कारण चुनाव में देरी हो रही है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने अपने नवीनतम आदेश में खेल मंत्रालय के पर्यवेक्षक और निर्वाचन अधिकारी को मामले की अगली सुनवाई के लिए तय 28 अप्रैल से पहले नया चुनाव कार्यक्रम जारी करने का निर्देश दिया है।

### बीएफआई के संविधान को कमजोर किया जा रहा

असम मुक्केबाजी के अध्यक्ष और बीएफआई के पूर्व महासचिव हेमंत कलिता ने मंगलवार को कहा, '' अजय सिंह (पूर्व बीएफआई अध्यक्ष और अंतरिम समिति के वर्तमान प्रमुख) चुनाव में देरी करने और बीएफआई के संविधान को कमजोर करने के लिए सभी हथकंडे अपना रहे हैं।''

### गलत नीति के कारण स्तर नीचे जा रहा

भंडारी ने कहा, '' अजय सिंह की गलत नीतियों के कारण भारतीय मुक्केबाजी का स्तर नीचे जा रहा है।'' विश्व मुक्केबाजी द्वारा बीएफआई के मामलों की देखरेख के साथ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए गठित अंतरिम समिति ने सोमवार को अपनी पहली बैठक में घरेलू सर्किट को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ एलीट (शीर्ष) मुक्केबाजी प्रणाली को फिर से शुरू करने के निर्णय लिया।

### हमारे खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित रहे

सिंह ने कहा, ''हम चिंतित हैं और चाहते हैं कि चुनाव जल्द से जल्द हो ताकि हमारे हमारे खिलाड़ी प्रभावित ना हो और उनका भविष्य सुरक्षित रहे।'' हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष और बीएफआई के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश भंडारी ने आरोप लगाया कि सिंह ने कोचिंग स्टाफ पर फैसला करते समय कार्यकारी समिति की सलाह लेने से इनकार कर दिया था और पेरिस ओलंपिक में खराब प्रदर्शन का यह एक बड़ा कारण था।


**न्यायालय कलेक्टर, दुर्ग जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**व्यक्तिगत उपस्थिति समन**

रा.प्र.क्र. 18/ब-121/वर्ष 2024-25

**प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया.,**
**शाखा** - यु.एम.एफ.बी. रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) ............ वादी
प्रेषिती

1. **मेसर्स पंजाब आटो पार्टनर- श्री हरजीत सिंह दुआ, जसप्रीत सिंह दुआ** पता- पुरेना, सी.एस.ई.बी. ऑफिस, उद्योग भवन के पास, रिंग रोड नं.-01, रायपुर
2. **श्री हरजीत सिंह दुआ**, पता - मकान नं.-126/13, 128/14, प.ह.नं.- 114, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं.-46, विद्यानगर, अमलीडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ0ग0)
3. **श्रीमती जसप्रीत कौर दुआ**, पता- पुरेना, सी.एस.ई.बी. ऑफिस, उद्योग भवन के पास, रिंग रोड नं.-01, रायपुर ................. अनावेदकगण

उपरोक्त वादी द्वारा इस न्यायालय में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत अनावेदकों द्वारा आवेदक बैंक से वित्तीय सहायता की सुरक्षा हेतु बैंक के पक्ष में रखी गई बंधक संपत्ति-फ्लैट नं. -106, आर्किड ब्लाक-01, ग्राउण्ड फ्लोर, ग्रीनअर्थ सिटी, ग्राम- अमलेश्वर, तहसील- पाटन, जिला- दुर्ग में स्थित भूमि क्षेत्रफल 584.22 वर्गफीट को बकाया राशि की अदायगी नहीं करने के कारण रिक्त भौतिक आधिपत्य में प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के अन्तर्गत अनावेदक को समक्ष सुनवाई किये जाने हेतु रजिस्टर्ड नोटिस जारी कर आहूत किया गया था । अनावेदकगण अनुपस्थित।

चूँकि अनावेदकों को प्रकरण में समक्ष सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जाना है। अतएव इस समन के जरिये अनावेदक को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी **दिनाँक 05/05/2025** को कलेक्टर, दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें । यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

(कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

**संयुक्त कलेक्टर**
**वास्ते, कलेक्टर दुर्ग**

*सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दुष्कर्म के मामलों में इलाहाबाद हाईकोर्ट की हालिया आपत्तिजनक टिप्पणियों पर सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां नहीं की जानी चाहिए थीं। ऐसा कहा ही क्यों गया? शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के हाल के एक आदेश पर दुख जताया, जिसमें कोर्ट ने एक छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को जमानत दे दी और कहा कि महिला ने खुद ही मुसीबत को न्योता दिया।*

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, ऐसा क्यों कहा- लड़की ने मुसीबत को खुद दिया न्योता

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक विवादास्पद फैसले पर अपनाया सख्त रुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सिंह ने कहा था कि पीड़िता शराब के नशे में खुद आराम करने के लिए आरोपी के घर गई थी। ज्ञात हो कि पिछले दिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा यौन अपराधों से जुड़े अलग-अलग मामलों में सुनाए गए फैसलों और टिप्पणियों पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। ये मामले लड़की के स्तन पकड़ना अपराध नहीं और महिला ने खुद ही मुसीबत को बुलाया जैसी टिप्पणियों से जुड़े हैं। कोर्ट के न्यायाधीश बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इन मामलों की समीक्षा के लिए 4 सप्ताह बाद का समय तय किया है और ऐसी टिप्पणियों से बचने को कहा है।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह दिया था आदेश :** दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को दुष्कर्म के आरोपी को जमानत देते हुए कहा था कि दोनों पक्ष बालिग हैं और पीड़िता एक शिक्षित युवती है। ऐसे में उन्हें अपने फैसलों के कानूनी व नैतिक परिणाम समझने चाहिए थे। यदि पीड़ित के आरोप सही मान भी लें तो यह कहा जा सकता है कि उसने स्वयं परेशानी को आमंत्रित किया है। वह खुद घटना के लिए जिम्मेदार है।



**लगातार दूसरी बार सुप्रीम कोर्ट नाराज**

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने कहा, 'अब एक अन्य न्यायाधीश ने एक और आदेश दिया है। जमानत दी जा सकती है... लेकिन, यह कैसी बात हुई कि उसने खुद ही मुसीबत को आमंत्रित किया? ऐसी बातें कहते समय सावधानी बरतनी चाहिए। खासकर न्यायाधीशों को।' इससे पूर्व भी सुप्रीम कोर्ट इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश जिसमें कहा गया था कि सिर्फ छाती पकड़ने और सलवार का नाड़ा खींचने को दुष्कर्म नहीं माना जा सकता। शीर्ष अदालत ने इस पर भी नाराजगी जताई थी और इस विवादास्पद आदेश पर रोक लगा दी थी।

### पीड़िता ने स्वीकारा था- मैंने शराब पी थी

कोर्ट ने कहा था कि पीड़िता ने स्वयं एफआईआर में स्वीकार किया है कि वह स्वेच्छा से दिल्ली के एक बार में अपनी तीन महिला मित्रों के साथ गई, जहां उसने शराब पी और वह नशे में आ गई। बार में वह सुबह 3 बजे तक रुकी रही। इस दौरान आरोपी ने उसे अपने घर चलने को कहा। नशे की हालत में सहारे की आवश्यकता होने पर वह उसके साथ जाने को तैयार हो गई। रास्ते में आरोपी उसे एक फ्लैट ले गया और घटना को अंजाम दिया।

---

**चिटफंड घोटाले में ईडी का शिकंजा**

# राजस्थान के पूर्व मंत्री सहित आप के कुलवंत के घर रेड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने पीएसीएल चिटफंड घोटाले में राजस्थान के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास के ठिकानों पर छापेमारी की। चर्चित पीएसीएल चिटफंड घोटाले ने देशभर में बड़ी संख्या में निवेशकों को प्रभावित किया था। इसी केस में पंजाब के आप विधायक कुलवंत सिंह के घर और ठिकानों पर भी रेड की गई है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी खाचरियावास की इस स्कीम में कथित भूमिकाओं की जांच कर रही है। उन पर आरोप है कि उनका इस स्कीम से जुड़ाव रहा है और उन्हें इससे लाभ मिला है।



### सरकारें बदलती रहती हैं : खाचरियावास

ईडी की रेड पर कांग्रेस नेता खाचरियावास ने कहा, "सरकारें बदलती रहती हैं, जमाना बदलेगा। जिस दिन राहुल गांधी सत्ता में आएंगे उस दिन क्या होगा। इसका अंदाजा लगा लो। आपने (बीजेपी ने) ये कार्रवाई शुरू की है, हम भी बीजेपी के लोगों के खिलाफ यही करेंगे।

### जांच एजेंसी अपना काम कर रहीं : मंत्री पटेल

कांग्रेस नेता घर ईडी रेड पर राजस्थान सरकार के मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा हम किसी को टारगेट नहीं कर रहे हैं। ईडी एक एजेंसी है। कानून के हिसाब से काम करती है। हम एजेंसी पर कोई दबाव नहीं डालते हैं। ईडी कानूनी कार्रवाई कर रही है। प्रताप सिंह को सहयोग करना चाहिए।

### पंजाब में आप विधायक के घर रेड

केंद्रीय एजेंसी ने राजस्थान के अलावा पंजाब में भी छापेमारी की है और यहां आम आदमी पार्टी के नेता विधायक कुलवंत सिंह के घर सहित उनसे जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की गई है। पंजाब के सबसे अमीर विधायक कहे जाने वाले सिंह छापेमारी के दौरान घर पर नहीं थे, लेकिन उनके परिवार से पूछताछ की गई है।

---

**मदद करने वाले स्थानीय नेताओं की खोज शुरू, 450 गिरफ्तार**

# हिंसा में बांग्लादेशी उपद्रवियों का हाथ, टीएमसी नेताओं ने की मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय के सूत्रों की ओर से मंगलवार को बताया गया है कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा की शुरुआती जांच में बांग्लादेशी बदमाशों के शामिल होने के संकेत मिले हैं। प्रारंभिक जांच से यह भी पता चला है कि बदमाशों को शुरू में स्थानीय नेताओं से मदद मिली, लेकिन बाद में वे बेकाबू हो गए। पुलिस और जांच एजेंसियां ऐसे नेताओं को खोज रहीं हैं जिन्होंने उपद्रवियों को भड़काकर हिंसा को बढ़ावा दिया। इस बीच, गृह मंत्रालय पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और अन्य संवेदनशील जिलों में गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहा है। संवेदनशील स्थानों में बीएसएफ की जवानों को तैनात किया गया है।

### हिंसा भड़काने वाले टीएमसी नेता कौन?

शुरुआती रिपोर्ट से पता चलता है कि इन वारदातों में बांग्लादेशी उपद्रवी शामिल थे, जिन्हें कथित तौर पर सत्ताधारी टीएमसी के लोकल नेताओं का साथ मिला, लेकिन, बाद में वे खुद ही नियंत्रण से बाहर हो गए। जांच एजेंसियां अब ऐसे लोगों की तलाश कर रही है जिन्होंने हिंसा भड़काने में सहयोग किया। बंगाल हिंसा के कारण कई हिंदू परिवार विस्थापित हो गए हैं, जिनमें से कई लोग मालदा भागने को मजबूर हो गए।



### केंद्र ने राज्य सरकार से पूछा सवाल

केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल सरकार से कानून-व्यवस्था को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने भी राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि अगर केंद्रीय बल पहले तैनात किए गए होते, तो हिंसा रोकी जा सकती थी।

### हिंसा में तीन की मौत

वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में हुई हिंसा में एक पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई, कई अन्य घायल हुए। कई हिंदू परिवारों ने अपने घर छोड़ दिए हैं और मालदा जैसे पड़ोसी जिलों में शरण ली है, जिससे सीमा पर नए सिरे से घुसपैठ और सांप्रदायिक तनाव की आशंका बढ़ गई है।

### पिता-पुत्र के हत्यारोपी बॉर्डर से पकड़ाए

वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में 10-12 अप्रैल के बीच हुई हिंसा में पिता-पुत्र की हत्या करने वाले 2 आरोपी पकड़ लिए गए हैं। एक आरोपी बीरभूम और दूसरा बांग्लादेश बॉर्डर से पकड़ा गया है। इनके नाम कालू नदाब और दिलदार नदाब हैं। इन दोनों ने हरगोबिंद दास और चंदन दास की हत्या की थी। बता दें कि गत दिवस हुई हिंसा में पिता-पुत्र सहित 3 लोगों की मौत हुई। लगभग 15 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। 300 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए।

### बंगाल में वक्फ एक्ट लागू नहीं होगा



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ कर दिया है कि वक्फ संशोधन अधिनियम राज्य में लागू नहीं होगा। वहीं, भाजपा ने टीएमसी पर कानून-व्यवस्था विफलता का आरोप लगाया है। विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने हिंसा रोकने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग करते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

---

**सीसीटीवी फुटेट से अपराधियों की तलाश**

# भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव, खिड़कियों के शीशे टूटे

- आरपीएफ ने संभाली जांच
- पथराव में कोई घायल नहीं

**मालदा।** भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की घटना सामने आई है। गनीमत रही कि इस दौरान कोई घायल नहीं हुआ। मालदा डीआरएम मनीष गुप्ता ने बताया कि भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस पर सोमवार को भागलपुर और टिकानी स्टेशनों के बीच स्थित हाटपुरैनी हॉल्ट के पास पथराव की घटना हुई। पथराव के बाद कोच नंबर सी2 (सीट नंबर 53 और 54) की खिड़की का शीशा टूटा हुआ पाया गया। उन्होंने बताया कि पथराव में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अपराधियों की पहचान के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। आरपीएफ अपराधियों की पहचान सुनिश्चित करने और कानून के अनुसार उनसे निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।











Terms and conditions apply. #The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. #The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *The scheme is offered by Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges ( 0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards and HDFC bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** AARANG: V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 8305759763; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Aan Honda (Nehru Nagar) - 9584378238, 9826635600; Aan Honda (Powerhouse) - 9584378238, 9826635600; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONGARGARH: Gagan Honda - 9806869214; DURG: Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda- 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto -7389320271; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; GURUR: Baba Honda - 9827936712; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457, 7587341845; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; NAGRI: Nahta Honda- 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932, 9406453860, PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com